दैनिक

डिजिटल राष्ट्रीय डेली न्यूज़ पेपर दैनिक लोकतंत्र की आवाज़ बिहार से प्रकाशित सम्पूर्ण बिहार, झारखंड, उत्तर प्रदेश मे प्रसारित!

Digital Daily News Paper

# लोकतंत्र की आवाज

● नवादा से प्रकाशित ● नवादा सोमवार 24 फरवरी 2025 ● वर्ष : 03 अंक : 537



## संक्षिप्त खबरें ।

### बिहार को 11 साल में क्या मिला? पीएम मोदी के दौरे से पहले राजद ने मांगा जवाब




**लोक तंत्र की आवाज़**

**पटना।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सोमवार (24 फरवरी) को बिहार के भागलपुर में होंगे. जहां वे किसान सम्मान जनसभा को संबोधित करेंगे, जिसके लिए तैयारियां जोरों पर चल रही हैं. इससे पहले आरजेडी ने पीएम मोदी और केंद्र सरकार पर जोरदार हमला बोला है और कुछ सवाल पूछे हैं. पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता अरुण कुमार यादव ने बयान जारी कर पीएम मोदी से बिहार की जनता से किए गए वादों का हिसाब मांगा है।

***सवाल– बिहार में एयरपोर्ट और उद्योग के वादे पूरे क्यों नहीं हुए?***

अरुण कुमार यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पिछले 11 सालों से देश के प्रधानमंत्री हैं. लेकिन बिहार को विशेष राज्य का दर्जा, प्रति वर्ष 20 करोड़ रोजगार, बिहार को विशेष पैकेज, 2022 तक किसानों की आय दोगुनी करना, महंगाई पर नियंत्रण जैसे वादे अभी तक अधूरे हैं. उन्होंने सवाल उठाया कि भागलपुर, पूर्णिया और मुजफ्फरपुर से हवाई जहाज उड़ाने का वादा अब तक क्यों पूरा नहीं हुआ? बिहार में उद्योग लगाने का वादा भी क्यों पूरा नहीं हुआ?

***सवाल– एनडीए सरकार आरक्षण के खिलाफ है?***

आरजेडी प्रवक्ता ने कहा कि बिहार में 17 महीने की महागठबंधन सरकार के दौरान तेजस्वी यादव ने आरक्षण की सीमा को बढ़ाकर 90% कर दिया था और इसे संविधान की 19वीं अनुसूची में शामिल करने के लिए केंद्र सरकार को प्रस्ताव भेजा था. लेकिन केंद्र सरकार ने इसे 19वीं अनुसूची में शामिल क्यों नहीं किया? क्या केंद्र की एनडीए सरकार आरक्षण के खिलाफ है?

***सवाल– बिहार को क्या दिया ?***

आरजेडी प्रवक्ता ने कहा कि 2019 में एनडीए को 39 और 2024 में 30 सांसद देने वाले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 11 साल में बिहार के लिए क्या किया. क्या बिहार और बिहारवासी जानना चाहते हैं? हमें उम्मीद है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बाकी बातों को छोड़कर अपने भाषण में हमें बताएंगे।

### ट्रंप ने बाइडेन प्रशासन पर फिर साधा निशाना, भारत पर लगाया अमेरिका का फायदा उठाने का आरोप



**लोक तंत्र की आवाज़**

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने पूर्ववर्ती बाइडेन प्रशासन पर निशाना साधते हुए कहा कि उसने भारत को उसके चुनाव में मदद के लिए 1.8 करोड़ अमेरिकी डॉलर की धनराशि आवंटित की जबकि भारत को इसकी जरूरत नहीं है। ट्रंप ने कंजर्वेटिव पॉलिटिकल एक्शन कॉन्फ्रेंस में अपने भाषण के दौरान यह टिप्पणी की। उन्होंने पहले भी कई बार दावा किया है कि 'चुनावों में मतदाताओं की भागीदारी बढ़ाने' के लिए भारत को 2.1 करोड़ अमेरिकी डॉलर की वित्तीय मदद दी गई और उन्होंने इसके लिए अमेरिका की अंतरराष्ट्रीय विकास एजेंसी पर निशाना साधा है। ट्रंप के इस दावे के बाद से भारत में विवाद पैदा हो गया है। अपने भाषण में ट्रंप ने भारत पर अमेरिका का फायदा उठाने का भी आरोप लगाया। उन्होंने कहा, 'भारत को उसके चुनावों में मदद के लिए 1.8 करोड़ डॉलर दिए गए। आखिर क्यों?' ट्रंप ने कहा, ''हम भारत को चुनावों के लिए पैसे दे रहे हैं। उन्हें पैसे की जरूरत नहीं है।'' उन्होंने कहा, ''वो हमारा बहुत फायदा उठाते हैं। वो दुनिया में सबसे अधिक कर लगाने वाले देशों में से एक हैं, वो 200 प्रतिशत (कर) लगाते हैं और फिर हम उन्हें उनके चुनाव में मदद करने के लिए बहुत सारा पैसा दे रहे हैं। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने शनिवार को कहा था कि ट्रंप प्रशासन की ओर से दी गई जानकारी चिंताजनक है ।

## बागेश्वर धाम पहुंचे पीएम मोदी ने धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री को दी बधाई

**लोक तंत्र की आवाज़**

**छतरपुर।** पीएम नरेंद्र मोदी ने छतरपुर में बागेश्वर धाम मेडिकल एंड साइंस रिसर्च इंस्टीट्यूट फॉर कैंसर की आधारशिला रखने के बाद एक सार्वजनिक बैठक को संबोधित किया। उन्होंने कहा, 'बहुत कम समय में वीरों की भूमि बुंदेलखण्ड में दूसरी बार आने का सौभाग्य मिला है और इस बार बालाजी का बुलावा आया है। ये हनुमान जी की कृपा है कि आस्था का ये केंद्र अब आरोग्य का केंद्र भी बनने जा रहा है। मैंने अभी यहां श्री बागेश्वर धाम मेडिकल साइंस एंड रिसर्च इंस्टीट्यूट का भूमि पूजन किया है। ये इंस्टीट्यूट दस एकड़ जमीन पर बनेगा। पहले चरण में ही सौ बेड की सुविधा तैयार हो जाएगी। इसमें मैं धीरेंद्र शास्त्री को इस नेक काम के लिए बधाई देता हूं और बुन्देलखंड की जनता को बधाई देता हूं।'

**ऐसे नेताओं का एक समूह है जो धर्म का मजाक उड़ाते हैंः पीएम :** पीएम मोदी ने कहा, 'आजकल हम देखते हैं कि ऐसे नेताओं का एक समूह है जो धर्म का मजाक उड़ाते हैं, उसका उपहास उड़ाते हैं, लोगों को बांटने में लगे हुए हैं और कई बार विदेशी ताकतें भी इन लोगों का समर्थन करके देश और धर्म को कमजोर करने की कोशिश करती हैं। जो लोग हिंदू आस्था से नफरत करते हैं वे सदियों से किसी न किसी चरण में रहते हैं।

पीएम मोदी ने कहा, 'जो लोग गुलामी की मानसिकता में पड़ गए हैं वे हमारी आस्था, मान्यताओं और मंदिरों, हमारे धर्म, संस्कृति और सिद्धांतों पर हमला करते रहते हैं। ये लोग हमारे त्योहारों, परंपराओं और रीति–रिवाजों का दुरुपयोग करते हैं। जो धर्म और संस्कृति प्रगतिशील है, उस पर हमला करने का साहस करते हैं।'



**बागेश्वर धाम में आपको भजन, भोजन और स्वस्थ जीवन का आशीर्वाद मिलेगाः** पीएम ने कहा कि हमारे समाज को बांटना और उसकी एकता को तोड़ना उनका एजेंडा है। धीरेंद्र शास्त्री लंबे समय से देश में एकता के मंत्र से लोगों को अवगत करा रहे हैं। अब उन्होंने इस कैंसर संस्थान के निर्माण की योजना बनाई है। यानी अब यहां बागेश्वर धाम में आपको भजन, भोजन और स्वस्थ जीवन का आशीर्वाद मिलेगा।

पीएम मोदी ने कहा कि आज कल हम देख रहे हैं कि महाकुंभ की हर तरफ चर्चा हो रही है। महाकुंभ अब पूर्णता की ओर है। अब तक करोड़ों लोग वहां पहुंच चुके हैं। करोड़ों लोगों ने आस्था की डुबकी लगाई है, संतों के दर्शन किए हैं। अगर इस महाकुंभ की तरफ नजर करें तो सहज भाव उठ जाता है– ये एकता का महाकुंभ है।

### ये एकता का महाकुंभ है

पीएम मोदी ने कहा कि हमारे मंदिर, हमारे मठ, हमारे धाम, ये एक ओर पूजन और साधन के केंद्र रहे हैं, तो दूसरी ओर विज्ञान और सामाजिक चेतना के भी केंद्र रहे हैं। हमारे ऋषियों ने ही हमें आयुर्वेद का विज्ञान दिया। हमारे ऋषियों ने ही हमें योग का वो विज्ञान दिया, जिसका परचम आज पूरी दुनिया में लहरा रहा है। उन्होंने कहा, 'इस साल के बजट में कैंसर से लड़ने के लिए कई घोषणाएं की गई हैं, और मोदी ने फैसला किया है कि कैंसर की दवाइयां सस्ती की जाएंगी।

## सीएम नीतीश के बेटे निशांत के राजनीति में आने पर क्या बोले तेजस्वी यादव?

**लोक तंत्र की आवाज़**



**पटना।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के बेटे निशांत कुमार राजनीति में आएंगे या नहीं, इसको लेकर बिहार की राजनीति पूरी तरह से गर्म है. एक ओर जहां जदयू के नेता लगातार यह बयान दे रहे हैं कि इसका अंतिम फैसला नीतीश कुमार करेंगे, वहीं एनडीए के धड़े के नेता निशांत के स्वागत को आतुर दिख रहे हैं. इस क्रम में केंद्रीय मत्री जीतन राम मांझी ने एक ट्वीट कर निशांत का राजनीति में स्वागत करने की बात भी कही है.वहीं, अब विपक्ष की ओर से भी निशांत कुमार का स्वागत करने को लेकर बयान दिए जा रहे हैं.बिहार विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने इस पर बहुत बड़ा बयान देते हुए कहा है कि निशांत कुमार अगर राजनीति में आएंगे तो वह इसा स्वागत करेंगे. तेजस्वी यादव ने निशांत को अपना भाई भी बताया।

तेजस्वी यादव ने पटना में पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि निशांत मेरे भाई हैं, हम तो चाहेंगे कि वह जल्दी ही घर भी बसा लें. निशांत को यह सोचना होगा कि जो लोग आज उनके पिताजी नीतीश कुमार जी के साथ हैं, वह पार्टी खत्म कर रहे हैं. शरद जी की बनाई पार्टी को भाजपा और आएसएस के लोग हाईजैक करना चाहते हैं.बता दें कि हाल में ही तेजस्वी यादव लगातार सीएम नीतीश कुमार के स्वास्थ्य को लेकर निशाना साध रहे हैं और उन्हें टायर्ड और रिटायर्ड बता रहे हैं. इसी कड़ी में शुक्रवार को निशांत कुमार ने भी मीडिया से बात की और अपने पिता नीतीश कुमार को पूरी तरह से स्वस्थ बताया था।

**निशांत कुमार ने पिता नीतीश कुमार के स्वास्थ्य पर दिया था बयानः** बता दें कि पटना एयरपोर्ट पर शुक्रवार को पत्रकारों के सवालों का जवाब देते हुए निशांत कुमार ने एक बार फिर से बिहार की जनता से अपील की थी कि सीएम नीतीश कुमार एक बार फिर जिताएं. निशांत ने कहा कि उनके पिता ने बीते 19 वर्षों में बिहार का काफी विकास किया है, इसलिए उन्हें एक बार फिर से मुख्यमंत्री बनाए और सेवा करने का अवसर दे. विपक्ष के द्वारा लगातार यह कहने के नीतीश कुमार अस्वस्थ हैं, इस पर भी निशांत कुमार ने साफ कहा कि उनके पिता नीतीश कुमार पूरी तरह से स्वस्थ्य हैं और उनको जिस तरह से आपने जिताया है, इस बार फिर से उनको जिताइये और मुख्यमंत्री बनाइये. वहीं राजनीति में आने के सवाल को उन्होंने टाल दिया था।

**तेजस्वी लगातार सीएम नीतीश कुमार के स्वास्थ्य पर निशाना साध रहेः** वहीं, तेजस्वी यादव लगातार नीतीश कुमार के स्वास्थ्य को निशाना बना रहे हैं और अब तो पिता लालू प्रसाद यादव को सीएम नीतीश से अधिक फिट बता दिया है. तेजस्वी यादव ने अपने पिता लालू प्रसाद यादव को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से अधिक फिट बताते हुए कहा कि लालू जी ने सामाजिक न्याय किया है. लालू जी ने रेलवे को 90, 000 करोड़ का मुनाफा दिलाया था और केंद्र से अच्छा पैकेज बिहार को दिलवाया था. लालू जी ने जो काम किया वह आज तक किसी ने नहीं किया. हालांकि इस दौरान उन्होंने चिराग पासवान को अपने निशाने पर लिया और कहा कि पहले वह मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को प्रेस कांफ्रेंस करके गाली देते थे।

### तेजस्वी यादव ने पीएम मोदी के बिहार दौरे पर तंज कसा

तेजस्वी यादव ने आगामी 24 फरवरी को बिहार पहुंच रहे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को लेकर भी बयान दिया है. उन्होंने कहादिल्ली चुनाव खत्म होने के बाद नेता कूद–कूद बिहार आएंगे.इन्हें बिहार के लोगों से मतलब नहीं है, मतलब सत्ता पर काबिज कैसे रहे बस इतना ही ध्यान है.पीएम मोदी बिहार को कोई फैक्ट्री देने नहीं आ रहे और न तो बेरोजगारी खत्म रहे हैं. सिर्फ और सिर्फ अपने स्वार्थ के लिए आ रहे हैं.बता दें कि आगामी 24 फरवरी को भागलपु आ रहे हैं।

## जो चाहेंगे, वो मिलेगा, सीट बंटवारे को लेकर कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अखिलेश सिंह का बड़ा दावा



**लोक तंत्र की आवाज़**

**पटना।** बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर सभी दलों ने तैयारियां शुरू कर दी हैं. कांग्रेस भी आगामी विधानसभा चुनाव को मजबूती से लड़ने का मन बनाए हुए है. इसी को लेकर कांग्रेस के बड़े नेताओं का दौरा बिहार में शुरू हो गया है. कांग्रेस के बिहार प्रदेश अध्यक्ष अखिलेश प्रसाद सिंह ने शनिवार को कहा कि पिछले विधानसभा चुनाव में मोतिहारी में कांग्रेस को अपेक्षित परिणाम नहीं मिला था. आगामी चुनाव में यहां से विधानसभा में प्रतिनिधित्व बढ़ना चाहिए।

कांग्रेस नेता ने कहा कि पार्टी आगामी विधानसभा चुनाव मजबूती से लड़ेगी. पिछले 15 दिनों के अंदर राहुल गांधी दो बार बिहार आ चुके हैं. अब पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे भी बिहार आने वाले हैं. उन्होंने महागठबंधन में सीट बंटवारे को लेकर कहा कि कांग्रेस जो सीटें चाहती हैं, वह मिलेंगी. यह मैं जानता हूं।मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के बेटे निशांत के राजनीति में आने की चर्चा को लेकर कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अखिलेश सिंह ने कहा कि अभी तो वे आए ही नहीं हैं, उनकी परीक्षा बाकी है. वैसे उनके आने से महागठबंधन को कोई फर्क नहीं पड़ने वाला है. यह लोकतंत्र है और कोई भी राजनीति में आ सकता है. उन्होंने यह भी कहा कि जिस तरह से पिछले पांच साल बिहार में सरकार चली है, उससे कोई खुश नहीं है।

खास बात यह है कि प्रदेश कांग्रेस के प्रभारी कृष्णा अल्लावरु भी गुरुवार को बिहार पहुंचे थे. उन्होंने कहा था कि लड़ाई छोटी हो या बड़ी हो, लड़ाई जीतने के लिए लड़ी जानी चाहिए. बिहार में कांग्रेस भी लड़ाई लड़ेगी और न केवल जीतने के लिए लड़ेगी बल्कि जीतेगी भी. अल्लावरु बिहार कांग्रेस प्रभारी नियुक्त होने का बाद पहली बार पटना पहुंचे थे. इसके बाद महिला कांग्रेस की राष्ट्रीय अध्यक्ष अलका लांबा भी बिहार की राजधानी पटना पहुंची थी।

## विधानसभा चुनाव की तैयारी में अभी से जुटी कांग्रेस

**लोक तंत्र की आवाज़**

**लखनऊ।** दिल्ली के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस ने अकेले दम पर जिस तरह अपनी ताकत आजमाई, उसी तरह प्रदेश में पार्टी बिना बैसाखी के खड़े होने का प्रयास करेगी।

दिल्ली चुनाव में सपा ने आप (आम आदमी पार्टी) का सहयोग कर जिस तरह कांग्रेस पर दबाव बनाने का प्रयास किया, उसके पलटवार में कांग्रेस मुस्लिम समुदाय की हितैशी बनकर साइकिल की हवा निकालने की कोशिश करेगी।

**रणनीति को और धार देगी पार्टीः** कुशीनगर के हाटा स्थित मदनी मस्जिद में बुलडोजर चलाए जाने के बाद जिस तरह कांग्रेस अल्पसंख्यक वर्ग के समर्थन में खुलकर खड़ी हुई और सहयोगी दल सपा के नगर पंचायत अध्यक्ष की भूमिका पर सवाल खड़े किए, उससे साफ है कि पार्टी आगे इस रणनीति को और धार देगी।

**दोनों दलों के बीच बढ़ेगी खींचतानः** दोनों दलों के बीच आगे खींचतान और बढ़ेगी। कांग्रेस की दूसरी नजर वंचित समाज पर है। इस एजेंडे को पूरा करने के लिए पार्टी नई प्रदेश कार्यकारिणी दलित–मुस्लिम के साथ पिछड़ों की भागीदारी बढ़ाने की तैयारी में है। सभी वर्गों को हिस्सेदारी देने के लिए कार्यकारिणी का स्वरूप भी बड़ा होगा।

**विधानसभा चुनाव की तैयारी में जुटी कांग्रेस :** कांग्रेस विधानसभा चुनाव की तैयारी में अभी से जुट गई है। प्रदेश कार्यकारिणी से लेकर जिला–शहर व ब्लाक स्तर तक नई कमेटियों का गठन होना है। कांग्रेस ने रणनीति के तहत बसपा पर भी हमला तेज किया है। राहुल गांधी ने रायबरेली में बसपा सुप्रीमो मायावती के दलित समाज के लिए गए कार्यों की प्रशंसा करते हुए लोकसभा चुनाव में विपक्षी गठबंधन का हिस्सा न बनने को लेकर आलोचना भी की।

### मुस्लिम समुदाय की हितैशी बनेगी राहुल गांधी की पार्टी



**अपनी राह तय करने का प्रयास करेगी कांग्रेसः** इससे साफ है कि कांग्रेस अपने पुराने वोटबैंक को लुभाने की जुगत में तो है पर मायावती पर सीधा हमला बोलकर खास वर्ग को नाराज भी नहीं करना चाहती। राहुल ने संगठन को हर स्तर पर सक्रिय किए जाने का संदेश भी दिया। कांग्रेस अगले विधानसभा चुनाव में छोटे दलों को साथ मिलाकर अपनी राह तय करने का प्रयास करेगी।

**200 से अधिक होंगे पदाधिकारीः** पार्टी सूत्रों के अनुसार इस बार प्रदेश कार्यकारिणी में 200 से अधिक पदाधिकारी होंगे। इनमें लगभग 20 उपाध्यक्ष, 40 महासचिव व 140 से अधिक सचिव होंगे। पार्टी महासचिव व सचिव को जिलों के बजाए विधानसभा वार जिम्मेदारी देने की तैयारी है। जिससे वह बूथ स्तर तक अपनी गतिविधियों को बढ़ा सके।

**नामों की सूची तैयारः** प्रदेश, जिला व शहर कमेटियों के पुनर्गठन के लिए नामों की सूची तैयार कर ली गई है। प्रदेश अध्यक्ष अजय राय महाशिवरात्रि के बाद सूची लेकर दिल्ली जाएंगे, जहां प्रदेश प्रभारी अविनाश पांडेय से विमर्श के बाद सूची केंद्रीय नेतृत्व को सौंपी जाएगी। होली तक नई कार्यकारिणी घोषित हो सकती है। पिछली प्रदेश कार्यकारिणी का गठन नवंबर 2023 में हुआ था, जिसमें 16 उपाध्यक्ष, 38 महासचिव व 76 सचिव शामिल थे।

## संजय झा जी याद रखिए मैं पप्पू यादव हूं...', पूर्णिया सांसद ने राज्यसभा सांसद को दी खुली धमकी

**लोक तंत्र की आवाज़**

**नई दिल्ली।** पूर्णिया सांसद पप्पू यादव ने जदयू राज्यसभा संजय झा को खुली चुनौती दी है. उन्होंने जदयू के कार्यकारी अध्यक्ष संजय झा को सीधे चेतावनी दे दिया. पप्पू यादव ने कहा कि संजय झा जी आप याद रखिए मैं भी पप्पू यादव हूं, आपको जितनी ताकत लगाना है आप लगा लीजिए. उन्होंने कहा कि संजय झा आप राजनीति करते हैं आप सहरसा का एम्स लेकर दरभंगा चले गए, दरभंगा को एम्स मिलना चाहिए, लेकिन आप सहरसा का एम्स लेकर अच्छा नहीं किया।



नीतीश कुमार को लेकर पप्पू यादव ने बड़ा बयान दिया. उन्होंने कहा कि नीतीश कुमार को इन लोगों को मारना है, नीतीश कुमार को खत्म करना है और उसमें जदयू के कुछ विभीषण लोग भी मिले हुए हैं. नीतीश कुमार के बेटे के राजनीति पर आने पर पप्पू यादव ने कहा कि बिल्कुल आना चाहिए उनका स्वागत है, उनको पहले ही राजनीति में आना चाहिए उन्होंने लेट कर दिया. नीतीश के बेटे आएंगे तो जदयू विभीषण से बचेगा और उनका नेतृत्व करना चाहिए।

पप्पू यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री के दौरे से क्या होगा? प्रधानमंत्री बताइए की विशेष राज्य के दर्जे का क्या हुआ? फैक्ट्री का क्या हुआ? जमालपुर रेलवे फैक्ट्री का क्या हुआ? विशेष पैकेज क्या हुआ? रक्सौल एयरपोर्ट का क्या हुआ? मुजफ्फरपुर का क्या हुआ? दूध फैक्ट्री का क्या हुआ? प्रधानमंत्री आ रहे हैं या नाटक करने के लिए, जुट मिल का क्या हुआ? बंद पड़े सिगरेट फैक्ट्री मुंगेर का क्या हुआ? सब कुछ छीन लिया है आप सियासत करने आ रहे हैं।

कांग्रेस नेताओं के बिहार दौरे पर पप्पू यादव ने कहा कि कांग्रेस को मजबूत करेंगे. कांग्रेस बिहार में बड़े भाई के तौर पर चुनाव लड़ेगी. महागठबंधन को हम लोग मजबूत करेंगे. उन्होंने कि कांग्रेस किसी के कॉस्ट पर चुनाव नहीं लड़ेगी।

## प्रधानमंत्री पीएम मोदी की कुर्सी संभालेगा ये हिंदू नेता, राष्ट्रपति बनेंगे, आईटी बाबा ने की ऐसी भविष्यवाणी, विपक्ष में हड़कंप

**लोक तंत्र की आवाज़**

**प्रयागराज।** महाकुंभ से वायरल हुए आईआईटी बाबा अभय सिंह अब खुद एक स्टार बन गए हैं। उनकी भविष्यवाणियों की खूब चर्चा हो रही है। उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी और सीएम योगी को लेकर भी बड़ी भविष्यवाणी की है। उन्होंने बताया कि आने वाले भविष्य में पीएम मोदी और सीएम योगी किस पद पर बैठेंगे। इतना ही नहीं आईआईटी बाबा ने अगले विश्वयुद्ध को लेकर भी भविष्यवाणी कर दी है। उन्होंने कहा कि इस साल के अंत यानी कि 2025 के अंत में वर्ल्ड वॉर होगा।



**कौन बनेगा पीएम?ः** पीएम के सवाल पर आईआईटी बाबा ने कहा कि आने वाले समय में उत्तर प्रदेश के सीएम योगी आदित्यनाथ देश के अगले पीएम बनेंगे। इतना ही नहीं उन्होंने पीएम मोदी के बारे में कहा कि पीएम आने वाले समय राष्ट्रपति का पद संभालेंगे। हालांकि यह पहली बार नहीं है जब किसी ने सीएम योगी के प्रधानमंत्री बनने की बात कही है। कई लोग इससे पहले भी इस तरह की बात कह चुके हैं। ऐसी बातों को सुनकर लगता है अभी विपक्ष के जीतने आसार नहीं हैं। आपको बता दें बागेश्वर बाबा ने भारत–पाकिस्तान के बीच होने वाले आईसीसी टूर्नामेंट में पाकिस्तान के जीतने की भी भविष्यवाणी कर दी है।

**स्वामी चिन्मयानंद ने क्या कहाः** इससे पहले भाजपा नेता और पूर्व गृह राज्यमंत्री स्वामी चिन्मयानंद ने भी इस तरह की बात कही थी। उन्होंने कहा था कि 2029 में हिंदुओं का लाडला भारत का प्रधानमंत्री होगा। हालांकि उन्होंने योगी आदित्यनाथ के अलावा महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस और असम के सीएम हिमंत बिस्व सरमा का नाम भी लिया था, लेकिन हकीकत में उनका इशारा सीएम योगी की ओर ही था। उन्होंने यूपी चुनाव 2027 के बारे में कहा कि इस चुनाव के बाद भी यूपी में योगी का नेतृत्व कायम रहेगा।

## पाकिस्तान की करकके लिए खतरे की घंटी, बांग्लादेश में जिहादी प्लान हो सकता है फेल, ट्रंप के तेवर ने बढ़ाई जिन्ना के देश की टेंशन

**लोक तंत्र की आवाज़**

**वॉशिंगटन।** पाकिस्तान की सेना लंबे समय से अमेरिका के साथ डबल गेम खेलती रही है। एक तरफ वह आतंकवाद से लड़ाई के नाम पर पाकिस्तान के अंदर अमेरिका से अरबों डॉलर आते रहे, दूसरी तरफ पाकिस्तानी सेना की खुफिया एजेंसी आईएसआई उसी पैसे से आतंकी गुटों को पालती रही, जो अमेरिका के ही खिलाफ लड़ते रहे। लेकिन अब आईएसआई के ऐसा करने के दिन लद गए हैं, क्योंकि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप उसकी रग–रग से वाकिफ हो चुके हैं।

पाकिस्तान की आईएसआई लंबे समय में दक्षिण एशिया में अस्थिरता फैलाने में शामिल रही है। अफगानिस्तान से लेकर भारत तक यह जिहादी नेटवर्क को समर्थन देती रही है और अब इसने भारत के पूर्वी पड़ोसी बांग्लादेश में अपना खेल चला रखा है। अब तक अमेरिकी प्रशासन ने पाकिस्तान के दोमुंहेपन को बर्दाश्त किया है, लेकिन ट्रंप का दूसरा कार्यकाल आईएसआई के लिए खतरे की तरह है।




**ट्रंप को ऐक्शन लेने में यकीनः** पिछले अमेरिकी राष्ट्रपतियों की तरह डोनाल्ड ट्रंप लंबे समय तक चलने वाली वार्ता में यकीन नहीं करते हैं। वह जल्द नतीजा चाहते हैं। वे तनाव बढ़ने के डर से हिचकिचाते नहीं हैं। पिछले कार्यकाल के आखिर में उन्होंने जब ईरान के सबसे शक्तिशाली जनरल कासिम सुलेमानी को ड्रोन हमले में मारने का आदेश दिया, तो यह केवल तेहरान के बारे में नहीं था। यह वैश्विक संदेश था। इसने दुनिया भर की खुफिया एजेंसियों को हैरान कर दिया। पाकिस्तान की आईएसआई को इससे डरने की जरूरत है, जो दशकों से अलकायदा चीफ ओसामा बिन लादेन से लेकर तालिबान नेतृत्व तक आतंकवादियों को पनाम देने के लिए कुख्यात है। अगर ट्रंप बांग्लादेश में आईएसआई की गतिविधियों को क्षेत्रीय स्थिरता और खतरे के रूप में देखते हैं, तो कोई शक नहीं के वे बलपूर्वक कार्रवाई से नहीं हिचकेंगे। खासकर जब वे बांग्लादेश में कट्टरपंथियों का जिक्र कर चुके हैं।

## संक्षिप्त खबरें ।

### एस एन सिन्हा कॉलेज के रात्रि प्रहरी की सड़क हादसे में मौत, पसरा मातम



लोकतंत्र की आवाज

वारिसलीगंज (नवादा) (अभय कुमार रंजन):–वारिसलीगंज–खरांठ पथ पर स्थित दरियापुर राजकीय बुनियादी विद्यालय दरियापुर के समीप शनिवार की देर शाम भीषण सड़क हादसे में एक अधेड़ व्यक्ति की मौत घटनास्थल पर ही हो गयी।जानकारी के अनुसार, थाना क्षेत्र के राजापुर गांव निवासी स्वर्गीय बालेश्वर महतो के 45 वर्षीय पुत्र कैलाश प्रसाद अपने गांव राजापुर से बाइक से वारिसलीगंज स्थित एसएन सिन्हा कॉलेज में रात्रि प्रहरी की ड्यूटी करने जा रहा था।इस दौरान वारिसलीगंज–खरांठ पथ पर स्थित राजकीय बुनियादी स्कूल दरियापुर के समीप भीषण सड़क दुर्घटना हो गयी। जानकारी के अनुसार लोगों ने बताया कि तेज गति में आ रहे हैं एक हाईवा ने कैलाश को बुरी तरह से कुचल दिया।इसमें कैलाश प्रसाद की मौत घटनास्थल पर ही हो गयी।दुर्घटना ऐसी की कैलाश प्रसाद का शरीर बुरी तरह कुचल दिया।इससे कैलाश का शव को पहचानना मुश्किल हो रहा था।सूचना के बाद राजापुर गांव व आसपास के लोग घटनास्थल पर पहुंचे, तब जाकर कैलाश के शव की शिनाख्त हो पायी।कैलाश के शव की शिनाख्त होते ही मृतक के ग्रामीण व आसपास गांव के काफी संख्या में लोग घटनास्थल पर पहुंच गये हैं।इधर, सड़क दुर्घटना की सूचना पर स्थानीय पुलिस भी घटनास्थल पर पहुंची और घटना की जांच में जुट गयी।असमय कैलाश की मौत से पत्नी निर्मला देवी व अन्य परिजनों का रो–रोकर बुरा हाल है।वहीं गांव में मातम का माहौल है।

### 180 लीटर देसी महुआ शराब के साथ दो बाइक जप्त, धंधेबाज फरार

रजौली : रविवार की सुबह गुप्त सूचना के आधार पर रजौली थाना क्षेत्र के महियारा गांव के पास से रजौली पुलिस ने देसी शराब को बरामद किया।साथ ही दो बाइक को भी जप्त कर लिया।थानाध्यक्ष राजेश कुमार ने बताया कि रविवार की सुबह गुप्त सूचना मिली थी कि रजौली थाना क्षेत्र के महियारा गांव के पास से दो बाइक पर लदे 180 लीटर देसी महुआ शराब को शराब धंधेबाजों के द्वारा कहीं दूसरे स्थान पर ले जाया जा रहा है।गुप्त सूचना के आधार पर त्वरित कार्रवाई करते हुए रजौली पुलिस ने 180 लीटर देसी महुआ शराब के साथ दो बाइक को जप्त कर लिया।हालांकि पुलिस को देखते ही दोनों शराब धंधेबाज भागने में सफल रहे।जप्त की गई दोनों बाइक को रजौली थाने में लगा दिया गया है।थानाध्यक्ष ने बताया कि भागने वाले दोनों शराब धंधेबाजों को चिन्हित कर अग्रेतर कार्रवाई की जाएगी।

### गोह पुलिस ने 41.3 लीटर विदेशी शराब किया जब्त,



अनुमंडल संवाददाता गौतम कुमार, गोह (औरंगाबाद) होली पर्व को लेकर थाना क्षेत्र में शराब की बिक्री धड़ल्ले से फल–फूल रही है। तो वहीं शराब तस्करों के मंसूबों पर पानी फेरते हुए गोह पुलिस ने थाना क्षेत्र में छापेमारी अभियान तेज कर दी है। शनिवार की देर रात गोह पुलिस ने थाना क्षेत्र के तुलसी बिगहा गांव में छापेमारी कर भारी मात्रा में अंग्रेजी शराब बरामद किया है। थानाध्यक्ष ने बताया कि गुप्त सूचना पर तुलसी बिगहा गांव से बाहर सरसों के खेत से प्लास्टिक की बोरी में छिपाकर रखा 500 एमएल का 16 केन बियर, 750 एम एल का इंपीरियल ब्लू 12 एवं 180 एमएल का 10 बोतल, 750 एमएल का ब्लैक डायमंड 15 बोतल एवं 750 एमएल का ओल्ड मौंक एक्स रम 15 बोतल विदेशी शराब जब्त कर थाना लाया गया है। वहीं शराब तस्कर पुलिस की भनक लगते ही भागने में सफल रहा। इस मामले में पुअनि कृष्ण कुमार के बयान पर कांड संख्या 62/25 दर्ज किया गया है। शराब तस्कर तुलसी बिगहा गांव निवासी प्रेम कुमार की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही है।

# नवादा : प्रोजेक्ट अमृत के अंतर्गत 'स्वच्छ जल, स्वच्छ मन' परियोजना के तीसरे चरण का आयोजन

## जल निकायों को संरक्षित करने के विकल्पों के विषय में जनमानस को करेंगे जागृत : मदन शर्मा

लोक तंत्र कीआवाज

**सुनील कुमार**

**नवादा ।** सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज एवं निरंकारी राजपिता रमित जी के पावन सान्निध्य में हिसुआ, नरहट और मेसकौर के संत निरंकारी मण्डल द्वारा प्रत्येक वर्ष के भांति इस वर्ष भी बाबा हरदेव सिंह जी महाराज की प्रेरणादायक शिक्षाओं को करने के उद्देश्य से प्रोजेक्ट अमृत के अंतर्गत 'स्वच्छ जल, स्वच्छ मन' परियोजना के तीसरे चरण का आयोजन कर झिकरुआ स्थित तालाब परिसर एवं तालाब के जल की समुचित साफसफाई की गई। इस दरम्यान सेवादल के सैकड़ों भाई – बहनों ने श्रमदान कर अभियान को सफल बनाया। सेवादल द्वारा झिकरुआ मंदिर स्थित तालाब परिसर एवं तालाब के अंदर की सारी गंदगी को साफ किया और दर्जनों ट्रैक्टरों पर गंदगी व विसर्जन किए गए अवशेष को निकालकर डंप स्थल पर फेंका गया। हिसुआ निरंकारी मंडल के मुखी मदन शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि 'स्वच्छ जल, स्वच्छ मन' के आदर्श वाक्य से प्रेरणा लेते हुए यह परियोजना समूचे भारतवर्ष के लगभग 1500 से भी अधिक स्थानों के 900 शहरों के 27 राज्यों और केन्द्रशासित प्रदेशों में एक

**तालाब परिसर एवं तालाब के जल की समुचित साफसफाई की गई**



साथ आयोजित की जा रही है । इस अभियान का मुख्य उद्देश्य जल निकायों को संरक्षित करने के विकल्पों के विषय में जनमानस को जागृत करना है ताकि आने वाली पीढ़ियों को एक स्वस्थ भविष्य दिया जा सके।संत निरंकारी मंडल के संचालक महेश प्रसाद ने कहा बाबा हरदेव सिंह जी महाराज की प्रेरणात्मक शिक्षाओं का अनुसरण करते हुए संत निरंकारी मिशन द्वारा स्वच्छता अभियान के उपलक्ष्य में संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार के सहयोग से 'प्रोजेक्ट अमृत' का आरम्भ वर्ष 2023 में किया था। इस परियोजना का मुख्य उद्देश्य जल निकायों का संरक्षण, उनकी स्वच्छता एवं स्थानीय जनता के बीच 'जागरूकता अभियान' के माध्यम से उन्हें प्रोत्साहित करना है। निरंकारी मिशन के कैशियर दिनेश विश्वकर्मा ने कहा इस परियोजना के अंतर्गत संपूर्ण भारतवर्ष के विभिन्न स्थानों के समुद्री तटों, नदियों, झीलों, तालाबों, कुओं, झरनों इत्यादि जैसे जल निकायों की स्वच्छता पर ध्यान केन्द्रित किया गया और उन स्थलों की सफाई भी की गई। पर्यावरण संरक्षण हेतु चलाये गये इस परियोजना की समाज के हर वर्ग द्वारा प्रशंसा एवं सराहना की गई और यह कार्यक्रम पूर्णतः सफल रहा। विदित है कि संत निरंकारी मिशन सामाजिक एवं कल्याणकारी गतिविधियों में निरंतर अपनी सक्रिय भूमिका निभाते हुए वृक्षारोपण, रक्तदान शिविर, स्वच्छता अभियान, तलासरी बांध परियोजना, वननेस वन, पर्यावरणीय मुद्दों के विषय में जागरूकता इत्यादि जैसी योजनाओं को क्रियान्वित रूप में संचालित कर रहा है। निसंदेह निरंकारी मिशन की ऐसी कल्याणकारी योजनाएं पर्यावरण संरक्षण एवं धरती को सुंदर बनाने हेतु एक प्रशंसनीय एवं सराहनीय कदम है जिस पर चलकर धरती को ओर अधिक स्वच्छ, निर्मल एवं सुंदर बनाया जा सकता है। इस मौके पर हिसुआ मुखी मदन शर्मा, संचालक महेश जी, विजय दास, दिनेश विश्वकर्मा, कैशियर, छोटेलाल जी, जयनंदन जी, उनित महतो, बाबूलाल शर्मा, धनेश्वर राजवंशी, विष्णु प्रसाद, रवि कुमार, महेश कुमार, जे के सिंह, वीरेंद्र कुमार, राधिका देवी, मंजू देवी, सतेंद्र कुमार, अरुण राम, रीता देवी, रेखा शर्मा, नर्मदा देवी, सरोज देवी, इंदु देवी, शारदा देवी, सपना कुमारी, बबीता देवी, लक्ष्मी देवी, नैना कुमारी केशर राजवंशी, सेवादल के सभी भाई एवं बहना ने साफ–सफाई में योगदान दिए।

## दो पक्षों के बीच हुई मारपीट, 11 लोगों पर प्राथमिकी दर्ज



लोकतंत्र की आवाज

**वारिसलीगंज (नवादा) (अभय कुमार रंजन)।** वारिसलीगंज थाना क्षेत्र के मीरचक गांव में दो पक्षों के बीच हुई मारपीट मामले में दोनों ओर से प्राथमिकी दर्ज करायी गयी है, जिसमें कुल 11 लोगों को अभियुक्त बनाया गया है। उक्त गांव निवासी अनिल प्रसाद का पुत्र अखिलेश कुमार उर्फ निरंजज कुमार के द्वारा दर्ज प्राथमिकी में कहा गया कि 19 फरवरी की शाम अपने दोस्त के घर जा रहे थे, तभी गंगा महतो का पुत्र मनोज प्रसाद, सहित छह अन्य लोगों के साथ मिलकर गाली–गलौज करते हुए मारपीट करने लगे। दर्ज प्राथमिकी के अनुसार पीड़ित के पास रहे सोने का लॉकेट तथा 24 हजार कैश छीन लिया। वहीं दूसरी ओर मीरचक ग्रामीण मनोज प्रसाद की पत्नी कुमार अंजू सिन्हा के द्वारा दर्ज करायी गयी प्राथमिकी में कहा गया कि 19 फरवरी की शाम मेरा लड़का विजय शंकर वारिसलीगंज बाजार से बाइक पर सवार होकर घर वापस लौट रहा था, तभी उक्त स्थान पर पूर्व से घात लगाये गांव स्थित मध्य विद्यालय के समीप स्व सतीश प्रसाद का पुत्र समीर रंजन उर्फ बिट्टू व निशांत कुमार उर्फ टोनी, अनिल प्रसाद का पुत्र अखिलेश कुमार तथा घनश्याम प्रसाद का पुत्र आशीष कुमार मेरे बेटे के साथ गाली–गलौज करते हुए अपने बुलेट बाइक से ठोकर मारकर गिरा दिया, उसके बाद उक्त सभी लोग मारपीट करने लगे। इस दौरान मेरे बेटे के गले में रहे सोने की चेन छीन ली। हो हल्ला सुनकर जब मैं वहां पहुंची, तब उक्त लोगों के द्वारा मेरे साथ भी अभद्र व्यवहार करते हुए मेरे गले में सोने की चेन छीन ली। उसके बाद जब मेरे पति वहां बीच बचाव करने पहुंचे तब उनलोगों के द्वारा मेरे पति के साथ भी मारपीट करने लगे। इस संबंध में थानाध्यक्ष इंस्पेक्टर रूपेश कुमार सिन्हा ने बताया कि दोनों ओर से प्राप्त आवेदन तथा साक्ष्य के आधार पर प्राथमिकी दर्ज कर अग्रेतर कार्रवाई की जा रही है।

## मैट्रिक परीक्षार्थियों के बीच मारपीट, दो जख्मी



लोकतंत्र की आवाज

**वारिसलीगंज (नवादा) (अभय कुमार रंजन)।** वारिसलीगंज नगर परिषद के तीन केंद्रों पर चल रही मैट्रिक परीक्षा के पांचवे दिन शनिवार को नगर के एसएन सिन्हा कालेज परीक्षा केंद्र से जुड़े परीक्षार्थियों के दो पक्षों के बीच जमकर मारपीट की घटना घटी।केंद्र पर पहली पाली की परीक्षा समाप्ति के बाद सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर में एक परीक्षार्थी को कुछ बदमाश किस्म के परीक्षार्थियों एवं उसके रिश्तेदार द्वारा मारपीट की गई।जिसमें नरहट थाना अंतर्गत गंगा रामपुर निवासी मंटू कुमार का पुत्र अंकित कुमार जख्मी हो गया। उसका इलाज सीएचसी में कराया गया। हिसुआ थाना के सिंघौली गांव निवासी संतोष चौधरी के पुत्र राजेश कुमार के साथ मारपीट किया गया।

## कौआकोल: जैविक कृषि आधारित उत्पादन प्रदर्शनी सह किसान मेला का आयोजन

### विधायक मोहम्मद कामरान ने वेतन की राशि से बोरिंग कराने का किया घोषणा

लोक तंत्र कीआवाज

**कौआकोल।** नक्सलियों का मांद कहे जाने वाले कौआकोल थाना क्षेत्र के महुडर पंचायत अंतर्गत करमाटांड़ गांव में शनिवार को डी०के०ए० ऑस्ट्रिया की वित्तीय सहायता से ग्राम निर्माण मंडल सर्वोदय आश्रम सोखोदेवरा के बैनर तले जैविक कृषि आधारित उत्पादन प्रदर्शनी सह किसान मेला का आयोजन किया गया। स्थानीय ग्रामीणों के अनुसार इस तरह का भव्य कार्यक्रम क्षेत्र के इतिहास में पहली बार आयोजित किया गया। जिसमें स्थानीय विधायक मोहम्मद कामरान के अलावे कौआकोल बीडीओ डॉ० अखिलेश कुमार, सीओ मनीष कुमार समेत कई प्रशासनिक अधिकारी भी कार्यक्रम में शिरकत किये। ग्राम निर्माण मंडल के प्रधानमंत्री अरविंद कुमार ने बताया कि इस मेले में महुडर एवं पहाड़पुर पंचायत के 200 से अधिक किसानों ने हिस्सा लेकर अपने–अपने खेतों के जैविक फसलों, फलों एवं सब्जियों का प्रदर्शनी लगाया।जिसका विधायक सहित अन्य अधिकारियों ने जोरदार सराहना की। मेले में प्रदर्शनी के आधार पर उत्तम अनाज, फल और सब्जी का चयन समिति के द्वारा किया गया और किसानों को प्रथम, द्वितीय, तृतीय एवं सांत्वना पुरस्कार देकर प्रोत्साहित भी किया गया। साथ ही किसानों को जैविक खेती के तकनीक, उन्नत कृषि उत्पादों और सरकारी योजनाओं के बारे में भी जानकारी दी गई, जिससे की उनकी आय में वृद्धि और कृषि क्षेत्र में सुधार की उम्मीद हो सके। ग्राम निर्माण मंडल के प्रधानमंत्री अरविंद कुमार ने बताया कि इस प्रदर्शनी के साथ ही करमाटांड़ गांव में प्रत्येक शनिवार को हाट लगाने की शुरुआत भी की गई।



वहीं कार्यक्रम में स्थानीय विधायक मोहम्मद कामरान ने क्षेत्र में सिंचाई एवं पेयजल की असुविधा को देखते हुए अपने वेतन से इस इलाके में चार बोरिंग देने का घोषणा किया। तथा आवश्यकता पड़ने पर सामुदायिक भवन भी बनाने का आश्वासन दिया। वहीं उन्होंने इस इलाके के लोगों के लिए प्रत्येक मंगलवार को कौआकोल प्रखंड मुख्यालय तक आने के लिए एक बस की भी सुविधा देने की बात कही। मौके पर कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक अंगद कुमार, ग्राम निर्माण मंडल के डॉ० भारत भूषण शर्मा, सुचिता तिर्की, धीरेंद्र कुमार मन्नू, नरेंद्र प्रसाद, अवधेश कुमार, मनोज कुमार, गूंज से अरुण कुमार उपाध्याय, रामबालक यादव, पूर्व उपसरपंच ब्रहमदेव रविदास, राजद के प्रखण्ड अध्यक्ष कैलाश प्रसाद यादव आदि मौजूद रहे।

# माता पिता की सेवा एवं प्रेम के साथ समाज में रहने की प्रेरणा ही धर्म का मूल है : डॉ राघवेंद्रचार्य जी

लोक तंत्र कीआवाज

**नरहट ।** बेरौटा मां तारा देवी मंदिर परिसर में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के तीसरे दिन भगवान के अवतारों, समुन्द्र मंथन, भक्त प्रह्लाद की कथा को विस्तार पूर्वक सुनाई गई। कथा व्यास डॉ राघवेंद्रचार्य जी महाराज ने कहा कि भक्त प्रह्लाद ने माता कयाधु के गर्भ में ही नारायण नाम का मंत्र सुना था। जिसके सुनने मात्र से भक्त प्रह्लाद के कई कष्ट दूर हो गए थे।इसके उपरांत उन्होंने भगवान श्री कृष्ण की पावन लीलाओं का वर्णन किया। उन्होंने उपस्थित श्रद्धालुओं से कहा कि बच्चों को धर्म का ज्ञान बचपन में दिया जाता है, वह जीवन भर उसका ही स्मरण करता है। ऐसे में बच्चों को धर्म व आध्यात्म का ज्ञान



दिया जाना चाहिए। माता–पिता की सेवा व प्रेम के साथ समाज में रहने की प्रेरणा ही धर्म का मूल है। अच्छे संस्कारों के कारण ही ध्रुव जी को पांच वर्ष की आयु में भगवान का दर्शन प्राप्त हुआ। इसके साथ ही उन्हें 36 हजार वर्ष तक राज्य भोगने का वरदान प्राप्त हुआ था। ऐसी कई मिसालें हैं, जिससे सीख लेने की जरूरत है। व्यास जी महाराज ने भगवान के चौबीस अवतारों की कथा के साथ–साथ समुद्र मंथन की बहुत ही रोचक एवं सारगर्भित कथा सुनाते हुए कहा कि यह संसार भगवान का एक सुंदर बगीचा है। यहां चौरासी लाख योनियों के रूप में भिन्न– भिन्न प्रकार के फूल खिले हुए हैं। जब–जब कोई अपने गलत कर्मो द्वारा इस संसार रूपी भगवान के बगीचे को नुकसान पहुंचाने की चेष्टा करता है तब–तब भगवान इस धरा धाम पर अवतार लेकर सजनों का उद्धार और दुर्जनों का संघार किया करते हैं। सैकड़ों की संख्या में भक्तों ने महाराज जी की कथा का श्रवण किया। इस अवसर पर हारमोनियम पर विजय कुमार और तबला पर तबलावादक भगवान तिवारी अपनी सेवा दे रहे हैं। श्रीमद्भागवत कथा प्रवचन को श्रवण करने के लिए दूर दूर से सैकड़ों लोग आ रहे हैं।

## युवाओं का क्रांतिकारी संगठन ऑल इण्डिया युथ फेडरेशन के गठन की कवायद नवादा में भी शुरू

लोकतंत्र की आवाज

**शम्भु विश्वकर्मा**

**नवादा 23 फ़रवरी ।** अमर शहीद भगत सिंह और चेग्वेरा के क्रांतिकारी सिद्धांतों को जमीन पर उतार कर युवाओं को दीक्षित करने और देश की समस्याओं का हल निकालने के उद्देश्य से रविवार को ऑल इण्डिया युथ फेडरेशन की एक महत्वपूर्ण बैठक वीआईपी कॉलनी स्थित सीपीआई के जिला कार्यालय में संपन्न हुई जिसकी अध्यक्षता सुनील कुमार यादव ने की । बैठक में फेडरेशन के राज्य मंत्री रौशन कुमार बतौर पर्यवेक्षक शामिल हुए और युवा संगठन के औचित्य को विस्तार से समझाया । सीपीआई के जिला मंत्री कॉम . जयनंदन प्रसाद सिंह और किसान सभा के जिला सचिव गोविन्द प्रसाद मेहमान वक्ता के रूप में उपस्थित हुए । मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित जिला मंत्री रौशन कुमार ने कहा कि ऑल इण्डिया युथ फेडरेशन की स्थापना 3 मई



1959 को हुई थी और यह अपने स्थापना काल से ही युवाओं के हिस्से की वास्तविक लड़ाई लड़ रहा है । उन्होंने सबको नौकरी या सबको रोजगार देने, राष्ट्रीय रोजगार गारंटी कानून बनाने, युवा बैंक की स्थापना, रेलवे में तमाम रिक्तियों को भरने जैसे कई मुद्दों पर युवाओं को एकजुट होने का आह्वान किया और जिले में फेडरेशन की मजबूत इकाई खड़ा करने की घोषणा की । जयनंदन प्रसाद ने कहा कि 22–23 मार्च को बेतिया में आयोजित होने वाले राज्य सम्मेलन में नवादा की मजबूत भागीदारी सुनिश्चित होनी चाहिए । बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि जिले में युथ फेडरेशन का सदस्यता अभियान चलाया जायगा और जिला सम्मेलन की तैयारी की जायगी । इसके लिए वारिसलीगंज के अनुज सिंह के संयोजन में नौ सदस्यीय तदर्थ कमिटी का गठन कर दिया गया जिसमें राजेश कुमार, रमेश शर्मा, नीरज कुमार, अवधेश कुमार आदि नवनियुक्त सदस्यों का नाम उल्लेखनीय है । बैठक में नरेंद्र प्रसाद सिंह, राजकुमार प्रसाद, अशोक समदर्शी, उमाकांत सिंह, शैलेन्द्र कुमार जैसे सीपीआई के वरिष्ठ नेता भी उपस्थित रहे ।

## 60 बोतल विदेशी शराब के साथ एक धंधेबाज गिरफ्तार

लोक तंत्र की आवाज

**रजौली ।** 'गुप्त सूचना के आधार पर रजौली पुलिस ने रजौली थाना क्षेत्र के घसियाडीह गांव से अंग्रेजी शराब एवं महुआ शराब के साथ धंधेबाज को गिरफ्तार कर लिया।दूसरा धंधेबाज भागने में सफल रहा। साथ ही उसकी दो बाइक को भी जप्त कर लिया।थानाध्यक्ष राजेश कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि रजौली थाना क्षेत्र के घसीयाडीह गांव में दो बाइक पर लदे 375 एमएल के 60 बोतल अंग्रेजी शराब एवं 20 लीटर देसी महुआ शराब को थाने के एसआई पिंकी कुमारी ने जप्त कर लिया।साथ ही शराब धंधेबाज को को गिरफ्तार कर लिया।लेकिन पुलिस को देखते ही दूसरा शराब धंधेबाज भागने में सफल रहा। बरामद की गई 60 बोतल अंग्रेजी शराब एवं 20 लीटर देसी महुआ शराब के साथ जप्त की गई दो बाइक को रजौली थाने में लगा दिया गया है।गिरफ्तार किए गए शरब धंधेबाज पर उत्पाद अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। सोमवार को न्यायिक हिरासत में जल भेज दिया जाएगा।थानाध्यक्ष ने बताया कि भागने वाले दूसरा शराब धंधेबाज को चिन्हित कर अग्रेतर कार्रवाई की जाएगी।



## नवादा: रविवार को उत्क्रमित उच्च माध्यमिक विद्यालय, अँकरी में विद्यालय में किया पौधरोपण किया गया

लोकतंत्र की आवाज

**आर्यन मोहन**

**नवादा।** जिले में रविवार को उत्क्रमित उच्च माध्यमिक विद्यालय, अँकरी में विद्यालय में किया पौधरोपण किया गया।प्रधानाध्यापक विद्यालय के इंजन होते हैं। वे सुव्यवस्था की अपनी पूरी रेलगाड़ी को उसके लक्ष्य तक पहुँचाने में बड़ी अहम भूमिका निभाते हैं। ऐसे में यदि कोई प्रधानाध्यापक सृजन एवं ऊर्जा से भरे हुए हों तो फिर कहना ही क्या। जिले के स्थापित साहित्यकार के रूप में जाने जानेवाले उत्क्रमित उच्च माध्यमिक विद्यालय, अँकरी के प्रभारी प्रधानाध्यापक डॉ. गोपाल प्रसाद अपने कर्तव्य के प्रति समर्पित ऐसे ही सृजनशील, कर्मठ, अपने कर्तव्य के प्रति निहायत ही ईमानदार एवं अपने विद्यार्थियों के बेहतर भविष्य के लिए दिन–रात चिंता एवं चिंतन करने वाले व्यक्ति हैं। यही कारण है कि उन्होंने इसी पिछले 24 मई को प्रभार ग्रहण करने के बाद जहाँ विद्यालय में स्काउट एंड गाइड की यूनिट को खड़ा किया, वहीं उनके विद्यार्थियों ने उनके नेतृत्व में रग्बी टूर्नामेंट में जिला स्तर पर अपनी पहचान बना ली। तो नवम के छात्र प्रतीक कुमार ने पिछले स्वतंत्रता दिवस के मौके पर आयोजित पूरे आठ घंटे के कार्यक्रम में अकेले मंच संचालन कर अपनी विशिष्ट पहचान बना ली। इसी तरह से माधुरी कुमारी, तनीशा कुमारी, माहिका सिन्हा, रिंकी कुमारी, संगम कुमारी, चाँदनी कुमारी सहित प्रतीक कुमार, सुमीत कुमार, मानिक मोहित, हिमांशु कुमार, अर्जुन चौधरी आदि इस विद्यालय के मेधावी एवं समर्पित विद्यार्थियों में गिने जाते हैं। उल्लेखनीय है कि अपनी ड्यूटी के प्रति ऐसे समर्पित प्रधानाध्यापक डॉ. गोपाल प्रसाद के नवम कक्षा के अति शिष्ट विद्यार्थी प्रतीक कुमार, सुमीत कुमार एवं मानिक मोहित ने अपने प्रधानाध्यापक को इस रविवार पौधारोपण के लिए कह रखा था। इन तीनों ने कह रखा था कि 'अन्य दिन पढ़ाई का दिन है सर जबकि रविवार को हम घर का काम, खेल, मनोरंजन आदि करते हैं तो इस रविवार को हम अपने विद्यालय में पौधरोपण करेंगे।विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक डॉ. गोपाल प्रसाद ने बताया कि अपने विद्यार्थियों के आग्रह पर वे इस 23 फरवरी, रविवार को भी विद्यालय पहुँच गए और वहाँ की थोड़ी–बहुत साफ–सफाई एवं हल्की–फुल्की टूट–फूट की मरम्मत आदि के साथ–साथ अपने विद्यार्थियों के साथ पौधारोपण में भी शामिल हो गए। विशेष बात यह रही कि विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक के साथ–साथ विद्यार्थियों के इन कार्यों को देखकर गाँव के बड़े, बूढ़े सहित कई महिलाएँ, पुरुष आदि उनकी तारीफ कर रहे थे तथा अपने–अपने बच्चों को भी इनके जैसा छुट्टी के दिनों में भी रचनात्मक करने के लिए प्रेरित कर रहे थे।



## संक्षिप्त खबरें ।

### बिजनौर हरिद्वार से कांवड़ लेने जा रहे एक कावर्ती की सड़क दुर्घटना में मौत



रिपोर्ट गुरप्रीत सिंह

नहटौर। हरिद्वार से ट्रैक्टर ट्रॉली पर सवार होकर कावड़ लेने जा रहे एक कावर्ती ट्रॉली से गिरकर घायल हो गया। घायल को सीएचसी में भर्ती कराया गया। जहां से चिकित्सों ने हायर सेंटर रेफर कर दिया। परिजनों द्वारा मुरादाबाद लें जाते समय रास्ते में कावर्ती की मौत हो गई। प्राप्त समाचार के अनुसार जनपद अमरोहा के थाना रजबपुर के गांव लंबिया निवासी लवकुश शर्मा पुत्र अशोक शर्मा उम्र 22 वर्ष गांव के ही यशवीर, रणजीत, कुलदीप, सोनू आदि करीब एक दर्जन लोगों के जत्थे के साथ ट्रैक्टर ट्राली से सवार होकर हरिद्वार से कांवड़ लेने जा रहा था। बताया जाता है कि लवकुश सबसे पीछे ट्रॉली के बैठा था। जब उनकी ट्रैक्टर ट्रॉली देर रात नूरपुर नहटौर मार्ग गांव खंडसाल के पास पहुंची तो लवकुश ट्राली से गिर गया। जिससे वह गंभीर घायल हो गया। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने एंबुलेंस की सहायता से उसे उसे सीएचसी में भर्ती कराया। जहां से उसकी हालत को गंभीर देखते हुए चिकित्सकों ने हायर सेंटर रैफर कर दिया गया। बताया जाता है कि मुरादाबाद ले जाते समय रास्ते में उसकी मौत हो गई। लवकुश की मौत से परिजनों व साथियों में कोहराम मच गया तथा शोक की लहर दौड़ गई। लवकुश के शव को परिजन व उसके साथी बिना किसी कार्रवाई के अपने साथ ले गए

### प्रो. सुनील कुमार ने राष्ट्रीय संगोष्ठी में प्रस्तुत किया शोध पत्र ? ?प्राचार्य प्रोफेसर एसपी सिंह समेत शुभचिंतकों ने दी बधाई



सीतापुर राकेश पाण्डेय

सीतापुर।आचार्य नरेन्द्र देव टीचर्स ट्रेनिंग पी. जी. कॉलेज,सीतापुर के प्रो. सुनील कुमार ने गुरु घासी दास केंद्रीय विश्वविद्यालय, बिलासपुर, छत्तीसगढ़ में भारतीय शिक्षक शिक्षा संघ द्वारा आयोजित राष्ट्रीय संगोष्ठी में ₹सामाजिक समावेशन और जनजातीय समाज₹ विषय पर अपना शोधपत्र प्रस्तुत किया। इस संगोष्ठी में देशभर के प्रतिष्ठित शिक्षाविदों, शोधार्थियों और कुलपतियों ने सहभागिता की।प्रो. सुनील कुमार के शोधपत्र को शिक्षाविदों द्वारा सराहा गया,जिसमें उन्होंने जन जातीय समाज कीचुनौतियों सामाजिक समावेशन की नीतियों और शिक्षा के माध्यम से सामाजिक समरसता स्थापित करने पर अपने विचार प्रस्तुत किए। इस महत्वपूर्ण उपलब्धि पर महाविद्यालय प्रबंध समिति,प्राचार्य प्रो. एस. पी. सिंह, प्रो. प्रनिता सिंह, डॉ. दीपा अवस्थी, डॉ. नितिन पांडेय, डॉ. मोहम्मद इमरान, और डॉ. अरविंद प्रकाश ने प्रो. सुनील कुमार को बधाई एवं शुभकामनाएँ प्रेषित कीं।महाविद्यालय परिवार को प्रो. सुनील कुमार की इस उपलब्धि पर गर्व है और उन्होंने भविष्य में भी शिक्षा विदों के मध्य अपने शोध कार्यों के माध्यम से महा विद्यालय का नाम रोशन करने की शुभेच्छा व्यक्त की।

### आग लगाकर ईंट उद्योग का कटेसर में किया गया शुभारम्भ

सीतापुर राकेश पाण्डेय

सीतापुर।जिले के विकास खण्ड हरगांव के अन्तर्गत एक गांव में आग लगाकर ईंट उद्योग की शुरुआत की गई। जानकारी के अनुसार जिले के विकास खण्ड हरगांव के ग्राम कटेसर में चतुर्भुज खाण्डसारी उद्योग के सामने मनोज सिंह उर्फ मनु भाई के ईट उद्योग पर कल आग जलाकर भट्ठे का शुभारंभ किया गया जिसमें सैकड़ो की संख्या में लोग मौजूद रहे। बताया गया कि उद्योग का शुभारम्भ सत्य नारायण भगवान की कथा सुनकर व विधि विधान से पूजन करने के तत्पश्चात भट्ठे में आग लगाकर किया गया इस मौके पर ग्राम वासियों के साथ–साथ क्षेत्र के मिंकू सिंह विशाल कपूर निखिल मेहरोत्रा पंकज वर्मा ओमेंद्र वर्मा प्रधान प्रतिनिधि कटेसर शेर सिंह व जिला पंचायत सदस्य मिंटू गुप्ता केसरीगंज पवन पांडेय पंकज सिंह पिंटू शुक्ला और रिंकू शुक्ला सहित भारी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# उत्तराखंड हरिद्वार पुलिस अधीक्षक प्रमेन्द्र सिंह डोबाल की टीम ने 48 घंटे के भीतर ब्लाइंड मर्डर केस का किया खुलासा

## 04 लाख रुपये में तय हुआ था हत्या का ठेका,



लोकतंत्र की आवाज

**रिपोर्ट मुकेश सिंह**

**उत्तराखंड ।** जनपद हरिद्वार मुख्य षडयंत्रकर्ता सहित कुल 03 हत्यारोपी दबोचे, 02 चाकू भी किए बरामद नशे में मदहोश करने के बाद किया गया था कत्ल, नृशंस हत्या देहात क्षेत्र में बनी थी सनसनी बेटे की हत्या का बदला लेने के लिए पिता ने बुना था बेटे के कातिल की हत्या का ताना बाना 04 लाख रुपये में तय हुआ था हत्त्या का ठेका, $4000/– हआ था एडवांस पेमेंट खुलासे पर ईनाम की बौछार, खुलासा करने पर आईजी रेंज द्वारा 15000/– व एसएसपी हरिद्वार द्वारा टीम के लिए $5000/– के ईनाम की घोषणा दिनांक 20.2.2025 की तड़के मिली सूचना पर मंगलौर कोतवाल पुलिस बल के साथ ग्राम झबीरण जट स्थित शमशान घाट के पास पहुंचे तो खून से सना शव पड़ा मिला। मृतक की पहचान अंकित पुत्र सहंसरपाल निवासी ग्राम झवीरण मंगलौर उम्र 26 वर्ष के रूप में हुई। मृतक अंकित को पूर्व में कपिल हत्याकांड में कोतवाली मंगलौर पुलिस द्वारा जेल भेजा गया था जो कुछ समय पहले ही जमानत पर छूटा था शव मिलने की सूचना पर एसएसपी प्रमेन्द्र सिंह डोबाल हत्या की संभावना के दृष्टिगत एसपी देहात शेखर चंद्र सुयाल, सीओ मंगलौर विवेक कुमार एवं अन्य मातहत संग मौके पर पहुंचे। फील्ड यूनिट हरिद्वार द्वारा घटनास्थल से भौतिक वैज्ञानिक साक्ष्य एकत्रित किए। ग्रामीण क्षेत्र में चाकू गोंदकर की गई इस हत्या को गंभीरता से लेते हुए श्री डोवाल द्वारा कोतवाली स्तर पर पुलिस टीम का गठन कर टैक्निकल सपोर्ट के लिए सीआईयू रुड़की को नियुक्त किया तथा पर्यवेक्षण की जिम्मेदारी सीओ मंगलौर विवेक कुमार को देते हुए जल्द से जल्द घटना का सफल अनावरण करते हुए वारदात में शामिल सभी किरदारों को गिरफ्तार करने के स्पष्ट निर्देश जारी किए। गठित की गई पुलिस टीम के कुछ सदस्यों को स्थानीय मुखबिरों के साथ मिलकर सटीक इनपुट खोजने पर जबकी अन्य सदस्यों को घटनास्थल के इर्द–गिर्द से डिजीटल एविडेंस इकट्ठा करने की जिम्मेदारी दी गई। कुछ समय पहले ही हत्या के मामले में जमानत पर छूटे मृतक का बैकग्राउंड जांचने एवं जुटाए गए सबूतों को कड़ी दर कड़ी जोड़ने पर सामने आए कुछ संदिग्ध चरित्रों को पकड़ने के लिए लगातार ताबड़तोड़ दबिशे देकर मुखबिर की सूचना पर पुलिस टीम ने संजय सैनी, दीपांशु व विकास कुमार उर्फ विक्की को दबोचकर उनके कब्जे से कत्ल में इस्तेमाल आला कत्ल को बरामद किया गया कोतवाली मंगलौर पर कपिल हत्याकांड में दर्ज मु०अ०सं० 549/24 धारा 302 आईपीसी में आरोपी अंकित (मृतक) जमानत पर चल रहा था। मृतक अंकित के ग्राम कुरडी स्थित अपने घर के सामने से गुजरने पर मृतक कपिल के पिता व वादी मुकदमा संजय सैनी के मन में खुद बदला लेने की आग प्रतिदिन बढ़ती रही अपनी योजना को साकार करने के लिए आरोपी संजय सैनी ने दीपांशु, विकास, अमन व रोहित नाम के युवकों से 400000/– में अंकित कुमार की हत्या का सौदा तय किया तथा 4000/– बतौर एडवांस दिए तय योजना के मुताबिक आरोपी युवकों ने पहले मृतक अंकित कुमार को नशा कराया और फिर उसके बाद चाकू से अंकित के शरीर पर ताबड़तोड़ वार किए। इसके बाद अंकित को मरा हुआ समझकर आरोपित मौके से फरार हो गए। हत्यारोपी विकास का पूर्व में भी चोरी, लूट व गैंगस्टर आदि के मुकदमों में आरोपी रहा है। पकड़े गए आरोपित– 1–विकास कुमार उर्फ विक्की पुत्र मगिराम निवासी ग्राम कुरडी कोत० मंगलौर हरिद्वार 2– दीपांशु पुत्र विनोद निवासी कैंदकी थीथकी गोपाली थाना देवबन्द सहानपुर उ०प्र०3– संजय सैनी पुत्र बलवीर सिह निवासी ग्राम कुरडी थाना कोत० मंगलौर हरिद्वार हत्यारोपी विकास का आपराधिक इतिहास–1– मु०अ०सं० 282/17 धारा 379, 411 आईपीसी ढर झबरेड़ा 2– मु०अ०सं० 293/17 धारा 392, 411 आईपीसी ढर झबरेड़ा 3– मु०अ०सं० 504/17 धारा 392, 411 आईपीसी ढर कोतवाली गंगनहर 4– मु0अ0सं0 33/18 धारा 2/3 गैंगस्टर अधिनियम ।

# सीतापुरःहरगांव पुलिस ने बीस अभियुक्तों को किया गिरफ्तार



लोकतंत्र की आवाज

**सीतापुर राकेश पाण्डेय**

**सीतापुर ।** पुलिस अधीक्षक चक्रेश मिश्र द्वारा जनपद में आपराधिक कृत्यों में संलिप्त अपराधियों की नियमानुसार शीघ्र गिरफ्तारी एवं अपराधियों के विरूद्ध कार्यवाही करने के निर्देश दिये गये हैं। पुलिस अधीक्षक के उक्त निर्देश के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी प्रकाश कुमार के निकट पर्यवेक्षण एवं क्षेत्राधिकारी सदर दिनेश कुमार शुक्ल के नेतृत्व में थाना हरगांव पुलिस टीम द्वारा मु०अ० सं०54/2025 धारा 191 (2)/191(3)/132/109/115(2)/352/351(2)/333/121(1)बी एनएस व 7 उछअ अ़३ में वांछित बीस अभियुक्तों मो०आफाक पुत्र मुन्ना,मो० सुहेल पुत्र फारुक,वारिस अली पुत्र जाबिर अली, मोईन अहमद पुत्र असगर अली,चांद बाबू पुत्र मुस्ताक अहमद,मो.अमन पुत्र अब्दुल सलाम,अरशद पुत्र अब्दुल लतीफ,स्वालहीन पुत्र इस्लाम,साकिर अली पुत्र जहूर,मो०युनुस पुत्र समसूद्दीन,मो०इमरान पुत्र खुर्शीद अहमद,जियाउल हक पुत्र अब्दुल लतीफ, अतीब पुत्र फकरुद्दीन, एहताशाम पुत्र जब्बार,उबैद पुत्र मतीन,सुहेल पुत्र सदरू द्दीन उर्फ मदन,मो०आदिल पुत्र रफीक,दानिश पुत्र सदरूद्दीन उर्फ मदन,मुशीर पुत्र महबूब,आंशू उर्फ रहीश पुत्र मकबूल सभी निवासी ग्राम इस्माइलपुर थाना हरगांव जनपद सीतापुर को गिरफ्तार किया गया। कल दिनांक 22फरवरी 2025 को थाना हरगांव अन्तर्गत पर इस्माइलपुर में एक ही समुदाय(मुस्लिम) के दो पक्षों के मध्य मस्जिद के पास चबूतरा बनाने को लेकर विवाद की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस टीम के सामने दोनों पक्षों में मारपीट/पथराव के प्रकरण में थाना हरगांव पर मु.अ.सं. 54/25 उपरोक्त पंजीकृत कर हरगांव पुलिस टीम द्वारा नामजद उपरोक्त बीस अभियुक्तों को गिरफ्तार कर कठोर कार्यवाही हेतु अभियुक्तों का चालान सम्बन्धित न्यायालय में किया जा रहा है। इन लोगों की गिरफ्तारी में हरगांव पुलिस टीम के प्रभारी निरीक्षक अरविन्द कुमार पाण्डेय,उप निरीक्षक लल्ला गोस्वामी,रामपलट राव,जयराम पाण्डेय,राजेन्द्र प्रसाद यादव, पारसनाथ सिंह,अमरजीत सिंह, मुख्य आरक्षी रवि पाठक, आशीष यादव,लक्ष्मीशंकर,उजेर खां कृष्णा नन्द,आरक्षी कासिम, अनुज सेंगर,गौतम सिंह,रवि राठी राहुल हाण्डा,शिव कुमार,विक्रान्त कुमार, अमित कुमार,अर्पित कुमार शामिल रहे।

# उत्तराखंड देहरादून मे नियम विरूद्ध संचालित रेस्टोंरेट सील किये गये



लोकतंत्र की आवाज़

**रिपोर्ट राजेंद्र चौहान**

प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के आदेश के परिपालन में संयुक्त कार्यवाही करते हुए 2 रेस्टोरेंट सील किए। जिला प्रशासन के सहयोग से ठुंनम रेस्टोरेंट द गार्डन प्रोजेक्ट मसूरी रोड मालसी बरगल तथा राजपुर रोड स्थित थ्वदमेजं तिब्बत लेन राजपुर रोड पर जिला प्रशासन के सहयोग से विद्युत विभाग, प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा संयुक्त कार्यवाही करते हुए सील कर दिया गया है। जिला प्रशासन की ओर से जिलाधिकारी के निर्देशों क्रम में एसडीएम सदर हरिगिरि ने तहसीलदार सदर को विभागों की संयुक्त टीम के साथ मौके पर सहयोग हेतु भेजा गया, जिस पर संयुक्त टीम द्वारा सीलिंग की कार्यवाही की गई। मानकों के अनुसार न होने पर प्रदूषण नियंत्रण के ओदश 17 फरवरी 2025 के क्रम में उक्त रेस्टोरेंट पर सीलिंग की कार्यवाही की गई है। कार्यवाही के दौरान तहसीलदार सदर सुरेन्द्र देव, क्षेत्रीय अधिकारी प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड अमित पोखरियाल, एसडीओ विद्युत विभाग एस.वी यादव, सहायक वैज्ञानिक अधिकारी प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड एमएम चौहान उपस्थित रहे।

# बिजनौर थाना समाधान दिवस में एसडीएम नगीना आशुतोष जायसवाल ने दिए सख्त निर्देश थाना प्रभारी तेजपाल सिंह समेत कई अधिकारी रहे मौजूद

लोकतंत्र की आवाज

**रिपोर्ट मुकेश सिंह**

**नगीना ।** थाना परिसर में थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता नवागत एसडीएम आशुतोष जायसवाल ने की। इस दौरान थाना समाधान दिवस में विभिन्न समस्याओं को लेकर लोग अपनी शिकायतें दर्ज कराने पहुंचे। कुल दो शिकायतें प्राप्त हुईं, लेकिन मौके पर उनका निस्तारण नहीं हो सका। इस पर एसडीएम आशुतोष जायसवाल ने नाराजगी जताते हुए अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि थाना समाधान दिवस में आने वाली शिकायतों का समाधान तुरंत मौके पर जाकर किया जाए ताकि शिकायतकर्ता को न्याय मिल सके और वे संतुष्ट हो सकें थाना समाधान दिवस के दौरान एसडीएम आशुतोष जायसवाल ने सभी अधिकारियों और



कर्मचारियों को निर्देश दिया कि कोई भी अधि कारी ऑफिस में बैठकर शिकायतों का समाधान न करे, बल्कि स्वयं मौके पर जाकर समस्या का निस्तारण सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि समाधान दिवस का मुख्य उद्देश्य आम जनता की समस्याओं का त्वरित और प्रभावी समाधान करना है, इसलिए इसमें किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगा थाना समाधान दिवस के दौरान एसडीएम आशुतोष जायसवाल ने स्पष्ट किया कि थाना कोतवाली नगीना (बिजनौर) प्रभारी निरीक्षक समाधान दिवस में अनुपस्थित रहने वाले किसी भी अधिकारी या कर्मचारी पर कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि थाना समाधान दिवस शासन की एक महत्वपूर्ण योजना है, जिसका उद्देश्य जनता की समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर हल करना है। ऐसे में किसी भी स्तर पर लापरवाही स्वीकार्य नहीं होगी। उन्होंने यह भी कहा कि शिकायतों का निस्तारण पारदर्शिता के साथ किया जाए और किसी भी शिकायतकर्ता को बेवजह परेशान न किया जाए। थाना समाधान दिवस के दौरान नगीना थाना परिसर में थाना प्रभारी निरीक्षक तेजपाल सिंह, एसएसआई दीपक कुमार, कानूनगो सतेंद्र सिंह, कानूनगो राकेश कुमार शर्मा लेखपाल कृ ष्ण कुमार दीपक कुमार तथा में आए मामलों को गंभीरता से सुना और उनके त्वरित समाध् शान का आश्वासन दिया। इस अवसर पर थाना प्रभारी तेजपाल सिंह ने बताया कि समाधान दिवस के दौरान प्राप्त शिकायतों का जल्द से जल्द निस्तारण किया जाएगा।उन्होंने कहा कि थाना समाधान दिवस आम जनता की समस्याओं को प्राथमिकता से सुलझाने के लिए आयोजित किया जाता है और इसका उद्देश्य जनता को त्वरित न्याय दिलाना है। थाना समाधान दिवस के दौरान एसडीएम आशुतोष जायसवाल के सख्त निर्देशों के बाद प्रशासनिक अधिकारियों में हलचल मच गई है और अब यह उम्मीद की जा रही है कि शिकायतों का जल्द समाधान होगा।

# सीतापुरः काफी समय से चल रहा था धर्मांतरण का धंधा ? ?बजरंगदल के साथ मौके पर पहुंची पुलिस ने किया कइयों को गिरफ्तार

लोक तंत्र कीआवाज

**सीतापुर राकेश पाण्डेय**

**सीतापुर ।** जिले के हरगांव थाना क्षेत्र अन्तर्गत नगर पंचायत हरगांव के कस्बा हरगांव के एक मकान में काफी समय से धर्मांतरण का खेल चल रहा था।जिसकी सूचना मिलने पर बजरंगदल के कार्यकर्ताओं ने मकान को घेर लिया।काफी जद्दोजहद के बाद पुलिस को सूचना देने पर हरगांव पुलिस ने मौके पर पहुंच कर कई महिला पुरुषों को गिरफ्तार कर लिया।मकान की तलाशी में बड़ी मात्रा में धर्मांतरण सामग्री व किताबें भी बरामद की गईं। प्राप्त जानकारी के अनुसार हरगांव थाना क्षेत्र अन्तर्गत नगर पंचायत हरगांव के कस्बा हरगांव में स्टेट बैंक ऑफ इण्डिया के पीछे बने मकान में बनी चर्च में पुलिस की नाक के नीचे



काफी हद समय से धर्मांतरण का कार्य चल रहा था। रविवार को मिली सूचना पर हरगांव पुलिस तत्काल घटनास्थल पर पहुंच कर मकान में अवैध रूप से बंद कुछ कार्यकर्ताओं को छुड़ाते हुए वहां पर मौजूद पादरी सुरेश चंद्र पुत्र सटल्लू सहित छः महिलाओं व चार पुरुषों को गिरफ्तार कर भारी मात्रा में ईसाई धर्म से सम्बन्धित पाठ्य सामग्री भी बरामद की गई। बताते हैं कि यह चर्च स्टेट बैंक ऑफ इण्डिया हरगांव के पीछे बने कथित पादरी सुरेश चंद्र रैदास पुत्र सटल्लू रैदास के मकान में काफी समय से चल रही है।सूचना पाकर बजरंगदल के जिला संयोजक अनुज भदौरिया जिला कोषाध्यक्ष प्रमोद कुमार सिंह, सीनू मिश्र सतीश कुमार,आदि बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने उक्त मकान को घेरकर पास गांवों के गरीब महिलाओं व पुरुषों को बरगलाकर हिंदू धर्म छोड़वाकर ईसाई बनाया जा रहा था।बजरंगदल के कार्य कर्ता सतीश कुमार मिश्र, मोनू सिंह,सत्येंद्र सिंह को कारण पूंछने पर पादरी सुरेश चंद्र पुत्र सटल्लू के द्वारा जबरिया बंधक भी बनाया गया जो सूचना देने पर पहुंची पुलिस बल के द्वारा छुडाया गया।पुलिस ने चर्च बने मकान से कई बाइबिलें,मजीरा,झुनझुना भी बरामद किया है। थाना हरगांव के प्रभारी निरीक्षक अरविन्द कुमार पाण्डेय ने बताया कि तहरीर के अनुसार सम्बन्धित आरोपियों के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कर पकडे गए आरोपियों को जेल भेजा जाएगा।

# बढ़ापुर : बिजनौर प्रशासन के रूट प्लान के बाद भी रास्ता भटकी रोडवेज

लोकतंत्र की आवाज

**रिपोर्ट रोहित कुमार**

**बढ़ापुर।** एक ग्राम में उस वक्त लोग हैरान हो गए जब एक हल्द्वानी डिपो की बस यात्रियों से भरी उनके गांव जा पहुंची आगे रास्ता बंद देख ड्राइवर हक्का बक्का रह गया जब तक ड्राइवर कुछ समझ पता तब तक गांव के लोगों इकट्ठा हो गए। बढ़ापुर से ग्राम मुकुंदपुर में उस वक्त हंगामा मच गया जब हल्द्वानी डिपो की बस गांव में पहुंची उत्तराखंड हल्द्वानी डिपो की बस नंबर संख्यान 04 च। 1094 यात्रियों से भरी गांव में जा फंसी आगे रास्ता न होने की वजह से यात्रियों में भी खलबली मची हंसपाल सिंह के घर आगे का रास्ता चौड़ा न होने की वजह से ड्राइवर ने बस रोक दी इस बीच गांव में लोगो का जमवाड़ा लग गया ड्राइवर ने बताया कावड़ यात्रा की वजह से वो रास्ता भटक गया और वो नूरपुर अरब से बढ़ापुर आ पहुंचा बढ़ापुर के मैंन



रस्ते से बस न निकल पाई तब पीछे की और जाने के लिए आगे का रास्ता बताया गया ड्राइवर ग्राम नूरपुर मार्ग की जगह ग्राम मुकुंदपुर जा पहुंचा और हंसपाल के मकान पर आगे का। चौड़ा मार्ग न होने की वजह से रुक गया बस वापस मोड़ने पर दिनेश सिंह के मकान की कच्ची दीवार से बस टकरा गई जिससे दीवार गिरने से बच गई। ग्रामीणों की सहायता से बस को गांव से कुंजेटा से ग्राम नूरपुर अरब से रायपुर बाया कोटद्वार जाने का सही मार्ग बताया गया। इस घटना से यह स्पष्ट होता है कि कावड़ यात्रा के दौरान यात्रियों को सावधानी बरतनी चाहिए और सही जानकारी प्राप्त करनी चाहिए। इसके अलावा, परिवहन विभाग को भी यात्रियों की सुरक्षा और सुविधा के लिए आवश्यक कदम उठाने चाहिए।

# सीतापुरः किसान प्रदर्शनी मेले का हुआ आयोजन

लोकतंत्र की आवाज

**सीतापुर राकेश पाण्डेय**

**सीतापुर।** जिले की मिश्रिख तहसील क्षेत्र के सेमरा भिठौली में स्थिति जी.आर. सी एकल ग्रामोत्थान फाउण्डेशन के तत्वावधान में किसान मेला सह उद्यान प्रर्दशनी का कार्यक्रम आयोजित हुआ। किसान मेला एवं प्रदर्शनी का उद्घाटन उप कृषि निदेशक श्रवण कुमार सिंह एवं जोनल हेड तथा चेष्टा समिति के अध्यक्ष उमेश चंद्र अग्रवाल ने किया।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधान परिषद सदस्य पवन सिंह चौहान एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में मिश्रिख विधायक रामकृष्ण भार्गव एवं प्रमुख प्रतिनिधि गोंदला मऊमुनेन्द्र अवस्थी मौजूद रहे। इस मौके पर दुर्गेश त्रिपाठी, राष्ट्रीय एकल फ्यूचर कार्यक्रम के मुख्य वक्ता कमलेश सिंह ने



किसानो को जैविक कृषि एवं कृषि दर्शन पर सम्बोधित किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर आए पवन सिंह चौहान ने अपने सम्बोधन में किसानो से कहा कि प्राकृतिक खेती ही लोगों को स्वस्थ बना सकती है। कार्यक्रम में जो किसान जी.आर.सी से प्रशिक्षित थे वह अपने अपने जैविक उत्पाद लाकर प्रदर्शनी में सजाये हुए थे। वहीं बालिकाओ ने जैविकीय एवं पर्यावरण पर एकांकी प्रस्तुत की।दे इस अवसर पर अश्वनी भिन्नता,श्रमितण सिंह अग्रवाल,संचालन समिति अध्यक्ष सुधीर सिंह समिति पदाधिकारीगण डॉ सागर, रा?जीव ओझा, विपिन वैश्य, चन्द्रकुमार, देशराज,नानेन्द्र सिंह, शिव प्रकाश ,आर्जव शर्मा सहित तमाम पदाधिकारी और किसान उपस्थित रहे।

# प्रशासन एकादश बनाम पत्रकार एकादश के बीच मैत्री पूर्ण मैच खेला गया जिसमे प्रशासन ने पत्रकार एकादश को 88 रन से हराया

लोकतंत्र की आवाज

**उरई ।** प्रशासन एकादश बनाम पत्रकार एकादश के बीच हुआ मैत्रीपूर्ण क्रिकेट मैच का आयोजन किया गया गन्ना मंत्री संजय सिंह गंगवार ने मैच जीतने वाली टीम को टॉफी देकर सम्मानित किया आज पुलिस लाइन उरई के मैदान पर प्रशासन एकादश और पत्रकार एकादश के बीच मैत्रीपूर्ण क्रिकेट मैच का आयोजन किया गया। इस मुकाबले में जहां एक ओर प्रशासनिक अधिकारियों ने बढ़–चढ़कर भाग लिया, वहीं दूसरी ओर जिले के पत्रकारों ने भी खेल भावना के साथ अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। मैच का उद्देश्य आपसी सामंजस्य को मजबूत करना और स्वस्थ प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा देना था।मैच की शुरुआत में मुख्य अतिथि मा० प्रभारी मंत्री/राज्य मंत्री, गन्ना विकास एवं चीनी उद्योग विभाग उ०प्र० श्री संजय सिंह गंगवार ने दोनों टीम के खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त



कर प्रशासन टीम के कप्तान जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय व पत्रकार टीम के कप्तान अनुज कौशिक के बीच टॉस किया, टॉस प्रशासन टीम के कप्तान जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने जीत कर पहले बल्लेबाजी का निर्णय लिया। प्रशासन टीम के बल्लेबाजों ने संयमित शुरुआत करते हुए जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने 34 रन, अपर जिलाधिकारी(वि०/रा०) संजय कुमार ने 36 रन, एसआई विपिन यादव ने 76 रन, अन्य अधिकारियों ने भी रन बनाकर प्रशासन एकादश टीम ने 20 ओवर में 08 विकट पर 171 रन बनाए जिसमे अहम योगदान एसआई विपिन यादव ने कुल 76 रन बनाकर स्कोर में बढ़त बनाई। वही गेंदबाजी में प्रशासन टीम में अपर जिलाधिकारी(वि०/रा०) ने 01 विकट, अपर जिला सूचना अधिकारी पंकज तिवारी ने 02 विकट, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी नीरज ने 02 विकट, अन्य अधिकारियों ने विकट लिए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी पत्रकार एकादश की शुरुआत कर अनुज कौशिक ने 11 रन, राहुल ने 10 रन, दिव्यांशु ने 04 रन, आशीष ने 02 रन, राकेश ने 13 रन, अन्य पत्रकारो ने बल्लेबाजी कर कुल 83 रन में टीम आलआउट हो गई।पत्रकार एकादश के गेंदबाजों में अरुण ने 05 विकट लेकर सबसे सफल रहे, वही नितिन ने 02 विकट लिया।परिणामस्वरूप पत्रकार एकादश 88 रनों से मुकाबला हार गई। मैच के समापन पर मुख्य अतिथि मा० प्रभारी मंत्री जी ने विजेता प्रशासन एकादश को ट्रॉफी प्रदान की, प्रशासन टीम के मैन ऑफ द मैच एसआई विपिन यादव रहे। उन्होंने दोनों टीमों के प्रदर्शन की सराहना करते हुए कहा, ₹खेल न केवल शारीरिक और मानसिक विकास का माध्यम है, बल्कि यह आपसी समझ और सहयोग को भी बढ़ाता है। ऐसे आयोजनों से प्रशासन और मीडिया के बीच सकारात्मक संबंध बनते हैं।₹ जिलाधिकारी राजेश कुमार पांडेय ने भी खिलाड़ियों की हौसला अफजाई करते हुए भविष्य में और अधिक ऐसे आयोजनों की आवश्यकता पर बल दिया। आयोजन समिति के सदस्यों ने पिच, ग्राउंड बेहतर प्रबंधन के लिए पुलिस अधीक्षक का आभार व्यक्त किया। दर्शकों ने भी पूरे मैच का भरपूर आनंद लिया और खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया।

## संक्षिप्त खबरें ।

### विधायक प्रतिनिधि बरकत खान ने किया तीन दिवसीय फुटबॉल टूर्नामेंट का उद्धाटन



ोकतंत्र की आवाज
मामलोत सेख
बरहरव। I प्रखंड क्षेत्र के सतगाछी पंचायत अंतर्गत श्रीरामपुर ग्राम में पंचायत में खेलों को बढ़ावा देने व ग्रामीण युवाओं को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से बिरसा मुंडा युवा क्लब श्रीरामपुर के द्वारा स्थान :– श्रीरामपुर बरहरवा साहेबगंज (झा०) में तीन दिवसीय फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन किया गया. जिसका उद्धाटन विधिवत फीता काट कर मुख्य अतिथि विधायक प्रतिनिधि बरकत खान ने किया। इस दौरान खान ने सभी खिलाड़ियों से हाथ मिलाया और खिलाड़ियों से परिचय लिया और खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाया. विधायक प्रतिनिधि बरकत खान ने उपस्थित ग्रामीण व खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि पढ़ाई के साथ खेलकूद बहुत जरूरी है, ग्रामीण इलाकों में खेल प्रतिभाओं की कोई कमी नहीं है. जरूरत है, तो बस उन्हें सही मंच और सुविधाएं देने की. राज्य सरकार भी युवाओं को खेलों के प्रति जागरूक करने के लिए लगातार प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि गांव क्षेत्रों में इस तरह के टूर्नामेंट का आयोजन होने से युवाओं को अपने प्रतिभा को दिखाने का अवसर मिलता है। इसी उद्देश्य से मैंने इस आयोजन में बढ़–चढ़कर हिस्सा लिया और खिलाड़ियों को प्रोत्साहित किया. टूर्नामेंट को देखने के मैदान के चारों ओर आसपास लोगों की काफी भीड़ थी. मौके पर मुखिया आलोक सोरेन, वार्ड मेंबर सोना मुर्मू, प्रमित तिवारी आयोजनकर्ता डेना सोरेन, अमीन सोरेन धूनू हांसदा इत्यादि सहित खेलप्रेमी मौजूद थे।

### स्वच्छता से संबंधित सभी अवयवों को शत–प्रतिशत ग्राम पंचायतों को आच्छादित कराने का उप विकास आयुक्त संदीप शेखर प्रियदर्शी ने दिया निर्देश



लोकतंत्र की आबाज
रामजी कुमार
समस्तीपुर। जिला जल एवं स्वच्छता समिति बैठक रविवार को आयोजित की गई। संदीप शेखर प्रियदर्शी उप विकास आयुक्त–सह–उपाध्यक्ष, जिला जल एवं स्वच्छता समिति, समस्तीपुर की अध्यक्षता में सभी प्रखण्ड समन्वयकों के साथ लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान की समीक्षा बैठक की। जिसमें ठोस तरल एवं अपशिष्ट प्रबंधन अन्तर्गत त्रियान्वित कार्यों में तीव्रता लाने हेतु निदेशित किया गया। साथ ही ग्राम पंचायतों में व्यापक जागरूकता लाने हेतु विद्यालय के बच्चों के माध्यम से स्वच्छता शपथ कराते हुये उपभोक्ता शुल्क संग्रह में तीव्रता लाने हेतु निदेशित किया गया। साथ ही घर–घर से कचड़ा उठाव कराते हुये गीला एवं सूखा अपशिष्ट को पृथक्करण कर पंचायत अन्तर्गत निर्मित अपशिष्ट प्रसंस्करण इकाई पर एकत्रित किये गये अपशिष्ट का समुचित निपटान करते हुये उसका उर्वरक तैयार कराने हेतु निदेशित किया गया। पंचायत स्तर पर उपभोक्ता शुल्क रसीद से संबंधित पंजी संधारित करने तथा संग्रहित राशि को पंचायत स्थित ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन खाता में जमा कराने हेतु निदेश दिया गया। जिले के सभी ग्राम पंचायतों में स्वच्छता से संबंधित सभी अवयवों पर शत–प्रतिशत आच्छादित कराने का निदेश दिया गया।

### नूराचक सरसौना में शिव मंदिर के जीर्णोद्धार हेतु अनुष्ठान का आयोजन किया गया



लोकतंत्र की आवाज़
अब्दुल कादिर
ताजपुर/समस्तीपुर। जिले के ताजपुर प्रखंड अंतर्गत गौसपुर सरसौना पंचायत के नूराचक सरसौना ग्राम में अवस्थित श्री ओमेश्वरनाथ शिव मंदिर मे शिवलिंग का जीर्णोद्धार हेतु अनुष्ठान का आयोजन किया जा रहा है। यह अनुष्ठान रविवार को 501 कुमारी कन्याओं के द्वारा कलश यात्रा से शुभारंभ हुआ जिसके लिए बच स्थित घाघनाथ घाट से सभी कन्याओं के द्वारा जल लाया गया। कार्यक्रम की सफलता में रमेश प्रसाद सिंह अध्यक्ष, अमित कुमार कोषाध्यक्ष, नवीन कुमार सचिव, अमरेंद्र सिंह उपसचिव, इनके अतिरिक्त सदस्य उमेश कुमार करूणाकर, संजय कुमार करूणाकर, सत्यम कुमार, महेश्वर सिंह, बबलू सिंह, सुजीत कुमार, राजेश सिंह, पंकज कुमार, पप्पू कुमार, विपिन कुमार, वेद प्रकाश एवं समस्त श्रद्धालुगण लगे रहे हैं।

### शोक सभा कर, श्रद्धांजलि दी गई



लोकतन्त्र की आवाज
केदार नाथ पाण्डेय
पीरपैंती। पीरपैंती के वरिष्ठ पत्रकार शंकर दयाल ठाकुर 74 वर्षीय का निधन हो गया। मां संगीत सदन योगीवीर कॉलोनी बाराहाट में साहित्यकारों विद्वानों, पत्रकारो और शिक्षक गणों ने पत्रकार शंकर दयाल ठाकुर के फोटो पर माल्यार्पण कर पुष्प अर्पित किया' स्काउट के जिला प्रशिक्षक मुकेश आजाद ने कहा केवल पत्रकारिता के क्षेत्र में ही नहीं सामाजिक क्षेत्र में जहां भी जरूरत होती थी युवाओं को आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित करते थे। उक्त अवसर पर मुखिया लालमुनि साह, ब्रह्माकुमारी आश्रम से बीके लीला दीदी, शिक्षक चंदन राज, कुलसचिव डॉक्टर दीपंकर, नवरत्न ठाकुर, पत्रकार अमरेंद्र तिवारी, कन्हैया साह, प्रिंस कुमार के अलावे छोटे–छोटे छोटे–छोटे बच्चों ने पुष्प अर्पित कर नमन किया। आए हुए सभी लोगो का आंख नम हो गए।

## बरहरवा: कला संस्कृति में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले सरस्वती पूजा समिति को कलाभूमि ने पुरस्कृत किया

लोकतंत्र की आवाज





मामलोत सेख
**बरहरवा।** कला एवं संस्कृति में जागरूकता बढ़ाने हेतु कलाभूमि की ओर से रविवार को पुलिस लाइन मैदान स्थित शहीद स्थल में जिलास्तरीय सरस्वती पूजा समिति को उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि मुख्यालय डीएसपी विजय कुमार कुशवाहा, विशिष्ट अतिथि एपीओ संजय कुमार, सार्जेंट कुमार संजय सहित अन्य ने समिति को आकर्षक पुरस्कार, मोमेंटो, प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। वही डीएसपी ने कहा कि सरस्वती पूजा का जीवन में बहुत महत्व है।हम अपनी सांस्कृतिक विरासत को बचाएं किसी भी प्रकार की अनुशासनहीनता समाज को कलंकित करता है।

आप सबों ने अच्छा प्रदर्शन किया है। पुलिस जनता के साथ मिलकर बेहतर कार्य कर रही है। बाल विवाह, ह्यूमन ट्रैफिकिंग, नशा मुक्ति, डायन प्रथा सहित अन्य पर जागरूकता अभियान चलाकर जागरूक कर रही है। सभी धर्म समुदाय के लोग मिलकर शांतिपूर्ण पूजा त्योहार करे। धर्म के नाम पर आपसी विवाद न करे। बच्चे पढ़ाई लिखाई करके बेहतर मुकाम हासिल करे। वही एपीओ ने कहा कि परंपरागत उत्सवों में सरस्वती पूजा सबसे पवित्र है जहां से हमें सरस्वती के वरदपुत्र बनने की प्रेरणा प्राप्त होती है जीवन में हम आगे बढ़ने की प्रेरणा लेते हैं। कुमारी गरिमा ने बताया कि कलाभूमि कला संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए समय समय पर कार्यक्रम आयोजित करके समाज में कला के साथ साथ संस्कृति, अनुशासन, सामाजिक चेतना का बोध कराती है।

वही सामाजिक कार्यकर्ता सिद्धेश्वर मंडल, कुमारी गरिमा, सचिदानंद मिश्र सहित अन्य ने संबोधन किया। ओवरऑल सर्वश्रेष्ठ पुरस्कार श्री श्री शांति संघ राजमहल को दिया गया। पूजा पंडाल और साज सज्जा में प्रथम ओम भवानी संघ गुल्ली भट्टा, द्वितीय शोभापुर भट्ठा सरस्वती पूजा समिति, तृतीय युवा संघ हाटपाड़ा, राजमहल को दिया गया। वही समाज को जागृत करने के लिए बनाए गए थीम पर प्रथम एकता क्लब विजय ज्योति संघ नया टोला पुरानी साहिबगंज, द्वितीय दिव्य ज्योति संघ लोको गेट साउथ कॉलोनी, तृतीय महारथी संघ चाईपाड़ा, राजमहल, प्रोत्साहन पुरस्कार हरिपुर लंच घाट रोड, बरहरवा काली तल्ला, एम एस क्लब ज्ञान ज्योति संघ मजहर टोला, अमर निकेतन नवयुवक संघ भगैया को दिया गया।

आकर्षक प्रतिमा एवं अनुशासन के लिए प्रथम सब्जी मंडी सरस्वती पूजा समिति, द्वितीय एकता संघ कृष्णा नगर, तृतीय कमल संघ जूनियर कमेटी बनिया पट्टी, सांत्वना पुरस्कार जय ज्वाला सिंह एल सी रोड ओर तालबन्ना पब्लिक स्कूल समीप को आकर्षक ट्राफी, मोमेंटो व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। मंच का संचालन भगवती रंजन पाण्डेय ने किया। स्वागत भाषण प्रो सुबोध कुमार और सार्जेंट कुमार संजय ने धन्यवाद ज्ञापन के साथ हास्य कवि कहकर खूब हंसाया। मौके पर वासुकी साह, नवीन कुमार, अरविंद ठाकुर, राकेश साह, संस्थापक अमृत प्रकाश, प्राचार्य विरेन्द्र प्रसाद सिंह, राजेंद्र पाठक, सागर, विक्की, अनिल कुमार, आकाश आदि मौजूद थे।

## इतिहासशास्त्र के आयाम पुस्तक का भव्य विमोचन





लोकतंत्र की आबाज

**समस्तीपुर।** दरभंगा ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय के इतिहास विभाग द्वारा आज जुबली हॉल में डॉ. धर्मेंद्र कुमर द्वारा रचित इतिहासशास्त्र के आयाम पुस्तक का भव्य विमोचन किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. संजय कुमार चौधरी ने की। समारोह का शुभारंभ भगवती गीत एवं दीप प्रज्ज्वलन से हुआ।अतिथियों का स्वागत प्रो. प्रभास चंद्र मिश्र व धर्मेन्द्र कुमर ने शाल एवं चादर प्रदान कर किया। पुस्तक के लेखक डॉ. धर्मेंद्र कुमर ने बताया कि यह कृति उनके 30 वर्षों के अध्यापन अनुभव पर आधारित है, जिसे उनके गुरु प्रो. रत्नेश्वर मिश्र की प्रेरणा से रचा गया है।

डॉ. अवनींद्र कुमार झा ने पुस्तक को इतिहास शिक्षकों, छात्रों एवं आम पाठकों के लिए अत्यंत उपयोगी बताया, विशेष रूप से सोशल मीडिया पर फैल रही ऐतिहासिक भ्रांतियों के संदर्भ में। विशिष्ट अतिथि प्रो. विद्यानाथ झा ने कहा कि प्रत्येक विषय की अपनी शोध विधि होती है, और यह पुस्तक इतिहास के शोधकर्ताओं एवं शिक्षकों के लिए अत्यंत लाभप्रद सिद्ध होगी। मुख्य अतिथि प्रो. रत्नेश्वर मिश्र ने इतिहास लेखन में हो रहे परिवर्तनों एवं नवीन सिद्धांतों पर प्रकाश डाला।कार्यक्रम का संचालन डॉ. अमिताभ कुमार ने किया, धन्यवाद ज्ञापन प्रो. नैयर आज़म ने प्रस्तुत किया। इस अवसर पर प्रो. विश्वंभर झा, प्रो. माधव चौधरी, डॉ. हीरानंद आचार्य, डॉ. ऋषि कुमार राय, डॉ. नरेंद्र चौधरी, डॉ. सुशांत कुमार, डॉ. जमील हसन अंसारी सहित बड़ी संख्या में इतिहास के शिक्षक, शोधकर्ता एवं अन्य विषयों के विद्वान उपस्थित थे। समारोह में अनेक शिक्षाविद, शोधकर्ता एवं प्रबुद्ध नागरिकों की गरिमामयी उपस्थिति रही।

## राजद कार्यकर्ताओं की बैठक सम्पन्न



लोकतन्त्र की आवाज

केदार नाथ पाण्डेय
**पीरपैंती।** उच्च विद्यालय मलिकपुर के सामुदायिक भवन में राजद कार्यकर्ताओं ने समानान्तर बैठक आयोजित की।बैठक की अध्यक्षता राजद के नेता दीपनारायण यादव ने किया।विधानसभा चुनाव के पूर्व पुराने सक्रिय नेताओं ने पूर्व विधायक रामविलास पासवान पर कई गंभीर आरोप लगाए है।

राजद के नेताओ ने सर्वसम्मति से दीपनारायण यादव को तत्कालीन कार्यकारी अध्यक्ष मनोनीत किए है।इसके साथ ही संयोजक के रूप में अजय कुमार मधुकर और मुख्तार आलम को मनोनीत की गई है।

बैठक की अध्यक्षता कर रहें दीपनारायण यादव ने आरोप लगाते हुए कहा कि संगठन के अधिकारी और पूर्व विधायक रामविलास पासवान पर संगठन पुराने कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों को उपेक्षित करने का आरोप लगाया है।साथ ही नेताओं ने आरोप लगाया कि संगठन के निवर्तमान पदाधिकारी और पूर्व विधायक ने पार्टी को कमजोर कर दिया है।बैठक बुलाने वाले राजद कार्यकर्ताओं ने कहा कि वे बैठक पार्टी को मजबूत करने के लिए बुलाया था।मौके पर दीपनारायण यादव, अजय कुमार मधुकर, मुख्तार आलम, आलोक कुमार, सदानंद यादव व सहित अन्य नेतागण मौजूद रहे।

## कांग्रेस जिला अध्यक्ष बरकत खान ने किया फेबर ब्लॉक प्लांट का किया शुभारंभ

लोकतंत्र की आवाज



मामलोत सेख
**बरहरव।** बरहरवा प्रखंड क्षेत्र के अंतर्गत तेतुलीया एन.एच 80 सड़क किनारे जे.एस.ए.जिक.जेक इंटरप्राइजेज फेबर ब्लॉक मैन्युफैक्चरिंग प्लांट का शुभ उद्घाटन कोंग्रेस जिला अध्यक्ष सह विधायक प्रतिनिधि बरकत खान ने बरहरवा प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष अशोक दास सहित भाजपा नेता छद्दू लाल शाहा, मुखिया प्रतिनिधि आसराफुल शेख व कंपनी के कॉर्नर मुमताज खातून की उपस्थिति में संयुक्त रूप से किया। उक्त उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए बरकत खान ने कहा कि इस तरह की मैन्युफैक्चरिंग प्लांट का उद्घाटन होने से प्रखंड क्षेत्र वासियों को फेबर ब्लॉक ईट्टा से बनने वाले ग्रामीण सड़क आदि में बहुत सहूलियत होगा, साथ ही ये एक नई टेक्नोलॉजी वाली ब्लॉक ईंटे और चेकर्स है, अगर घर के दीवारों और फर्श पर इसका उपयोग किया जाए तो एक नए अनुभव का एहसास होगा क्योंकि हमारे इलाके के लोगों के लिए ये बिल्कुल नया अनुभव होने वाला है, ।

वहीं प्रखंड बीस सूत्री ने कहा की इस तरह की फेबर ब्लॉक मैन्युफैक्चरिंग प्लांट का ग्रामीण क्षेत्र में खुलने से लोगों को अपने कार्य करने के लिए बेहतर फेबर ब्लॉक ईट्टा अपने क्षेत्र में ही मिलेगा और लोगों का काम आसानी से होगा।वहीं मैन्युफैक्चरिंग कंपनी के कॉर्नर मुमताज खातून ने कहा कि हमारे प्लांट में अलग–अलग क्वालिटी के फेबर ब्लॉक ईट्टा बाजार मूल्य से कम दामों में बेहतर फबेर ब्लॉक ईट्टा मिलेगा। किसी को भी सड़क संबंधित या अपने घर संबंधित फेबर ब्लॉक ईट्टा की अगर आवश्यकता है तो अवश्य हमारे मैन्युफैक्चरिंग कंपनी से संपर्क कर सकते हैं। मौके पर प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष अशोक दास, भाजपा नेता छद्दू शह, कंपनी के कोकॉर्नर मुमताज खातून, कोंग्रेस नेता अश्वनी आनंद, मिर्जापुर मुखिया प्रतिनिधि आसराफुल शेख, साहिबगंज चेयरमैन तारीक़ अज़ीज़, इसराक अहमद, मोहम्मद जावेद, आलामगीर आलम, जयदूर शेख, सालिम जाहांगीर, असिकुल शेख, मोहम्मद हाशिम, नादीम अख्तर सहित अन्य मौजूद थे।

## लालू प्रसाद एवं पूर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव से विपिन मंडल ने किया मुलाकात

लोकतंत्र की आवाज





मोहम्मद सबरार आलम
**बिहपुर।** रविवार को बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री श्री लालू प्रसाद यादव एवं राष्ट्रीय जनता दल के पूर्व उपमुख्यमंत्री श्री तेजस्वी यादव जी से बिहपुर निवासी राजद नेता विपिन कुमार मंडल ने औपचारिकताएं मुलाकातें किया। विपिन मंडल ने बताया कि राजद के कई बड़े पदाधिकारी वह पूर्व मंत्री से मुलाकात हुई। उन्होंने कहा कि पूर्व उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव से मुलाकात कर क्षेत्र की समस्या से अवगत कराया और कई अहम बातें हुई। विपिन मंडल ने कहा कि श्री तेजस्वी यादव ने आश्वासन दिया कि क्षेत्र की जो भी समस्या है। हमारी सरकार बनते ही समस्या का समाधान किया जाएगा।

विपिन मंडल ने प्रेस से बात करते हुए कहा कि श्री तेजस्वी यादव ने बिहार में चल रहे राजद सदस्यता अभियान को लेकर शहर व गांव से लेकर घर–घर तक जाकर राष्ट्रीय जनता दल के विचारधाराओं से आम जनता को अवगत कराएं और राजद की सदस्यता दिलाएं। राजद नेता विपिन मंडल ने कहा कि हमारी सरकार बनते ही जितने भी योजना का घोषणा हमारे पूर्व उप मुख्यमंत्री श्री तेजस्वी यादव ने किया है ।वह सारे वादे पूरे किए जाएंगे। मिलेंगे युवाओं को रोजगार। विपिन मंडल ने कहा कि राष्ट्रीय जनता के सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव से मिलकर आशीर्वाद प्राप्त हुआ। मौके पर, भागलपुर विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी सह पूर्व पंचायती राज्य प्रकोष्ठ के प्रदेश महासचिव सैयद बसर अली, किसान प्रकोष्ठ भागलपुर जिला अध्यक्ष सैयद जमा अली, आपदा प्रकोष्ठ के भागलपुर जिला अध्यक्ष इरशाद फतेहपुरी, गुलशन यादव, अरविंद यादव, कुंदन मिश्रा, राजा गोस्वामी, वन्य राजद कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## बिहार राज्य किसान 20 वा सम्मेलन संपन्न

लोकतंत्र की आवाज



मोहम्मद सबरार आलम
**बिहपुर।** बिहार राज्य किसान सभा का 20वां बिहपुर अंचल सम्मेलन रविवार को बिहपुर प्रखंड के बभनगामा में संपन्न हुआ।सममेलन को संबोधित करते हुए राज्य सचिव मंडल सदस्य सह जिला संयोजक निरंजन चौधरी ने कहा कि 25 फरवरी को भगलपुर भीखनपुर गुमटी नंबर 12 में जिला सम्मेलन व तीन से पांच मार्च तक मोतिहारी में राज्य सम्मेलन होना निश्चित है।वहीं इस सम्मेलन में निवेदन चौधरी, वशिष्ठनारायण चौधरी, जयशंकर प्रसाद सिंह, भवेश कुमार मिश्रा, शारदासुमन चौधरी, मनोज कुमार व मुस्ताक अहमद आदि ने कहा कि अंचल सम्मेलन में किसानों के समस्या व उसके हल के अलावा किसान हित व विकास से संबधित मुद् ?दों पर चर्चा हुई

।बड़ी संख्श में उपस्थित किसानों ने अपनी समस्याओं को रखा।सरकार से मांग किया गया कि किसान को उत्थान व विकास के लिए क्षेत्र में खाद्य प्रसंस्करण उद्योग स्थापित करने की मांग की गई।जिससे न सिर्फ किसानों की स्थिति सुधरेगी।बल्कि मजदूरों का पलायन भी रूकेगा।

पशुपालन व मत्स्यपालन आदि को प्रौतसाहित किया जाय।जिससे नए–नए रोजगार का सृजन भी होगा।सरकार से कृषि पर कुल लागत, पारिवारिक सहयोग व मालगुजारी समेत एमएसपी और स्वामीनाथन रिपोर्ट विचार करने की मांग की गई।वहीं कृषि को संवाक्षेत्र घोषित करने, किसान पेशन राशि दस हजार रूपया देने व किसानों के सभी प्रकार के बैंक त्रृण को माफ किया जाय।

वहीं इस अंचल सम्मेलन की अध्यक्षता मंसूर आलम व संचालन राकेश कुमार सिंह ने किया।इस सम्मेलन में 11सदस्यी अंचल कमेटी गठित किया गया।जिसमें मंसूर आलम को अध्यक्ष व राकेश कुमार सिंह अंचल सचिव चुना गया।

## रलोमो जिलाध्यक्ष ने चलाया जनसंपर्क अभियान

लोकतंत्र की आवाज



**समस्तीपुर।** मोरवा राष्ट्रीय लोक मोर्चा जिलाध्यक्ष विनोद चौधरी निषाद के द्वारा रविवार को मुरादपुर बंगरा एवं मोरवा उत्तरी पंचायत के मोरवा हाट व लसकारा वार्ड तीन मे सघन जनसम्पर्क अभियान चलाया। अध्यक्षता क्रमशः मोरवा प्रखंड अध्यक्ष अनिल सिंह कुशवाहा एवं ताजपुर प्रखंड अध्यक्ष अमरजीत कुमार ने की।

वही कार्यकर्ताओ से अपील करते हुए कहा जिला अध्यक्ष श्री निषाद ने कहा कि आगामी 27 फरवरी क़ो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, मुख्यमंत्री नितीश कुमार एवं राष्ट्रीय लोक मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह सांसद उपेंद्र कुशवाहा के हाथों क़ो मज़बूत करने हेतु भारी संख्या मे पटेल मैदान समस्तीपुर में पहुंचने का संकल्प लिया गया।

जनसम्पर्क अभियान का नेतृत्व कर रहीं प्रदेश अध्यक्ष महिला सह प्रभारी इ. स्मृति कुमुद ने कहा की आप लोगों की सहभागिता ही माननीय उपेंद्र कुशवाहा की मज़बूती प्रदान करेंगे। मौक़े पर प्रदेश महासचिव देवनारायण सिंह, जिलामहासचिव सह प्रवक्ता रामानंद सिंह, मो बशीर, नागेश्वर राम मुकेश कुमार चौधरी, सुजीत कुमार पटेल, रणधीर कुमार राय, अभिषेक कुमार, संजय चौधरी निषाद सहित दर्ज़नों कार्यकर्त्ता मौजूद रहे।

## आज पहुंचेंगे भागलपुर देश के प्रधानमंत्री किसानों को मिलेगा सौगात

लोकतंत्र की आवाज





- विधायक ई शैलेंद्र के नेतृत्व में हजारों की संख्या में भागलपुर पहुंचेंगे कार्यकर्ता

मोहम्मद सबरार आलम
**बिहपुर।** भागलपुर हवाई अड्डा में आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की होने वाली किसान सम्मान जनसभा के तैयारी को बिहपुर विस में भाजपा व एनडीए के नेता व कार्यकर्ताओं द्वारा अंतिम रूप दे दिया है।इसी कडी में रविवार को बिहपुर एनडीए कार्यालय में भाजपा के प्रदेश संगठन महामंत्री भीखू भाई दलसानिया पहुंचे।विधानसभा में विधायक इ.शैलेंद्र के अलावा प्रवास करने वाले प्रदेश, जिला, मंडल एवं बूथ स्तर के कार्यकर्ताओं के साथ आज होने वाली पीएम मोदी की जनसभा को लेकर विहपुर विस में तैयारियों की जानकारी ली व उसका समीक्षा किया.समीक्षा बैठक का संचालन नवगछिया पुलिस जिला भाजपा मुख्य प्रवक्ता प्रो.गौतम ने किया।

मौके पर प्रदेश संगठन महामंत्री भीखू भाई दलसानिया ने कहा कि भागलपुर में आज पीएम मोदी की सभा ऐतिहासिक होगी।कार्यक्रम को लेकर पूरे क्षेत्र में आमलोगों से लेकर किसानों में भारी उमंग देख जा रहा है।वहीं विधायक ने कहा कि बिहपुर विस से दस हजार किसान व आमलोग के भाजपा व एनडीए के कार्यकर्ता सूबह सात बजे ही भागलपुर हवाईअड्डा पहुंचने के लिए रवाना होने लगेगें।जिसकी पूरी व पुख्ता तैयाी है।वहीं इस समीक्षा बैठक के पूर्व प्रदेश संगठन मंत्री समेत खगड़िया भाजपा जिलाध्यक्ष, नवगछिया के पूर्व जिलाध्यक्ष बिनोद मंडल को विधायक श्री शैलेंद्र समेत पार्टी नेताओं व कार्यकर्ताओं ने अंगवस्त्र भेंटकर सम्मानित किया।

बैठक में भाजयुमो जिलाध्यक्ष रूपेश कुमार रूप, बिस भाजपा के संयोजक दिनेश यादव, बीएलए वन इ.कुमार गौरव, प्रभु चौधरी, अजय उर्फ माटो, सदानंद, लालमोहन, सिंटू मंडल, कन्हैया झा व नीतेश चाँधरी बिहपुर विस के सभी छह मंडल अध्यक्ष भी उपस्थित थे।वहीं इस समीक्षा बैठक के बाद भी विधायक इ.शैलेंद्र पूरे दिन पार्टी नेताओं व कार्यकर्ताओं संग आज के कार्यक्रम को मूर्तरूप देने में जुटे दिखे।

## संक्षिप्त खबरें ।

### मोतिहारीः हरसिद्धि पुलिस ने निजी फाइनेंसकर्मी से लूटकांड मामले में लूटेरे को किया गिरफ्तार



ब्यूरो चीफ शशिकांत
पूर्वी चम्पारणः जिले के हरसिद्धि थाना क्षेत्र के दनही में हुए लूटकांड का पुलिस ने सफ़ल उद्भेदन करते हुए दो अपराधियों को पकड़ा है। पकड़े गए अपराधियों में दो के पास से देशी पिस्टल भी बरामद हुआ है। बता दें कि 10 फ़रवरी को दनही मखुआ पुल के समीप से अपराधियों ने एक निजी फाइनेंस कर्मी से रुपए लूट लिया था। इस मामले में हरसिद्धि पुलिस को सफलता मिली है। पुलिस सूत्रों के अनुसार पकड़े गए दोनों लुटेरों के पास से हथियार व लूट की राशि भी पुलिस ने बरामद कर लिया है। पकड़े गए लुटेरों ने गैंग के और भी छह अपराधियों का खुलासा किया है। वहीं पुलिस ने अन्य अपराधियों को पकड़ने के लिए लगातार छापेमारी करने में जुट गई है। इसी गैंग ने मुरारपुर में भी कलेक्शन एजेंट से लूटा था रुपया। पुलिस ने बताया कि पकड़े गए अपराधियों के पास से एक देशी कट्टा व कारतूस के साथ 5000 रुपया भी बरामद किया गया है। पकड़े गए अपराधियों में मानिकपुर के शिवनारायण राम का पुत्र विशाल कुमार व चंदेश्वर राम का पुत्र वीरेंद्र राम शामिल हैं। वहीं मोतिहारी एसपी स्वर्ण प्रभात ने कहा कि कांड में शामिल अन्य की गिरफ्तारी के पुलिस छापेमारी कर रही है।

### मोतिहारीः हादसे की शिकार हुई उत्पाद पुलिस की गाड़ी, तीन जवान और ड्राइवर बुरी तरह से घायल



ब्यूरो चीफ शशिकांत
मोतिहारीः पूर्वी चंपारण जिले से एक खबर सामने आई है। जहां उत्पाद विभाग की गाड़ी हादसे की शिकार हो गई। इस हादसे में गाड़ी पर सवार तीन जवानों समेत गाड़ी का ड्राइवर बुरी तरह से घायल हो गया है। घटना चकिया एसआरपी कॉलेज के पास में एनएच 28 की है। घटना की जानकारी मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने सभी घायल जवानों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया है, जहां से ड्राइवर को बेहतर इलाज के लिए मुजफ्फरपुर रेफर कर दिया है। बताया जा रहा है कि उत्पाद विभाग के जवान गाड़ी लेकर तेल भरवाने जा रहे थे, तभी उनकी गाड़ी हादसे की शिकार हो गई।

### पुराने विवाद को लेकर अलग अलग जगहों हुई मारपीट चार लोग घायल

ब्यूरो चीफ नीरज मिश्रा
बगहा। पुराने विवाद को लेकर दो अलग अलग जगहों पर हुई मारपीट में दोनों पक्ष से चार लोग घायल हो गए। स्वजन के द्वारा इलाज के लिए अनुमंडलीय अस्पताल भर्ती कराया गया। जहां कार्यरत चिकित्सक डॉ. एसपी अग्रवाल ने तीनों का इलाज किया। घायलों में चौतरवा थाना क्षेत्र के बरियरवा गांव निवासी 40 वर्षीय अनिरुद्ध यादव, 19 वर्षीय दिलीप कुमार, 51 वर्षीय सुरेश यादव, 20 वर्षीय नन्हें कुमार शामिल हैं। इसमें सुरेश यादव को गंभीर चोट आई हैं। सुरेश वाल्मीकि नगर थाना के धंगरहिया गांव निवासी हैं। इने ही पट्टीदारों ने मारपीट करके घायल कर दिया हैं। चिकत्सक ने सिटी स्कैन लिखा है। स्वजन की माने तो पुराने विवाद को लेकर हिंसक झड़प हुई है। चिकित्सा के इलाज के बाद सभी को सामान्य बताया है। चिकित्सक ने वाल्मीकि नगर व चौतरवा पुलिस को दोनों पक्ष के घायलों को संपर्क करने के लिए लिखा है। पुलिस मामले कि जांच कर रही है।

# पुलिस सप्ताह दिवस के अवसर पर पब्लिक एकता मैत्री क्रिकेट मैच का हुआ आयोजन

## पुलिस प्रशासन टीम ने जनप्रतिनिधि टीम को हराकर की जीत दर्ज



लोकतंत्र की आवाज

**भैरोगंज ।** हाई स्कूल खेल के मैदान पर पुलिस सप्ताह दिवस के अवसर पर रविवार को पुलिस प्रशासन एवं स्थानीय जनप्रतिनिधि टीम के बीच पुलिस पब्लिक एकता मैत्री क्रिकेट मैच खेला गया। जिसमें पुलिस प्रशासन की टीम ने जन प्रतिनिधि टीम को दो विकेट से पराजित किया। मैच का शुभारंभ बगहा एसडीपीओ कुमार देवेंद्र एवं पूर्व विधायक प्रभात रंजन सिंह ने संयुक्त रूप से फिता काटकर किया। पहले टॉस जीतकर जनप्रतिनिधि की टीम ने निर्धारित 10 ओवर के मैच में बल्लेबाजी करते हुए 7 विकेट पर 74 रनो का लक्ष दिया। जिसके जवाब में उत्तरी पुलिस प्रशासन की टीम ने 10 ओवर में 9 विकेट पर 79 रन बनाकर मैच को जीत लिया। प्रशासन टीम के तरफ से सर्वाधिक तीन विकेट लेने वाले भैरोगंज थानाध्यक्ष महेश कुमार को मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया गया। वहीं धनहा थानाध्यक्ष धर्मवीर कुमार भारती ने जीत के लिए संघर्ष कर रही प्रशासन की टीम को छक्का लगाकर मैच में बनाए रखा। अंतिम गेंद पर भितहा थाना में कार्यरत पुलिस जवान अनिल कुमार ने छक्का लगाकर प्रशासन की टीम को जीत दिलाई । विजेता प्रशासन टीम को जीनियस क्रिकेट क्लब भैरोगंज के तरफ से ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। मैच में निर्णायक की भूमिका अमर कुमार एवं अंकित कुमार ने निभाई। कमेंट्री के लिए वरुण तिवारी एवं नेपाल के लिटिल गुरु ने भूमिका निभाई। वही स्कोर के रूप में कन्हैया कुमार ने स्कोरिंग का कार्य किया। इसके दौरान मौके पर पुलिस इंस्पेक्टर बगहा संजय कुमार पाठक, अभय कुमार पुलिस इंस्पेक्टर रामनगर, अनिल कुमार गुप्ता गोवर्धना थानाध्यक्ष , अमन कुमार लौकरिया थानाध्यक्ष, जिलापरिषद बृजबिहारी यादव, बीडीसी जयप्रकाश यादव, जिलापरिषद वीरेन्द्र राम, जनसुराज पार्टी के महिला नेत्री सह खटोरी पंचायत के मुखिया अस्मिता चौरसिया, दीपक सिंह, संजय राम सहित तमाम गणमान्य तथा हजारों के तादाद में दर्शक मौजूद थे।

## मोतिहारीः अज्ञात ट्रक ने बाइक सवार तीन को कुचला, दो की मौत



लोकतंत्र की आवाज

**ब्यूरो चीफ शशिकांत**
**पूर्वी चम्पारण।** जिले से एक दर्दनाक ख़बर निकल कर सामने आया है। जहा कल्याणपुर थाना क्षेत्र के केसरिया चकिया पथ के बहुआ चौक स्थित मॉल से 200 मीटर आगे ट्रक व बाईक के टक्कर में दो युवक की मौत व एक लड़की के घायल होने का मामला प्रकाश में आया है। इस घटना में केसरिया थाना क्षेत्र के दरमाहा पंचायत के कमख्या राय के 22 वर्षीय पुत्र कुन्दन कुमार व कल्याणपुर थाना क्षेत्र के कैथवलिया गांव के हरेंद्र पटेल के 12 वर्षीय पुत्र मिट्ठू कुमार की घटना स्थल पर ही मौत हो गई। जबकि नरेन्द्र पटेल की 18 वर्षीय पुत्री काजल कुमारी गंभीर रूप से घायल हैं। जिसके इलाज के 112 की पुलिस प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र कल्याणपुर ले गई है। जिसकी स्थिति गंम्भीर बताई जा रही है इसकी सूचना मिलते ही पुलिस ने घटना स्थल पर पहुंच कर दोनों शव को अपने कब्जे मे लेकर पोस्टमार्टम के लिए मोतिहारी भेज दिया है। जानकारी के अनुसार मृतक कुन्दन अपने हुण्डा साईन मोटरसाइकिल जिसका नम्बर बी, आर 06 डी भी 0502 से केसरिया की तरफ से चकिया की तरफ जा रहा था। इसी क्रम मे चकिया से आ रहे अज्ञात ट्रक ने ठोकर मार कर भागने में सफल रहा। दोनों मृतक का परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है।

## मोतिहारीः ज़मीन कारोबारी कृष्णा सहनी हत्याकांड में पुलिस अपराधी को किया गिरफ्तार



लोकतंत्र की आवाज

**ब्यूरो चीफ शशिकांत**
**मोतिहारी।** प्रॉपर्टी डीलर कृष्णा सहनी हत्याकांड का पुलिस ने किया सफ़ल उद्भेदन...जमीन कारोबार संबंधी विवाद में की गईं हत्या, पुलिस ने शूटर को ऑटोमैटिक पिस्टल व कारतूस के साथ पकड़ा, कृष्णा के पड़ोसी राजकिशोर सहनी के पुत्र गोलू कुमार सहनी को पुलिस ने दबोचा लिया है। इस मामले में गोलू के बड़े भाई बिट्टू सहनी व मजूराहा के हासिम ने मिलकर की थी हत्या, एसपी स्वर्ण प्रभात ने अपराधी बिट्टू व हासिम पर 15–15 हजार रूपया इनाम की घोषणा की, एसपी स्वर्ण प्रभात ने कहा, सरेंडर नहीं करने पर दोनों के घर की होगी कुर्की जब्ती। बता दें कि पुलिस अधीक्षक ने एएसपी सदर के नेतृत्व में मामले के त्वरित उद्भेदन के लिए एसआईटी का गठन किया है।

## मोतिहारीः मैट्रिक के छात्र की परीक्षा केंद्र के बाथरूम में गिरने से हुई मौत, डॉक्टर ने बताया ब्रेन हेमरेज मृतक लड़के की पहचान तुरकौलिया के राजाराम साह हाई स्कूल के छात्र विशाल कुमार के रूप में की गई है



लोकतंत्र की आवाज

**ब्यूरो चीफ शशिकांत**
**मोतिहारी।** मैट्रिक के छात्र की परीक्षा केंद्र के बाथरूम में गिरने से हुई मौत। घटना पूर्वी चंपारण जिले के चकिया प्रखंड के चिंतामनपुर परीक्षा केंद्र की है, जहां मैट्रिक का छात्र परीक्षा केंद्र के बाथरूम में गिर गया। गिरते ही वह बेहोश हो गया। आनन– फानन में उसे डॉक्टर के पास ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए पटना रेफर कर दिया। परिजन उसे पटना के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराए, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। डॉक्टरों ने बताया कि परीक्षार्थी को ब्रेन हेमरेज हो गया था। मृतक लड़के की पहचान तुरकौलिया के राजाराम साह हाई स्कूल के छात्र विशाल कुमार के रूप में की गई है। इस संबंध में चकिया प्रखंड के चिंतामणपुर परीक्षा कोषांग प्रभारी पीतांबर प्रसाद ने बताया कि उक्त छात्र परीक्षा केंद्र में आते ही बाथरूम गया, जहां उसे उल्टियां होने लगी। इसी दौरान विशाल बेहोश होकर गिर गया। लड़कों की नजर उसपर जैसे ही पड़ी, बच्चों ने हल्ला करना शुरू कर दिया। बच्चों के शोरगुल को सुनकर जब शिक्षक बाथरूम पहुंचे, तो देखा कि विशाल बाथरूम में बेहोश पड़ा था। आननफानन में शिक्षक उसे मूर्छित अवस्था में परिजन के साथ एम्बुलेंस से पहले मोतिहारी सदर अस्पताल ले गये, जहां डॉक्टरों ने उसको गंभीर स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए पटना रेफर कर दिया। फिर परिजन विशाल को लेकर पटना के लिए निकल पड़े। पटना के एक निजी अस्पताल में उसे भर्ती कराया गया, जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

## बगहा विधायक ने कार्यकर्ताओं के साथ बूथ संख्या–278 पर मन की बात को सुने



लोकतंत्र की आवाज

**ब्यूरो चीफ नीरज मिश्रा**
**बगहा ।** विधायक राम सिंह ने कार्यकर्ताओं के साथ विधानसभा के बूथ संख्या–278 पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात को सुने।हर माह के अंतिम रविवार के भांति इस फरवरी माह के अंतिम रविवार को आज परसौनी मंडल के इंग्लिशिया में बूथ संख्या–278 पर देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के मन की बात के 119वें एपिसोड को स्थानीय विधायक राम सिंह एवं कार्यकर्ताओं के साथ सुना गया।स्थानीय विधायक ने कहा कि प्रधानमंत्री जी के मन की बात के इस एपिसोड में ए आई,इसरो एवं क्रिकेट के ऊपर चर्चा काफी रोचक एवं प्रेरणादायक था।कार्यक्रम में उपस्थित भाजपा जिलाध्यक्ष अचिन्त्य कुमार लल्ला ने कहा कि मन की बात कार्यक्रम में क्रिकेट और इसरो का ज़िक्रकरके प्रधानमंत्री ने देश के वैज्ञानिकों एवं खिलाड़ियों का मान बढ़ाया है और उन्हें प्रोत्साहित किया है।कार्यक्रम में बगहा भाजपा के जिलाध्यक्ष अचिन्त्य कुमार लल्ला,जिला उपाध्यक्ष रितु जायसवाल,मंडल अध्यक्ष अरविंद दुबे,आशु राव,विनोद साह,गुलाम मियां,सुनील प्रसाद सहित अन्य कार्यकर्ता बंधु उपस्थित थे।

## वाहन जांच अभियान में पुलिस के द्वारा वसूला गया 1,63,500 हजार रुपए जुर्माना



लोकतंत्र की आवाज

**ब्यूरो चीफ नीरज मिश्रा**
**बगहा।** पुलिस जिला अंतर्गत विगत 24 घंटो में 40 वारंटों का निष्पादन किया है वही अन्य कांड व कांड में 6 एवं वारंट में 11 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया हैं। वही दूसरी ओर पुलिस ने अपराध नियंत्रण को लेकर चलाए गए सघन वाहन जांच में 1,63,500 रुपए जुर्माना वसूला गया। इसकी जानकारी बगहा एसपी सुशांत कुमार सरोज ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर दिया। एसपी ने बताया कि इस प्रकार चौतरवा थाना द्वारा शराब कांड में 03, नौरंगिया थाना द्वारा वारंट कांड में 03, बगहा थाना द्वारा वारंट में 03, लौकरिया थाना द्वारा वारंट में 02, बथवरिया थाना द्वारा अन्य कांड में 01, भैरोगंज थाना द्वारा वारंट में 01, वाल्मीकि नगर थाना द्वारा वारंट में 01, भितहा थाना द्वारा अन्य कांड में 01, धनहा थाना द्वारा अन्य कांड में 01, रामनगर थाना द्वारा वारंट में एक तथा अन्य कांड में 01 अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। एसपी ने बताया कि पुलिस ने इस प्रकार कुल–40 वारंटों का निष्पादन किया गया है, जिसमें जमानतीय 16 अजमानतीय 24 शामिल है। वही दूसरी ओर अपराध नियंत्रण के दृष्टिकोण से वाहन जॉच किया गया जॉच के क्रम में बगहा थाना द्वारा 45,000, चौतरवा थाना द्वारा–8,000, रामनगर थाना द्वारा–37,000, पटखौली थाना द्वारा 8,000, नौरंगिया थाना द्वारा–8,000, भैरोगंज थाना द्वारा–2,000 चिउटहाँ थाना द्वारा 1,000, सेमरा थाना द्वारा–3,000, नदी थाना द्वारा– 12,000, गोवर्धना थाना द्वारा – 11,500, वाल्मीकि नगर थाना द्वारा–7,000, लौकरिया थाना द्वारा–7,000, बथवरिया थाना द्वारा–5,000 धनहा अंचल द्वारा–3,000, धनहा थाना द्वारा–2,000, यातायात थाना द्वारा–4,000, इस प्रकार कुल 1,63,500/– का जुर्माना लगाया है।

## निर्धारित लक्ष्य पूरा करने में लगा विद्युत विभाग, कार्यपालक अभियंता




लोकतंत्र की आवाज

**ब्यूरो चीफ नीरज मिश्रा**
**बगहा।** मार्च क्लोजिंग को लेकर सभी विभाग क्लोजिंग की तैयारी में लग जाता है। विद्युत विभाग निर्धारित लक्ष्य को पूरा करने में लग गया हुआ है। विद्युत विभाग के कार्यपालक अभियंता आलोक अमृतांशु ने इसकी जानकारी देते हुए बताया कि विगत साल प्रत्येक माह में नौ करोड़ 80 लाख राजस्व का लक्ष्य मिला था। हम लोग लक्ष्य से अधिक वसूली किए थे। अब इस साल विभाग ने प्रत्येक माह 16 करोड़ 87 लाख का लक्ष्य निर्धारित किया है। इस लक्ष्य को देखते हुए जनवरी माह में हम लोग 11.87 लाख राजस्व जमा किए है। लगातार अभियान चलाया जा रहा है। लक्ष्य को पूरा करने के लिए पूरी टीम लगी हुई है। इसके साथ ही बताया कि सरकारी कार्यालयों में बकाया राशि के लिए भी लगातार प्रयास जारी है। नगर परिषद बगहा पर दो करोड़, फारेस्ट पर 97 लाख, नल जल पर 50 लाख, स्टेट ट्यूबवेल पर एक करोड़ 41 लाख जलसंसाधन विभाग आदि पर बकाया है। इसके साथ ही बताया कि अनुमंडल प्रशासन, पुलिस विभाग, एसएसबी आदि ने राशि जमा करा दिया है। नल जल पंचायत के सचिव व वार्ड के पहल पर जमा कराने का प्रयास किया जा रहा है। वहीं मुखिया आदि सहयोग भी राशि जमा कराने के लिए लिया जा रहा है।

# बेतियाः संत गाडगे जी महाराज की जयंती धूमधाम से मनाई गई



लोकतंत्र की आवाज

**क्षितिज राज**
**बेतियां ।** `स्थानीय बनुछपर स्थित महेंद्र कॉलोनी में जनता दल यूनाइटेड के वरिष्ठ नेता नंदकिशोर चौधरी के आवास पर रविवार को संत गाडगे जी महाराज की जयंती धूमधाम से मनाई गई तथा उनके विचारों को वक्ताओं द्वारा रखा गयो इस अवसर पर कार्यक्रम के आयोजक नंदकिशोर चौधरी ने कहा कि संत गाडगे जी महाराज का पूरा जीवन समाज के लोगों को जागरूक करने में व्यतीत हुओ वे स्वयं अनपढ़ होते हुए भी बच्चों को शिक्षित करने का आह्वान किया तथा कहा कि दो रोटी कम खाओ किंतु अपने बच्चों को जरूर पढ़ाओ क्योंकि शिक्षा से ही विकास का रास्ता खुलता है हमें नशा पान एवं अंधविश्वास से दूर रहने की जरूरत है`हमें गाडगे जी महाराज के बताए गए रास्ते पर चलने की जरूरत है`जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए जनता दल यूनाइटेड के जिला अध्यक्ष शत्रुघ्न प्रसाद कुशवाहा ने कहा कि हम अपनी गरीबी को और पिछड़ापन को दूर करना चाहते हैं तो शिक्षित होना होगा और संत गाडगे जी महाराज के बताए गए रास्ते पर चलना होगा`वही कार्यक्रम का संचालन करते हुए साहित्यकार– वरिष्ठ कवि डॉक्टर गोरखपुर प्रसाद मस्ताना ने कहा कि संत गाडगे जी महाराज ने जो काम समाज के उत्थान के लिए किया वह आज भी उनके नाम से महाराष्ट्र में कई संस्थान चलाए जाते हैं मौके पर डा.उपेंद्र कुमार ,डॉक्टर प्रेम कुमार ,मुन्ना राव ,अमृता बाला, रामकिशोर बैठा, शैलेंद्र कुमार, उषा बौद्ध ,संजय बौद्ध, राकेश फूले ,वीरेंद्र प्रसाद कुशवाहा ,देवनारायण राम ,मनोज कुमार ,मधुसूदन गुप्ता ,एस.के. राव सहित कई अन्य उपस्थित रहे हैं तथा अपनी बातों को रखो

## संक्षिप्त खबरें ।

### सेनानी के आश्रितों को पेंशन मिले



केदार नाथ पाण्डेय
पीरपैंती। स्वतंत्रता सेनानी उत्तराधिकारी संगठन मांगों को लेकर 23, और 24 मार्च को पटना में एक सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। संगठन के प्रदेश उपाध्यक्ष महेश रजक ने बताया कि संरक्षक बिहार सरकार के पूर्व शिक्षा मंत्री वृषण पटेल के नेतृत्व में पटना में एक बैठक कर संगठन का विस्तार किया गया ।संगठन में शामिल सदस्यों की सरकार से मांग है कि आजादी में योगदान और बलिदान देने वाले स्वतंत्रता संग्राम सेनानी के उत्तराधिकारी को सरकार पेंशन दे ,सरकारी नौकरी में आरक्षण दे । स्वतंत्रता संग्राम के सेनानी के आश्रितों के परिवार का समुचित सुविधा प्रदान करें।

### सिरदला:कांडो में फरार बाइक सवार धंधेबाज गिरफ्तार

प्रदीप प्रसाद संवाददाता
सिरदला नवादा–परना डाबर पुलिस ने मढ़ी क्लौन्दा के रोड से 15 लीटर में हुआ शराब के साथ एक बाइक सवार धंधेबाज को गिरफ्तार किया है। परना डाबर थाना अध्यक्ष रंजन चौधरी से प्राप्त जानकारी के अनुसार गिरफ्तार धंधेबाज की पहचान मढ़ी कलौंदा गांव निवासी बुधन सिंह के पुत्र अजय सिंह बताया गया है। परना डाबर थाना अध्यक्ष ने बताया कि इसके पहले भी इस व्यक्ति के विरुद्ध सिरदला तथा परना डाबर थाना में शराब के कई मामले दर्ज हैं। तथा जेल भी जा चुका है। ताजा मामला 31 दिसंबर 2024 को अभियुक्त की कार से शराब बरामद किया गया था। इस मामले में कांड संख्या दर्ज किया गया था ।व्यक्ति फरार चल रहा था। गिरफ्तार अभियुक्त को पुलिस ने व्यवहार न्यायालय नवादा भेज दिया है।

### सिरदला: पुलिस ने चलाया हेलमेट चेकिंग अभियान



प्रदीप प्रसाद संवाददाता
सिरदला नवादा–परना डाबर पुलिस ने थाना गेट के समीप दोपहिया वाहन का हेलमेट चेकिंग अभियान चलाया। यह अभियान थाना अध्यक्ष रंजन चौधरी के द्वारा उच्च अधिकारियों के निर्देश पर चलाया गया है। इस दौरान बिना हेलमेट के सफर करने के आरोप में 10 बाइक चालकों से ?10000 का चालान काटा गया है। इस दौरान एएस आई पूजा कुमारी ने बताया कि सड़क सुरक्षा सभी उपयोगकर्ता को जरूरी है। सड़क सुरक्षा के लिए जागरूकता पैदा करना और सड़क दुर्घटनाओं को रोकना सरकार और आम नागरिकों का एक साथ मिलकर करने का काम है। मौके पर बीएमपी व जिला बल के पुलिस जवान मौजूद थे।

### सिरदला: पुलिस सप्ताह पर किया गया पौधारोपण दिया पर्यावरण सुरक्षा का संदेश

प्रदीप प्रसाद संवाददाता
सिरदला नवादा–पुलिस सप्ताह के तहत परना डाबर थाना परिसर में पधारोपण का कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान पुलिस पदाधिकारी ने फलदार वृक्षों के पौधे लगाकर बृक्षों के बचने तथा पर्यावरण सुरक्षा का संदेश दिया। इस दौरान थाना अध्यक्ष रंजन चौधरी ने बताया कि जब तक हरियाली कायम रहेगी, तभी तक हमारी जिंदगी बची रहेगी, मौके पर एस आई पूजा कुमारी,एस आई संजय कुमार द्विवेदी, सहित कई पुलिसकर्मी उपस्थित थे।

# पटना:माले के सभी विधायकों ने इलाकों में किया कैंप, जनता के सवालों को किया इकट्ठा, बदलो बिहार महाजुटान की सफलता को लेकर बैठक

**बदलो बिहार का एजेंडा अब राज्यभर में सुनाई दे रहा है और यह आवाज विधानसभा में भी गूंजेगी**



लोकतंत्र की आबाज

**पटना।** विधानसभा सत्र के मद्देनजर भाकपा–माले विधायक दल की एक अहम बैठक आयोजित की गई। बैठक में 'बदलो बिहार महाजुटान' के तहत उठाए जा रहे मुद्दों और आंदोलनकारी ताकतों के सवालों को विधानसभा में जोरदार तरीके से उठाने की रणनीति पर चर्चा की गई। विधायक दल ने कहा कि भाजपा–जदयू सरकार का इकबाल पूरी तरह से खत्म हो चुका है, और बिहार की जनता अब बदलाव चाहती है। यह समय राज्य के राजनीतिक परिदृश्य को बदलने का है। बैठक में माले विधायक दल के उपनेता सत्यदेव राम, सचेतक अरुण सिंह, वीरेन्द्र प्रसाद गुप्ता, संदीप सौरभ, गोपाल रविदास, महानंद सिंह, अमरजीत कुशवाहा, एमएलसी शशि यादव, रामबलि सिंह यादव समेत कई विधायक और पार्षद उपस्थित थे। हालांकि कुछ विधायक क्षेत्रीय कार्यों के कारण बैठक में शामिल नहीं हो सके। माले राज्य सचिव कुणाल और पोलित ब्यूरो सदस्य धीरेन्द्र झा भी बैठक में उपस्थिति रहे। विधायक दल ने इस बार विधानसभा में जनांदोलनों से जुड़े मुद्दों को मजबूती से उठाने का निर्णय लिया है। इसमें विशेष रूप से जीविका कार्यकर्ताओं, आशा–आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, रसोइयों, माइक्रोफाइनेंस से प्रभावित महिलाओं, रात्रि प्रहरी, विद्युत मानव बल, ग्रामीण चिकित्सकों, लाइब्रेरियन, फार्मासिस्ट, डाटा एंट्री ऑपरेटर, सहायक उर्दू अनुवादक, होमगार्ड, बेलट्रोन संचालित कार्यपालक सहायक, जेपी सेनानी, स्वच्छता कार्यकर्ता, चौकीदार संघ, किसान सलाहकार और अन्य संघर्षरत श्रमिकों के मुद्दे शामिल हैं। इन मुद्दों को एकत्रित किया जा रहा है, और इन्हें विधानसभा में उठाकर सरकार से जवाब मांगने की योजना बनाई गई है। इसके अलावा, पर्चाधारियों की बेदखली, मुसहर समुदाय पर बढ़ते हमले, हर प्रखंड में डिग्री कॉलेज की स्थापना, सिकमी बटाईदारों को उनका पुश्तैनी हक, सभी गरीब परिवारों को एकमुश्त 2 लाख रुपये देने, 2013 के रेट के अनुसार भूमि अधिग्रहण का मुआवजा देने, वृद्धावस्था और विधवा पेंशन 3000 रुपये करने, सभी जरूरतमंदों को 200 यूनिट मुफ्त बिजली देने जैसे महत्वपूर्ण सवालों पर भी चर्चा की गई। इन सवालों को विधानसभा में उठाने की रणनीति पर विस्तार से विचार किया गया। माले विधायक दल ने यह भी स्पष्ट किया कि 'बदलो बिहार' का एजेंडा अब राज्यभर में सुनाई दे रहा है और यह आवाज विधानसभा में भी गूंजेगी। इसके साथ ही महाजुटान में स्नेहा कुशवाहा बलात्कार–हत्याकांड और जमुई में मस्जिद के सामने हनुमान चालीसा के पाठ के जरिए उन्माद फैलाने की साजिश को भी प्रमुख मुद्दा बनाया जाएगा। स्नेहा कुशवाहा कांड, भाजपा–जदयू सरकार के तहत महिलाओं की सुरक्षा और अल्पसंख्यक समुदायों के प्रति नकारात्मक रवैये को बेनकाब करता है। भाजपा–जदयू शासन में न तो महिलाएं सुरक्षित हैं और न ही अल्पसंख्यक समुदाय। महाजुटान की सफलता सुनिश्चित करने के लिए सभी विधायकों ने अपने–अपने क्षेत्रों में कैंप कर दिया है। वे वहां लगातार ग्रामीण बैठकों का आयोजन कर रहे हैं और स्थानीय मुद्दों पर विभिन्न आंदोलनों से जुड़े लोगों से संवाद कर रहे हैं। महाजुटान में अब तक कई संगठन अपने–अपने बैनर से शामिल होने की घोषणा कर चुके हैं, जिनमें सिकरहना तटबंध संघर्ष समिति, बेतिया राज भूमि अधिकार संघर्ष मोर्चा, चौकीदार–दफादार संघ, सिवान में रामजानकी पथ और भारतमाला परियोजना के तहत उचित भूमि अधिग्रहण और मुआवजे की मांग करने वाले किसान, सहारा निवेशक समूह और अरवल में भूदान भूमि बचाओ संघर्ष समिति प्रमुख हैं। माले विधायक दल ने यह भी निर्णय लिया है कि ऐसे संगठनों की एक सूची तैयार की जा रही है, और उनसे संपर्क करके महाजुटान में उनकी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी। मुस्लिम समुदाय की भागीदारी को लेकर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। इसके लिए सभी विधायक अपने–अपने क्षेत्रों में मुस्लिम समुदाय के बीच अलग से बैठकें आयोजित करेंगे, ताकि उनकी समस्याओं और मांगों को भी सही तरीके से प्रतिनिधित्व मिल सके।

## समाजसेवी परमा नंद पोद्दार के श्राद्ध भोज में शामिल हुए पूर्व केंद्रीय मंत्री



लोकतन्त्र की आवाज

**केदार नाथ पाण्डेय**
**पीरपैंती।** गोड्डा के पूर्व जीप अध्यक्ष वर्तमान जीप सदस्य सह भागलपुर के चर्चित शीला विवाह भवन के मालिक निरंजन पोद्दार के पिता एवं पीरपैंती के हिंदुस्तान पत्रकार अच्युत पोद्दार के चाचा स्वर्गीय परमा नंद पोद्दार के श्राद्ध भोज मे ठाकुरगंगटी प्रखंड के कजरेल गांव में बिहार और झारखंड के दर्जनों मंत्री, विधायक एवं जनप्रतिनिधि शामिल हुए।खासकर पूर्व केंद्रीय मंत्री सह भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता सैय्यद शाहनवाज हुसैन भी कजरैल देर शाम पहुंचे तथा स्वर्गीय परमानंद पोद्दार की तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी।वे काफी देर यहां रुके तथा निरंजन पोद्दार की माता, पत्नी, एवं परिजनों से मिल सांत्वना दी।जबकि गोड्डा के जीप फूल कुमारी, राम जी साह, सहित ठाकुर गंगटी के एवं मेहरमा प्रखंड के विभिन्न पदों के जन प्रतिनिधियों सहित बिहार के पीरपैंती प्रखंड के प्रमुख रश्मि कुमारी, पति पप्पू साह, बीडीओ अभिमन्यु कुमार सहित बिहार झारखंड के प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के भी पत्रकार सहित क्षेत्र के हजारों लोग भी शामिल हुए।मालूम हो कि स्वर्गीय पोद्दार का पैतृक घर भागलपुर बिहार के ईशीपुर गांव में भी है।

## सिरदला–पुलिस ने एनबीडब्लू दो वारंटी को किया गिरफ्तार भेजा न्यायालय



लोकतंत्र की आवाज

**प्रदीप प्रसाद संवाददाता**
**सिरदला नवादा।** पुलिस ने बैजनाथपुर तथा जेंधौल गांव में छापेमारी कर एनबीडब्लू दो वारंटी को गिरफ्तार किया है। अपर थाना अध्यक्ष अंजली कुमारी से प्राप्त जानकारी के अनुसार गिरफ्तार वारंटी की पहचान बैजनाथपुर गांव निवासी जयराम चौधरी की पत्नी सरिता देवी तथा जेंधौल का निवासी लालो चौधरी के पुत्र विजय चौधरी बताया गया है। गिरफ्तार वारंटी को पुलिस ने व्यवहार न्यायालय नवादा में उपस्थापन हेतु भेज दिया है।

## तेजस्वी दे रहे लालू का फिटनेस सर्टिफिकेट : प्रभाकर मिश्र लालू ने अपने परिवार के अलावा किसी के लिए कुछ नहीं किया लालू के पापों का फल उनके परिजनों को भी भुगतना होगा

लोकतंत्र की आवाज़



**गया।** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रभाकर कुमार मिश्र ने नेता प्रतिपक्ष के बयान पर पलटवार करते हुए कहा कि लालू प्रसाद ने बिहार के लिए नहीं, सिर्फ अपने परिवार के लिए काम किया है ।और अपने परिवार के लिए भी इतना और ऐसा कर दिया कि पत्नी और बेटे–बेटियों को कोर्ट का चक्कर लगाना पड़ रहा है। यह तो तय है कि जो पाप की कमाई खाएगा, वह पाप और सजा का भागीदार भी बनेगा। मिश्र ने रविवार को प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि लालू ने बिहार को बदहाल और बदनाम करने के अलावा कुछ नहीं किया है। तेजस्वी यादव को अपने पिता का काम इतना ज्यादा पसंद है, तो सार्वजनिक सभा में क्यों नहीं कहते कि जो लालू प्रसाद ने बिहार के लिए किया, वहीं काम वह भी करेंगे। तेजस्वी यादव ऐसा कभी नहीं कह सकते, क्योंकि अगर वे वैसा कहेंगे, तो आगामी विधानसभा चुनाव में राजद को एक सीट भी नहीं मिलेगी। मिश्र ने लालू के बेहतर फिटनेस पर दिये गये तेजस्वी के बयान पर कहा कि नेता प्रतिपक्ष कोई डॉक्टर नहीं, वह नौवीं फेल हैं। वे लालू प्रसाद के स्वास्थ्य का सर्टिफिकेट नहीं दे सकते। जनता देख रही है कि लालू प्रसाद कितना स्वस्थ हैं। अच्छी बात होगी कि लालू प्रसाद दीर्घायु हों और अपने कारनामों का फल अपने बेटों और परिजनों को पाते हुए देख लें।

## पुलिस जैसी वर्दी में बाईक सवार गुंडों ने महिला से चैन एवं अंगूठी लूटा

लोकतंत्र की आबाज



**समस्तीपुर।** जिला मुख्यालय में भीड़ भरा चौक पर दिनदहाड़े महिला के गले से चैन एवं हाथ की उंगली से अंगूठी लूटकर गुंडों ने एक ओर आमजनों का होश उड़ा कर रख दिया वहीं पुलिस को खुलेआम चुनौती दे डाला ।मामला शहर के विवेक– विहार मुहल्ला का है जहां मुहल्ला निवासी सेवानिवृत्त बैंक मैनेजर विश्वनाथ राम की पत्नी सह भाकपा माले के महिला संगठन ऐपवा के जिला उपाध्यक्ष नीलम देवी ( 60 ) मोहनपुर रोड से श्रीलेदर से चप्पल खरीदकर लौट रही थीं जहां पुलिस जैसी वर्दी में बाईक सवार दो अधेर युवक महिला के पास आकर कहा मैडम ऐसे चैन पहनकर मत चलिए, लगातार घटना घट रही है। इतना सुनते ही महिला गले की चैन को दुपट्टे से ढ़क लिया। फिर बाईक स्टार्ट करने के बाद झपट्टा मार कर चैन एवं अंगूठी लूट लिया एवं हल्ला करने पर जान से मार देने का धमकी देकर भागने लगा। महिला ने हिम्मत दिखाते हुए बाईक का कैरियर पकड़कर हल्ला करते हुए खींचने लगी। कुछ देर तक खींचतान हुई लेकिन प्रत्यक्षदर्शियों के डर जाने का लाभ उठाते हुए गुंडें बाईक लेकर फरार हो गया। लूटे गये जेबर करीब 3 भर जिसका कीमत करीब ढ़ाई लाख रूपये बताया गया है। महिला ने 112 पर फोन कर नगर पुलिस को जानकारी दी। मौके पर पुलिस पहुंचकर घटना की सीसीटीवी खंगाल रही है। भाकपा माले जिला स्थाई समिति सदस्य सुरेंद्र प्रसाद सिंह ने मुख्यालय में दिनदहाड़े चैन एवं अंगूठी की लूट की घटना वो भी पुलिस जैसी वर्दी में पर चिंता व्यक्त करते हुए घटना की उच्च स्तरीय जांच कर अपराधियों पर कानूनी कारवाई, बिगड़ती कानून व्यवस्था पर रोक लगाने की मांग की है।

## ग्राम नियोजन केंद्र द्वारा शिविर लगाकर किया गया हेमोग्लोबिन व मधुमेह की जांच

लोकतंत्र की आवाज



**गौनाहा ।** नरकटियागंज ग्राम नियोजन केंद्र द्वारा नरकटियागंज प्रखण्ड के पिपरा, बरवा,जमुनिया, पुरैनिया गांवों में 90 महिलाओं का मधुमेह एवं हीमोग्लोबिन जाँच शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर ग्राम नियोजन केंद्र नरकटियागंज के समन्वयक अरुणेंद्र कुमार सिंह ने महिलाओ को संबोधित करते हुए कहा कि महिलाओ को आमतौर पर किशोरावस्था में ही एनीमिया के लिए जांच कराई जानी चाहिए क्योंकि महिलाओं में आयरन की कमी का गंभीर समस्या है और मधुमेह की समस्या आजकल हो जा रहा है।जिसे एक त्वरित और किफायती हीमोग्लोबिन और मधुमेह परीक्षण का उपयोग करके पता लगाया जा सकता है। हालांकि, आयरन की कमी एनीमिया से कई साल पहले विकसित हो सकती है, जिसे अकेले हीमोग्लोबिन और मधुमेह परीक्षण से इसे ठीक किया जा सकता है। सत्येंद्र प्रसाद कुशवाहा ने बताया की महिलाओं का मधुमेह तथा हीमोग्लोबिन का जाँच करा कर 8 मार्च को महिला दिवस पर उनके रिपोर्ट के आधार पर स्त्री रोग विशेषज्ञ महिला चिकित्सकों से निशुल्क स्वास्थ्य शिविर लगा कर उन्हें उचित परामर्श दिया जाएगा। शशिकांत पाठक ने बताया की हमारी संस्था समाज के हर वंचित वर्ग में शिक्षा, स्वास्थ्य और पर्यावरण संतुलन और समाज में वंचित लोगों के लिए कार्य करता है। इस अवसर पर बहादुर मांझी, प्रियंका कुमारी जायसवाल, आदि ने अपनी सहभागिता दी।

## दो देशी कट्टा और 5 जिंदा कारतूस व 4 खोखा बरामत, पुलिस को मिली थी गुप्त सूचना



लोकतंत्र की आवाज़

**जगदीशपुर/भोजपुर, भोजपुर।** के करनानेपुर थाना क्षेत्र में पुलिस ने एक कार्रवाई करते हुए सहिया डेरा अंतर्गत सामुदायिक भवन से 02 देशी कट्टा, 05 जिंदा कारतूस और 04 खोखा बरामद किया हैं। यह कार्रवाई 22 फरवरी को गुप्त सूचना के आधार पर थानाध्यक्ष और पुलिस बल द्वारा की गई। एसडीपीओ राजीव चंद्र सिंह ने बताया कि तीन अपराधी सरसों के खेत के पास से भागने में सफल रहे, लेकिन उन्हें चिन्हित कर लिया गया है। उन्होंने बताया कि ये अपराधी किसी बड़ी घटना को अंजाम देने की योजना बना रहे थे, लेकिन पुलिस ने समय पर कार्रवाई करके उनकी योजना को विफल कर दिया। इस मामले में करनानेपुर थाना में कांड संख्या 12/26 दर्ज किया गया है, जिसमें आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है। एसडीपीओ ने बताया कि जल्द ही तीनों अपराध कर्मियों की गिरफ्तारी कर ली जाएगी।

## ब्राह्मण के घर गुंडों ने महिला के साथ किया बर्बरता मारपीट ज़ख्मी सभी लोग सदर अस्पताल मे भर्ती

लोक तंत्र कीआवाज



**नवादा ।** नारदिगंज थाना क्षेत्र के पड़रिया गाँव मे ब्राह्मण समाज पर हुए बर्बर हमले की घटना ने पूरे इलाके को हिला कर रख दिया है। शनिवार की देर रात, सुनील यादव के कुछ दबंगों ने ब्राह्मण परिवार के घर पर धावा बोल दिया और माँ, बेटी और बहू के साथ बेहरहमी से मारपीट की। पीड़ति परिवार के सदस्यों ने बताया कि दबंग सुनील यादव ने 15 लोगों के साथ मिलकर घर पर हमला किया और पूनम देवी के 8 वर्षीय बेटे के ऊपर तलवार रख दी। इसके बाद, पूनम देवी के गुप्तांग में लाठी घुसेड़ दी गई और कुंदन, मोनू सहित घर की औरतों के साथ बुरी तरह मारपीट की गई ।इस घटना के बाद, पूरा पीड़ति परिवार नवादा के सदर अस्पताल में भर्ती है, जहां उनका इलाज किया जा रहा है। विवाद का मुख्य कारण जमीन है, जिसे शंकर यादव हड़पना चाहता है। क्योंकि पडरिया गांव में मात्र एक घर ब्राह्मण समाज का है और उन्हें उस गांव से भगाना चाहता है। इस मामले को लेकर ब्राह्मण संघठन के कई लोग पीड़ति परिवार से मिल रहे हैं। नवादा सांसद विवेक ठाकुर ने नवादा पुलिस से बात कर तत्कालीन कार्रवाई करने का आदेश दिया है, जिसमें एक आरोपी की गिरफ्तारी हुई है, लेकिन बाकी आरोपी अभी भी फरार हैं। नारदिगंज थाना अध्यक्ष पर आरोप लगाया गया है कि उन्होंने अपराधियों को बढ़ावा दिया है। पीड़ति कुंदन कुमार ने बताया कि थाना अध्यक्ष ने कहा कि गांव छोड़ दो। आरोपी के ऊपर 10 मामले दर्ज हैं और एक और मामला दर्ज होने वाला है, जिसका वीडियो भी पीड़ति के पास उपलब्ध है।नवादा शेखपुरा नालंदा के उग्र ब्राह्मण समाज के लोगों ने एसपी से थाना अध्यक्ष के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की है। समाज के लोगों ने कहा कि यदि उचित कार्रवाई नहीं की जाती है, तो वे सैकड़ों ब्राह्मण धरना प्रदर्शन पर उतरेंगे।

## संक्षिप्त खबरें ।

### शिव गुरु परिचर्चा में उमड़ी श्रद्धालु



लोकतंत्र की आवाज
चन्दन कुमार पासवान
सिमरी बख्तियारपुर/ सहरसा। सिमरी बख्तियारपुर प्रखंड क्षेत्र के रायपुरा पंचायत स्थित पंचायत सरकार भवन परिसर में एक दिवसीय शिव गुरु परिचर्चा का आयोजन किया गया । जिसमें सैकड़ों महिला पुरूष एवं बच्चों ने इस शिव गुरु परिचर्चा में भाग लिया। शिव गुरु परिचर्चा के मुख्य अतिथि रामविलास ने परिसर में उपस्थित श्रोताओं को शिव की विशेषता पर प्रकाश डाला एवं शिव को अपना गुरु बनाने की भी अपिल की, शिव मेरे गुरु है, शिव आपके भी गुरु हो सकते हैं, शिव को ही अपना गुरु बनाकर अपने जीवन में खुशियां लाने। इन सभी महत्वपूर्ण सवालों पर प्रकाश डालते हुए विशेष चर्चा की गई। शिव गुरु परिचर्चा में शिव की विशेषता पर विशेष रूप चर्चा की गई।

### सहरसा बहुजन समाज पार्टी का एक दिवसीय समीक्षा बैठक आयोजन किया गया

लोकतंत्र की आवाज
रंजीत सक्सेना सहरसा संवादाता। एक दिवसीय समीक्षा बैठक में क्षेत्रों से पार्टियों में कई गणमान्य व बुद्धिजीवियों उपस्थित हुए सभी अपने अपने विचार रखें पार्टी को और मजबूती से क्षेत्रों में सहरसा जोड़कर आगे बहाने का हरसंभव प्रयास किया जा रहा है। बहुजन समाज पार्टी जिला इकाई सहरसा का एक दिवसीय कार्य ऊर्जा समीक्षा बैठक कला भवन सहरसा में आयोजित किया गया कार्यक्रम की अध्यक्षता ताङ्क माङ्क संतोष राम अध्यक्ष बहुजन समाज पार्टी सहरसा ने किया कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एडवोकेट नर्मदा प्रसाद अहिरवार जी, केंद्रीय स्टेट कॉर्डिनेट एवं प्रदेश प्रभारी बिहार ने संघटन की विधानसभा व प्रखंड वार समीक्षा लिया। उन्होंने कहा कि देश में बहुजन समाज के आत्मसम्मान व स्वाभिमान की प्रतीक बङ्क सङ्क पाङ्क की राष्ट्रीय अध्यक्ष व उत्तर प्रदेश की पूर्व मुख्य मंत्री आयरन लेडी आदरणीय बहन कुमारी मायावती जी के शासन काल में उत्तर प्रदेश के दबे कुचले पिछड़ों अतिपिछड़ों शोषितों अल्पसंख्यक व अनुसूचित जाति व जनजाति की दिशा व दशा में जिस तरह सुधार हुआ किसान मजदूर व गरीबों के साथ साथ छोटे छोटे व्यवसायियों की हालत में सुधार हुआ बिहार में भी बहुजन समाज पार्टी की सरकार की दरकार है । वहीं प्रदेश महासचिव व जोन प्रभारी माङ्क जीवनेश्वर जिज्ञासु ने अपने संबोधनमें बिहार में पूर्व में रही जंगल राज एवं वर्तमान में है।


### सहरसा बहुजन समाज पार्टी का एक दिवसीय समीक्षा बैठक आयोजन किया गया





लोकतंत्र की आवाज
रंजीत सक्सेना सहरसा संवादाता। एक दिवसीय समीक्षा बैठक में क्षेत्रों से पार्टियों में कई गणमान्य व बुद्धिजीवियों उपस्थित हुए सभी अपने अपने विचार रखें पार्टी को और मजबूती से क्षेत्रों में सहरसा जोड़कर आगे बहाने का हरसंभव प्रयास किया जा रहा है। बहुजन समाज पार्टी जिला इकाई सहरसा का एक दिवसीय कार्य ऊर्जा समीक्षा बैठक कला भवन सहरसा में आयोजित किया गया कार्यक्रम की अध्यक्षता ताङ्क माङ्क संतोष राम अध्यक्ष बहुजन समाज पार्टी सहरसा ने किया कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एडवोकेट नर्मदा प्रसाद अहिरवार जी, केंद्रीय स्टेट कॉर्डिनेट एवं प्रदेश प्रभारी बिहार ने संघटन की विधानसभा व प्रखंड वार समीक्षा लिया। उन्होंने कहा कि देश में बहुजन समाज के आत्मसम्मान व स्वाभिमान की प्रतीक बङ्क सङ्क पाङ्क की राष्ट्रीय अध्यक्ष व उत्तर प्रदेश की पूर्व मुख्य मंत्री आयरन लेडी आदरणीय बहन कुमारी मायावती जी के शासन काल में उत्तर प्रदेश के दबे कुचले पिछड़ों अतिपिछड़ों शोषितों अल्पसंख्यक व अनुसूचित जाति व जनजाति की दिशा व दशा में जिस तरह सुधार हुआ किसान मजदूर व गरीबों के साथ साथ छोटे छोटे व्यवसायियों की हालत में सुधार हुआ बिहार में भी बहुजन समाज पार्टी की सरकार की दरकार है । वहीं प्रदेश महासचिव व जोन प्रभारी माङ्क जीवनेश्वर जिज्ञासु ने अपने संबोधनमें बिहार में पूर्व में रही जंगल राज एवं वर्तमान में है।


### कटिहार में हम प्रधानमंत्री टीबी मुक्त कार्यक्रम का आयोजन



लोकतंत्र की आवाज
प्रवीण कुमार
कटिहार। सिविल सर्जन के सभागार में हम प्रधानमंत्री टीबी मुक्त कार्यक्रम का आयोजन का किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए डॉ अशरफ रिजवी सीडीओ ने टीबी उन्मूलन के चलाए जा कार्यक्रम की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि कटिहार जिला के सभी डॉक्टर के सहभागिता से ही हम प्रधानमंत्री टीबी मुक्त कार्यक्रम का आयोजन को सफलीभूत कर पाएंगे। कटिहार जिला में सभी मरीजों को मुफ्त में टीबी की दवा दी जा रही है। साथ ही किसी भी निजी चिकित्सक के यहां से टीबी मरीज की पहचान होने पर खाते पोषण के लिए 6000 रूपए दिया जा रहा है। डब्ल्यू एच ओ कंसल्टेंट डॉक्टर इशफाक नजीर बट्ट ने बताया कि टीबी मरीज के घर में सभी व्यक्तियों का कॉन्ट्रैक्ट ट्रेसिंग कर उनकी जांच करवाना आवश्यक है, ताकि टीबी ज्यादा से ज्यादा नहीं पहले। मरीज के घर में जो भी व्यक्ति है। उसका एस वाई टीबी जांच से उनको टीबी का संक्रमण है या नहीं पता किया जा सकता है। संक्रमण रहने पर सप्ताह में एक दिन तीन माह तक दवा खाने से टीबी होने की संभावन को समाप्त किया जा सकता है। डॉ के के मिश्रा ने जानकारी दिया कि कटिहार जिला में 100दिवसीय टीबी मुक्त कार्यक्रम चलाया जा रहा है। जिस में अधिक से अधिक टीबी लक्षित मरीजों को जांच कर टीबी मुक्त कटिहार का संकल्प पूरा किया जाएगा। इस दौरा सभी चिकित्साक ने टीबी मुक्त भारत का संकल्प लिए साथ ही शपथ पूर्वक टीबी मुक्त भारत का संकल्प दोहराया। इस दौरा कमलेश कुमार, डॉ एस एम अली, डॉ एम एल माहेश्वरी, डॉ सुधीर कुमार, डॉ दिलीप कुमार, डॉ प्रेम रंजन सहित जिले के सभी चिकित्सक मौजूद रहे।

# स्वामी सहजानंद सरस्वती की जन्म जयंती सप्ताह समारोह सामाजिक एकजुटता और सुधार की दिशा में बड़ा कदम

लोक तंत्र कीआवाज



- सिने अभिनेता फूल सिंह ने स्वामी सहजानंद सरस्वती पर डॉक्यूमेंट्री फिल्म बनाने की किया घोषणा
- मुख्य अतिथि थे भाजपा नेता विजय शंकर चौधरी खोखा बाबू, समाज में जागरूकता और एकजुटता का संदेश

**समौल।** फारबिसगंज के समौल गांव में रविवार को स्वामी सहजानंद सरस्वती की जन्म जयंती सप्ताह समारोह बड़े धूमधाम से मनाई गई। यह कार्यक्रम स्वामी सहजानंद सरस्वती परिवार द्वारा आयोजित किया गया, जिसमें समाज के विभिन्न वर्गों से जुड़ी कई प्रमुख हस्तियां मौजूद थीं। इस समारोह के मुख्य अतिथि सिने फिल्म अभिनेता फूल सिंह थे, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता सामाजिक कार्यकर्ता संजय कुमार शर्मा ने की और मंच का संचालन प्रो. कृष्णानंद ठाकुर ने किया।

**कार्यक्रम की शुरुआत और अतिथियों का स्वागत :** समारोह की शुरुआत दीप प्रज्वलन और स्वामी सहजानंद सरस्वती एवं भगवान परशुराम की तस्वीर पर पुष्प अर्पण से की गई। इसके बाद अतिथियों का स्वागत उमेश पांडेय, सित्यानंद ठाकुर, पंकज ठाकुर, करण सिंह भूमिहार और अजीत कुमार ने किया, जिन्होंने उन्हें बुके और फूलमाला पहनाकर सम्मानित किया। इस आयोजन में मुजफ्फरपुर, सुपौल और आसपास के क्षेत्रों से कई प्रमुख व्यक्ति उपस्थित थे, जिनमें रंजीत सिंह, रोशन शुक्ला, विजय शंकर चौधरी उर्फ खोखा बाबू, बुजुर्ग गंगानंद पांडेय और अन्य सम्मानित लोग शामिल थे।

**सामाजिक एकजुटता पर जोर :** मुख्य अतिथि सिने अभिनेता फूल सिंह ने अपने संबोधन में समाज में एकजुटता की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने घोषणा की कि वह आंचलिक साहित्यकार फणीश्वरनाथ रेणु और राष्ट्र कवि डॉ. रामधारी सिंह दिनकर के साथ मिलकर स्वामी सहजानंद सरस्वती की जीवनगाथा पर एक डॉक्यूमेंट्री फिल्म बनाएंगे। उन्होंने यह भी कहा कि स्वामी सहजानंद सरस्वती के संघर्षों और उनके द्वारा किए गए आंदोलनों से हमें यह सिखने को मिलता है कि कैसे उन्होंने समाज में व्याप्त अन्याय और शोषण के खिलाफ आवाज उठाई।

**सामाजिक कुरीतियों और विषमताओं के खिलाफ आवाज :** इस मौके पर भाजपा नेता विजय शंकर चौधरी उर्फ खोखा बाबू ने भगवान परशुराम के वंशजों के संघर्ष और बगावती तेवर को रेखांकित करते हुए कहा कि समाज की कुरीतियों और विषमताओं के खिलाफ आवाज उठाने की आवश्यकता है। उन्होंने जातिवाद, धार्मिक उन्माद, सामाजिक विषमताओं और आर्थिक असमानता के खिलाफ एकजुट होकर लड़ने की अपील की।

**स्वामी सहजानंद सरस्वती के आदर्शों पर चर्चा :** मुजफ्फरपुर से आए रंजीत सिंह, रोशन शुक्ला, नीरज ठाकुर और अन्य वक्ताओं ने स्वामी सहजानंद सरस्वती के जीवन और उनके द्वारा किए गए समाज सुधार कार्यों पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने भूमिहार समाज में व्याप्त कुरीतियों और सामाजिक विषमताओं के खिलाफ संघर्ष की आवश्यकता पर जोर दिया। साथ ही, समाज की एकजुटता, सृजनात्मकता और रचनात्मकता को बढ़ावा देने पर भी जोर दिया गया।

**राजनीतिक भागीदारी और समाज की आवाज :** स्मरणीय बात यह रही कि कार्यक्रम में राजनीतिक भागीदारी पर भी चर्चा हुई। वक्ताओं ने राजनीतिक दलों से समाज की वास्तविक स्थिति को समझने और उसमें बदलाव लाने की अपील की। साथ ही, उन्होंने चुनावों के दौरान समाज के हित में काम करने वाले दलों का समर्थन करने की आवश्यकता को रेखांकित किया।

**समाज के अंतिम पंक्ति के लोगों को साथ लेकर चलने का संदेश :** इस मौके पर उपस्थित कई सम्मानित व्यक्तित्वों ने समाज के अंतिम पंक्ति के लोगों को साथ लेकर चलने और उन्हें सशक्त बनाने की आवश्यकता पर बल दिया। एकजुटता, सहयोग और समाज के सभी वर्गों के बीच सामंजस्य स्थापित करने की अपील की गई, ताकि समाज में समानता और सामाजिक न्याय को बढ़ावा मिल सके।

**समारोह में उपस्थित अन्य गणमान्य लोग :** कार्यक्रम में तपन तिवारी, देवेश ठाकुर, अनुज सिंह, पंकज ठाकुर (ढोलबज्जा), अजीत ठाकुर, जटाशंकर झा, प्रमोद ठाकुर, अजीत पांडेय, मुन्ना पांडेय, नरेश ठाकुर उर्फ लालो ठाकुर, अरविंद ठाकुर, लल्लू पांडेय, डॉ. सुधाकर ठाकुर, धीरेन ठाकुर, सुभाष पांडेय, गगन पांडेय, चिन्मय पांडेय, बमबम पांडेय, मनीष पांडेय, राहुल कुमार सिंह उर्फ बिट्टू, बमबम पांडेय, रुपेश सिंह, राहुल कुमार ठाकुर, अमर चौधरी, सुनील चतुर्वेदी, संजय पांडेय सरपंच, पुष्कर ठाकुर, सुनील पांडेय, विनीत ठाकुर, राहुल, आदर्श, कन्हैया ठाकुर, सुधीर पांडेय, मिट्टू पांडेय सहित बड़ी संख्या में ब्रह्मर्षि समाज के लोग उपस्थित थे।इस समारोह ने एक ओर जहां स्वामी सहजानंद सरस्वती के आदर्शों को श्रद्धांजलि अर्पित की, वहीं समाज में सुधार और एकजुटता के लिए एक मजबूत संदेश भी दिया।

## पनोरमा पब्लिक स्कूल, छातापुर का भव्य पांचवां वार्षिकोत्सव 2 मार्च को, मुख्य अतिथि वीआईपी सुप्रीमो पूर्व मंत्री मुकेश सहनी की गरिमामयी उपस्थिति में

लोक तंत्र कीआवाज



**छातापुर।** पनोरमा पब्लिक स्कूल, छातापुर आगामी 02 मार्च 2025 (रविवार) को अपने पाँचवे वार्षिकोत्सव समारोह का भव्य आयोजन करने जा रहा है। इस खास आयोजन का उद्देश्य विद्यालय की शैक्षिक उपलब्धियों का सम्मान करना और छात्रों को अपनी प्रतिभाओं का प्रदर्शन करने के लिए एक शानदार मंच प्रदान करना है। पनोरमा ग्रुप के प्रबंध निदेशक और प्रतिष्ठित समाजसेवी संजीव मिश्रा ने इस अवसर पर प्रेस वार्ता आयोजित कर कार्यक्रम के बारे में विस्तृत जानकारी दी और बताया कि इस समारोह को एक ऐतिहासिक बनाने के लिए सभी तैयारियां जोरों पर हैं।

**मुख्य अतिथि श्री मुकेश सहनी की गरिमामयी उपस्थितिः** इस साल के वार्षिकोत्सव समारोह की मुख्य विशेषता होगी वीआईपी सुप्रीमों सह पूर्व मंत्री मुकेश सहनी की उपस्थिति। श्री मुकेश सहनी इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि होंगे। उनकी उपस्थिति इस आयोजन को और भी गरिमामयी बनाएगी। साथ ही, बॉलीवुड के मशहूर पार्श्व गायक अल्ताफ राजा और भोजपुरी सिनेमा की प्रसिद्ध अभिनेत्री और गायिका अक्षरा सिंह भी इस कार्यक्रम में अपनी जलवा दिखाएंगे । इन दिग्गज हस्तियों का कार्यक्रम में शामिल होना इसे और भी यादगार बना देगा।

**समारोह का उद्देश्य और विद्यार्थियों के लिए अवसरः** यह वार्षिकोत्सव सिर्फ एक उत्सव नहीं, बल्कि विद्यार्थियों के लिए अपनी छिपी हुई प्रतिभाओं को उजागर करने और अपने भविष्य के लिए एक ठोस कदम बढ़ाने का महत्वपूर्ण अवसर होगा। पनोरमा पब्लिक स्कूल का उद्देश्य हमेशा से ही शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार, खेल और सामाजिक योगदान में अपनी भूमिका निभाना रहा है। यह वार्षिकोत्सव उसी दिशा में एक और कदम है, जहां विद्यार्थियों को न केवल शैक्षिक लेकिन सांस्कृतिक और सामाजिक दृष्टि से भी सशक्त बनाने का अवसर मिलेगा।

**कार्यक्रम में शामिल प्रमुख सदस्यः** इस कार्यक्रम में पनोरमा पब्लिक स्कूल के प्रमुख सदस्य जैसे तौसिफ हूसैन, राजन चमन, विकास कुमार, अरुण झा, जनिफ खान, राजू खान, शुभम वर्मा, छोटन मोदक, शेख तालिब, जारा प्रवीण सहित विद्यालय के अन्य सम्मानित सदस्य भी इस भव्य आयोजन का हिस्सा बनेंगे।

## सहरसा धर्म योगी संत गाडगे बाबा का जयंती अंबेडकर पुस्तकालय में धोबी महासंघ द्वारा आयोजित किया गया

लोकतंत्र की आवाज



**रंजीत सक्सेना**
**सहरसा संवादाता।** कर्म ही महान है। अपने समाज के कल्याण व उत्थान के लिए हम सब को हर हमेशा प्रयास करना चाहिए हम सब जब किसी महान महापुरुष या बाबा का जयंती मनाते हैं तो वह अपने पिछे हम सबको प्रेरणा देकर समाज को एक जुटता व जागृत करने का ऊर्जा हम सब को दिए हम सब का कर्तव्य है कि उसे सरजमीन पर उताड़ने का हर संभव प्रयास करते रहेंगे कहने से नहीं सरजमीन पर समाज के हित व कल्याण के लिए कुछ न कुछ करते रहना तभी आपका संघटन व संघ आगे बढ़ेगा लोगों का जुड़ाव भी होगा विश्वास भी जागेगा आइए हम सब संकल्प ले आगे बढ़ने का सबका मान व सम्मान यही तो जीवन है।

कर्मयोगी संत गाडगें बाबा का 149वॉ जयंती समारोह अम्बेडकर पुस्तकालय, सुपर बाजार, सहरसा में धोबी महासंघ के द्वारा आयोजित किया गया।आयोजन के क्रम में सम्मान समारोह के अन्तर्गत धोबी महासंघ सहरसा के जिलाध्यक्ष नारायण रजक जी को अखिल भारतीय दुसाध उत्थान परिषद, सहरसा के जिलाध्यक्ष चन्दन कुमार पासवान जी ने बुके देकर सम्मानित किया गया। इस क्रम में हमारे समाज (अनुसूचित जाति, जनजाति) के सभी सम्मानित अभिभावकों/पथ–प्रदर्शकों बुके से बारी–बारी से सम्मानित कर कार्यक्रम का सफल संचालन भूपेंद्र कुमार भुवन, प्रधानाध्यापक व उपाध्यक्ष, अनुसूचित जाति, जनजाति कर्मचारी संघ, सहरसा के द्वारा किया गया। इस जयंती समारोह में निम्नांकित नारायण रजक जी, प्रदीप रजक जी, संजय रजक जी, सुजीत जी, कुन्दन जी, मिथिलेश कुमार, उपाध्यक्ष, अनुसूचित जाति, जनजाति कर्मचारी संघ, सहरसा, बिनोद कुमार राम, सचिव, अनुसूचित जाति, जनजाति कर्मचारी संघ, सहरसा, संजीत रजक, उदय बाबू, पूर्व प्रधानाध्यापक, संतोष राम, जिलाध्यक्ष, बहुजन समाज पार्टी, सहरसा, आनंदी राम, बहुजन पथ प्रदर्शक, सहरसा, प्रदीप पासवान, सचिव, अखिल भारतीय दुसाध उत्थान परिषद, सहरसा, मुकेश कुमार, कोषाध्यक्ष, अनुसूचित जाति, जनजाति कर्मचारी संघ, सहरसा गौरव कुमार, लछमन राम, दिवाकर कुमार, राधेश्याम पासवान, आकाश कुमार आदि हजारों की संख्या में अनुसूचित जाति, जनजाति, बहुजन समाज के सदस्यों शामिल हुए।

# पंचायत भवन पामा में लटका रहता है ताला सरकारी कर्मी रहते है नदारद

लोकतंत्र की आवाज



**पतरघट सहरसा संवादाता।** सरकार के द्वारा पंचायत स्तर पर छोटे–मोटे काम को निपटारे को लेकर पंचायत स्तर पर पंचायत भवन में विभिन्न विभाग के कर्मियों को प्रतिनियुक्ति किया गया है लेकिन धरातल पर कुछ भी नहीं दिख रहा है। क्षेत्र के पामा पंचायत भवन में पंचायत में प्रतिनियुक्ति कर्मी को नहीं आने से पंचायत के लोगों को प्रखंड मुख्यालय का चक्कर लगाने पर मजबूर हो रहे हैं।

जानकारी हो कि सरकार के तरफ से पंचायत भवन में पंचायत वासियों का काम जो प्रखंड कार्यालय स्तर पर होना चाहिए सरकार ने उसे पंचायत में ही करवाने के उद्देश्य से पंचायत में ही कुछ कर्मी को पंचायत में प्रतिनियुक्ति किया गया है। लेकिन प्रतिनियुक्ति तकनीकी सहायक प्रेम कुमार, लेखपाल निधि कुमारी, ग्राम कचहरी सचिव मुकेश कुमार, विकास मित्र आशा कुमारी, जीएचओ, पामा पंचायत भवन नहीं आतें है। पामा पंचायत भवन में प्रतिनियुक्ति कर्मी का नाम मोवाईल नंबर के साथ बोर्ड लगा हुआ है इन लोगों का पंचायत में कोई आता पता नहीं चल पा रहे हैं।

सरकार के द्वारा कर्मियों के उपस्थिति के लिए पंचायत भवन में बायोमेट्रिक लगाया लेकिन उसे भी ठेंगा दिखा रहा है। राज्य सरकार की अतिमहत्वाकांक्षी योजना ऑन पंचायत भवन में ही पंचायत के जनता का कार्य संपन्न कराने की कवायत पर पंचायत में प्रतिनियुक्ति कमी रोड़ा अटका रहे हैं पंचायत अस्तर के सभी अधिकारी कर्मचारी एवं प्रतिनिधि के कक्षा की भी व्यवस्था की गई है मौके पर उपस्थित पंचायत सचिव–अनुप कुमार, कार्यपालक सहायक, डाटा इन्ट्री ऑपरेटर–दिनकर कुमार, आवास सहायक रमण कु. सिंह, स्वच्छता पर्यवेक्षक – राकेश राम, मुखिया विनोद कुमार पप्पू आदि नदारद थे। हालांकि इस मसले पर जिला पंचायती राज पदाधिकारी को संज्ञान लेने की जरूरत है।

## ठाकुर प्रसाद महाविद्यालय में आयोजित हुई ऑनलाइन संवाद कार्यक्रमः 'जागृवान् सः समिन्धते' पर गहरे विचार-विमर्श

लोक तंत्र कीआवाज



- प्रो. शिवानी शर्मा ने ज्ञान, कर्म, और यज्ञ की प्रतीकात्मकता पर विस्तार से चर्चा की

**मधेपुरा।** ठाकुर प्रसाद महाविद्यालय, मधेपुरा के तत्वावधान में भारतीय दार्शनिक अनुसंधान परिषद् (आईसीपीआर), नई दिल्ली द्वारा प्रायोजित स्टडी सर्कल (अध्यान मंडल) योजना के तहत एक महत्वपूर्ण ऑनलाइन संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस संवाद का विषय था – 'जागृवान् सः समिन्धते', जिसमें भारतीय दर्शन की गहरी अवधारणाओं पर विचार किया गया।

**प्रो. शिवानी शर्मा का मुख्य संबोधन :** कायक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में चंडीगढ़ विश्वविद्यालय की प्रोफेसर (डॉ.) शिवानी शर्मा ने अपने संबोधन में 'जागृवान् सः समिन्धते' वेदवाक्य के संदर्भ में व्याख्या दी। उन्होंने बताया कि यह वाक्य विष्णु सूक्त मंडल–1, सूक्त 23, मंत्र 21 से लिया गया है, जिसका अर्थ है कि जो व्यक्ति अज्ञानता और अधर्म के अंधकार से बाहर निकलकर ज्ञान और धर्म के प्रकाश की ओर बढ़ते हैं, वही परम ज्ञान और आंतरिक शांति की प्राप्ति करते हैं। वे जगदीश्वर विष्णु के रूप में निरंतर सच्चिदानंदस्वरूप को प्राप्त होते हैं।

**अग्नि और ज्ञान के प्रतीकात्मक आयामः** प्रो. शिवानी शर्मा ने इस मंत्र में वर्णित अग्नि के प्रतीकात्मक आयाम पर भी विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि अग्नि केवल यज्ञ में हवि का प्रतीक नहीं है, बल्कि यह नेतृत्व और ज्ञान का भी प्रतीक है। यज्ञ की अवधारणा को कर्म और कर्मशीलता से जोड़ते हुए उन्होंने इसे जीवन के कर्ममय पहलू के रूप में बताया।

**कश्मीर शैव परंपरा और ज्ञान का विश्लेषण :** कश्मीर शैव परंपरा का उदाहरण देते हुए प्रो. शिवानी ने बताया कि इसमें ज्ञान और शक्ति के दो महत्वपूर्ण पहलुओं – प्रकाश और विमर्श – की अवधारणाएं हैं। प्रकाश को शिव और विमर्श को शक्ति के रूप में दर्शाया गया है। उन्होंने बताया कि अग्नि का तप पहलू विमर्श और बहुलता को दर्शाता है, जबकि प्रकाश का पहलू ज्ञान को।

**कार्यक्रम के अन्य महत्वपूर्ण वक्ता :** कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रो. (डॉ.) जटाशंकर (प्रयागराज) ने भारतीय संस्कृति में जीवन के समग्र दृष्टिकोण को महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने ज्ञान और कर्म के सामंजस्य के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने भारतीय संस्कृति में आस्था और कर्म के संतुलन की जरूरत पर भी बात की।आईसीपीआर, नई दिल्ली के अध्यक्ष प्रो. (डॉ.) रमेशचंद्र सिन्हा ने भारतीय ज्ञान परंपरा में मानवीय मूल्यों और नैतिक संस्कारों की भूमिका पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि भारतीय दर्शन समाज के संवर्धन और उन्नति के लिए ही नहीं, बल्कि सामाजिक समरसता के लिए भी आवश्यक है।

**महिला दार्शनिक परिषद और पूर्व कुलपति की उपस्थिति :** भारतीय महिला दार्शनिक परिषद की अध्यक्ष प्रो. राजकुमारी सिन्हा (रांची) और पूर्व कुलपति प्रो. कुसुम कुमारी (बोधगया) ने भी अपने विचार व्यक्त किए और महिलाओं की दार्शनिक धारा में महत्वपूर्ण योगदान की सराहना की।

**प्रश्नोत्तर सत्र और विचार–विमर्श :** कार्यक्रम में डॉ. राजेश कुमार मिश्र (गया) सहित अन्य कई प्रतिभागियों ने प्रश्नोत्तर सत्र में भाग लिया, जिसमें मुख्य वक्ता ने संतोषजनक और बारीकी से उत्तर दिए। इस संवाद सत्र ने भारतीय दर्शन पर गहरे विचार–विमर्श को बढ़ावा दिया।

**कार्यक्रम का समापन :** कार्यक्रम का समापन प्रधानाचार्य प्रो. (डॉ.) कैलाश प्रसाद यादव के स्वागत भाषण और धन्यवाद ज्ञापन से हुआ। धन्यवाद ज्ञापन के लिए डॉ. सुधांशु शेखर ने शब्द दिए। इस अवसर पर सभी उपस्थित व्यक्तियों ने संवाद के गुणवत्ता पर अपने विचार साझा किए। कार्यक्रम के तकनीकी पक्ष का संचालन डॉ. विनय कुमार तिवारी (भोपाल) और सौरभ कुमार चौहान (मधेपुरा) ने किया।

**प्रतिभागियों को मिलेगा प्रमाण–पत्र :** यह कार्यक्रम पूरी तरह से निःशुल्क था और इसमें देशभर के विभिन्न विश्वविद्यालयों से 278 प्रतिभागियों ने भाग लिया। सभी प्रतिभागियों को फीडबैक फार्म भरने के बाद ऑनलाइन प्रमाण–पत्र प्रदान किए जाएंगे, जो उनके अध्ययन में सहायक होंगे।

**उपस्थित प्रमुख व्यक्ति :** कार्यक्रम में कई प्रमुख विद्वानों और शिक्षाविदों की उपस्थिति रही, जिनमें प्रो. मोहन मिश्रा, प्रो. पूर्णेन्दु शेखर, डॉ. सिद्धेश्वर काश्यप, डॉ. मनीष कुमार, डॉ. संध्या, डॉ. अमरेंद्र कुमार, डॉ. चंपावती सरन, डॉ. प्रिया मंडल, डॉ. पुष्पेंद्र जोशी, डॉ. विभुरंजन जयसवाल, डॉ. शंभू पासवान, डॉ. शिवेंद्र प्रताप सिंह, डॉ. ईश्वर चंद, डॉ. महेश कुमार झा, डॉ. नमिता, डॉ. राघवेंद्र दुबे, डॉ. रागिनी सिंह, डॉ. भरत पटेल, डॉ. राणा रणविजय सिंह, डॉ. सारंग तनय आदि शामिल थे।इस कार्यक्रम ने भारतीय दर्शन के विभिन्न पहलुओं पर गहरे विचार–विमर्श के अवसर प्रदान किए और समाज में कर्म, ज्ञान और मानवता के प्रति जागरूकता को बढ़ावा दिया।

# अररिया में इज़ीम यूनिसेक्स सैलून का भव्य उद्घाटन, ब्यूटी सेवाओं का नया अध्याय

लोक तंत्र कीआवाज




- आकाश अग्रवाल और सोना शर्मा ने फिता काटकर किया उद्घाटन

**अररिया।** अररिया के स्टेशन रोड स्थित मीरा टाकीज़ के पास एक नई ब्यूटी और सैलून सेवा का आरंभ हुआ है। ₹इज़ीम यूनिसेक्स सैलून₹ का उद्घाटन एक भव्य समारोह में किया गया, जिसमें ब्यूटी एक्सपर्ट और एशिया अवार्ड विजेता आकाश अग्रवाल और नेपाल की प्रसिद्ध ब्यूटीशियन सोना शर्मा ने फीता काटकर इस सैलून का शुभारंभ किया।

इस उद्घाटन समारोह में अररिया, पूर्णिया और फारबिसगंज के प्रतिष्ठित लोग उपस्थित थे। इनमें सदर विधायक आबिदूर रहमान, आफताब अजीम, पप्पू, प्रो. मो. अलामख्तूर ₹मुजीब₹, सुमरित यमुना महिला डिग्री कॉलेज अररिया के प्रधानाचार्य प्रो. उपेन्द्र प्रसाद यादव, मेहमान राजेश बाबू, अमित कुमार, आकाश राज, ज़की अख्तर अंसारी, अली भाई, डॉ. ज़ाहिद अनवर, इफ्तखार आलम, सुमित सुमन, डॉ. मुख्तार, तैसीफ अनवर, अफ्फान कामिल, दीपक दास, इक़बान सर सहित कई अन्य सम्मानित लोग मौजूद थे।

**अररिया के विकास में महत्वपूर्ण कदम :** इस सैलून का खुलना अररिया के लिए एक बड़ी बात है। इससे पहले अररिया के लोग ब्यूटी और बाल संबंधी सेवाओं के लिए अन्य जिलों, नेपाल या सिल्लीगुड़ी जाते थे, लेकिन अब यह सभी सेवाएं अररिया में ही उपलब्ध हो गई हैं। यह अररिया के विकास में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है, क्योंकि यह स्थानीय लोगों को सुविधा प्रदान करेगा और साथ ही व्यापारिक दृष्टिकोण से भी इलाके के लिए फायदेमंद होगा।

**बेहतर सेवा की गारंटी :** सैलून के संस्थापक इज़हार साबरी और इम्तियाज़ आलम ने बताया कि उनके सैलून में महिला और पुरुष दोनों कारीगरों की टीम है, जिन्होंने देश के प्रतिष्ठित सैलूनों में काम किया है। इस कारण, सैलून में ग्राहकों को उच्च गुणवत्ता की ब्यूटी और हेयर स्टाइलिंग सेवाएं प्रदान की जाएंगी। इसके अलावा, सैलून में घर जैसा माहौल होगा, जिससे ग्राहकों को पूरी संतुष्टि और आराम मिलेगा।इस सैलून का उद्घाटन न केवल अररिया में नई सेवाओं का मार्ग प्रशस्त करता है, बल्कि यह इलाके के सामाजिक और व्यावसायिक विकास में भी योगदान देगा।

## संक्षिप्त खबरें

### शिवबारात के अवसर बरातियों के स्वागत के लिये बाबा बैद्यनाथ की नगरी देवघर सज धज कर तैयार



लोकतंत्र की आवाज़
निशांत तिवारी, प्रभारी झारखंड

देवघर(झारखंड)। उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी श्री विशाल सागर द्वारा जानकारी दी गई है कि महाशिवरात्रि के अवसर पर बाबा बैद्यनाथ की नगरी देवघर से पर्यटन विभाग द्वारा निकाली जाने वाली भव्य शिवबारात की तैयारी अपने अंतिम चरण में हैं। ऐसे में सम्पूर्ण मेला क्षेत्र व देवघर शहर में रंग–बिरंगे स्पाईरल लाईट से सुसज्जित विद्युत पोल की सुंदरता परस्पर लोगों का ध्यान अपनी ओर आकर्षित कर रही है। सिर्फ इतना हीं नहीं इसकी सुन्दरता रात्रि के समय देखने से ऐसा लगता है मानो किसी समारोह या उत्सव में पहुँचे हो। इसके अलावा बाबा मंदिर के आस–पास के क्षेत्रों के अलावा सम्पूर्ण शिवबारात रुटलाइन और देवघर शहर के अन्य जगहों पर इन लाईटों को जगमगाते हुए आसानी से देखा जा सकता हे। जिला प्रशासन द्वारा महाशिवरात्रि और शिवबारात के अवसर पर इन लाईटों को लगाने का मुख्य उद्देश्य यहाँ आए श्रद्धालुओं को सुखद अनुभूति प्रदान करना हैं, ताकि यहाँ के साज–सज्जा और सुन्दरता उनके मानस पटल में अविस्मरणीय रूप से लम्बे समय तक अंकित रह सकें। महाशिवरात्रि को शाम 6 बजे बाबा भोलेनाथ की बरात केके स्टेडियम से निकलेगी जो बजरंगी चौक, टावर चौक, आजाद चौक, भैरो बाजार, नरसिंह टॉकीज रोड, शिक्षा सभा, चांदनी चौक, बैद्यनाथ लेन होते हुए पूरब दरवाजा से मंदिर में प्रवेश करेगी। साथ ही बाबा के बारात में भूत–पिशाच, दैत्य, राक्षस के अलावा देवताओं की टोली शामिल रहेगी।

### हजारीबागः संत निरंकारी मिशन के द्वारा सफाई अभियान चलाया गया



लोकतंत्र की आवाज
घनश्याम पाठक, ब्यूरो चीफ

हजारीबाग (झारखंड) संत निरंकारी रजिस्टर ब्रांच अलपीटो मंडल के अंतर्गत ग्राम नावाटांड पंचायत बनासो के सामुदायिक भवन के अंदर ,बाहर आसपास के सभी स्थानों पर स्वच्छता अभियान के तहत सफाई चलाया गया जिसमें मिशन के सतगुरु बाबा हरदेव सिंह जी महाराज के वचन प्रदूषण अंदर हो या बाहर दोनों हानिकारक है जिस तरह से पर्यावरण स्वच्छता के साथ गंदगी को भी साफ करने के लिए सफाई की जरूरत होती है उसी तरह गंदगी को दूर करने के लिए ब्रह्म ज्ञान की जरूरत होती है जो हमें केवल निरंकारी सत्संग के माध्यम से प्राप्त हो सकता है कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए मिशन के सेवा दल के भाई–बहन के साथ स्थानीय समाजसेवि लोगों के द्वारा भरपूर सहयोग किया गया।

### सूने घर से चोरों ने उड़ाए 10 लाख के गहने और नगद



लोकतंत्र की आवाज
घनश्याम पाठक , ब्यूरो चीफ

हजारीबाग (झारखंड) कोर्रा थाना क्षेत्र के दीपुगड्डा के निवासी पवन कुमार के घर बीती रात चोरों ने बड़ी चोरी की वारदात को अंजाम दिया। चोरों ने घर में घुसकर करीब 10 लाख रुपये के जेवरात और 1 लाख रुपये नगद पर हाथ साफ कर दिया। घटना के वक्त पवन कुमार अपने परिवार के साथ इचाक स्थित अपने पैतृक घर गए हुए थे, जिसका फायदा उठाकर चोरों ने इस वारदात को अंजाम दिया। जब वे वापस आए तो घर के बाहर का ताला लगा हुआ था, परंतु चोर छत के रास्ते अंदर आकर चोरी की घटना को अंजाम दे चुका था। पवन कुमार जो एक निजी कंपनी में काम करते हैं, कल ही अपने पैतृक गांव गए थे। इसी दौरान चोरों ने घर की रेकी कर सुनसान माहौल का फायदा उठाया और रात के अंधेरे में चोरी को अंजाम दिया। आज जब पवन अपने घर आए तो बाहर का दरवाजा तो बंद था पर अंदर का दरवाजा खुला मिला। अंदर उन्होंने देखा कि घर के अंदर का सामान बिखरा पड़ा था और अलमारी के ताले टूटे हुए थे। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। पुलिस का कहना है कि आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की मदद से चोरों की पहचान करने की कोशिश की जा रही है। पवन कुमार ने पुलिस से जल्द से जल्द चोरों को पकड़ने और उनके नुकसान की भरपाई करने की मांग की है।

# साहेबगंज : उप विकास आयुक्त ने पहाड़िया गांवों का दौरा किया, दिए महत्वपूर्ण निर्देश

लोकतंत्र की आवाज

**मामलोत सेख**

**साहेबगंज।** विकास आयुक्त, साहिबगंज सतीश चंद्रा, जिला पंचायती राज पदाधिकारी अनिल कुमार, तालझारी प्रखण्ड विकास पदाधिकारी पवन कुमार,परियोजना पदाधिकारी सुधीर मुर्मू, सहित अन्य पदाधिकारियों के साथ तालझारी प्रखंड के संथाली सालगाछी पंचायत अंतर्गत धोगडा पहाड़िया गांव का दौरा किया।

**पहाड़ में सैंकड़ों आदिम जनजाति महिला–पुरुष से मुलाकात कर सरकार की योजनाओं का हाल जानाः** उप विकास आयुक्त ने गांव में पेयजल, शौचालय, आंगनबाड़ी केंद्र, स्वास्थ्य सुविधा, सड़क, आवास, खेल के मैदान व अन्य व्यवस्था की जानकारी ली।पीएम जन मन आवास योजना, एसबीएम समेत अन्य योजनाओं का भी हाल जाना।उन्होंने प्रधानमंत्री जनमन योजना, लंबित प्रधानमंत्री आवास योजना–ग्रामीण और मनरेगा अंतर्गत संचालित योजनाओं का स्थल निरीक्षण भी किया। इस दौरान संबंधित पदाधिकारी व कर्मियों को निर्देश दिया गया कि योजनाओं को तय समय सीमा के भीतर पूर्ण किया जाए ताकि लाभार्थियों को जल्द इसका लाभ मिल सके।



उप विकास आयुक्त ने कहा कि प्रशासन की टीम का आदिम जनजाति पाहड़िया गांवों के भ्रमण का उद्देश्य सरकार की योजनाओं की धरातल पर स्थिति का आकलन करना था। विभाग के अधिकारियों ने संबंधित योजनाओं का निरीक्षण किया है, जो भी कमी है उसे दूर किया जायेगा। सरकार की सभी योजनाओं का लाभ उन तक सीधे पहुंचाया जायेगा। उन्होने बताया कि प्रधानमंत्री जन मन आवासीय योजना 472 आवास लाभुकों का प्रथम किस्त का राशि भुगतान की गयी। कुछ आवासीय कार्य लिंटर तक कामों को प्रगति पर चल रहा है । उन्होने पंचायत सचिव ओर रोजगार सेवक को निर्देश दिया कि आप लोग गांव में आकर बचे हुए आवास को जल्द से जल्द पूरा करायें।

इस क्रम में उप विकास आयुक्त ने दो प्रधानमंत्री जन मन आवासीय योजना का गृह प्रवेश करवाया।उन्होने ग्रामीणों के बीच ग्रामसभा कर मनरेगा योजना के संबंधित योजनाओं का चयन किया गया। वहीं 67 साइकिल,110 अनाज के पैकेट, पांच लोगों को धोती साड़ी,जेएसएलपीएस के समुह को 12 लाख रुपए का चेक,पीएम आवास के लाभुकों को प्रथम किस्त का 30 हजार रुपए चेक का वितरण किया।

उप विकास आयुक्त ने आयुष्मान आरोग्य मंदिर ग्राम कडकडम धोगडा का भी निरीक्षण किया।वहा का हाल देखकर स्वास्थ्य कर्मीयों को फटकार लगाया। उसके बाद सालगाछी पंचायत बड़ा दुर्गापुर पंचायत में जैसे डांगाटोक पहाड़, जोकानी माकी,जोकानी बेड़ों,वास्को पहाड़,भोगा पहाड़, तेलटोक पहाड़,बंगा पहाड़िया,लेबामाको पहाड़, मास्केपु पहाड़,अतर बिट्टा पहाड़, गौड़गापहाड़,बगड़िया पहाड़, परते पहाड़,कोमोगोंडा पहाड़, ग्वालि पहाड़, सालगच्छी पहाड़, 14 गांवों के पहाड़िया के बीच 400 सौ कंबल वितरण किया।

इस मौके पर जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी पूनम कुमारी, सूरज पहाड़िया मुखिया, सुमित चौबे प्रधानमंत्री आवास कोऑर्डिनेटर, मनरेगा बीपीओ रजनीश परासर, नाजिर राकेश सिंह पंचायत सचिव मो.वशीम, रोजगार सेवक, भीम पहाड़िया प्रधान, डांगा टोक पहाड़, चामा पहाड़िया, जोकानि माकी प्रधान, मैसा पहाड़िया, जोकानि बेड़ों प्रधान, रावता पहाड़िया, वास्को पहाड़, प्रधान, लखन पहाड़िया, भोगा पहाड़, प्रधान, सूरजा पहाड़िया, तेलटोक पहाड़, प्रधान, चरण मालतो, बंगा पहाड़िया प्रधान, सूरजा पहाड़िया, प्रधान, लेबामाको पहाड़, मैसा पहाड़िया प्रधान, मास्केपु पहाड़, मैसा पहाड़िया, प्रधान, अतर बिट्टा पहाड़, मैसा पहाड़िया प्रधान, गौड़गापहाड़, सुरेश मालतो, प्रधान, बगड़िया पहाड़, मैसा पहाड़िया परते पहाड़, देवा पहाड़िया, कोमोगोंडा पहाड़, जबरा पहाड़िया ग्वालि पहाड़,, मैसा पहाड़िया सालगच्छी पहाड़ ओर अन्य पहाड़िया के प्रधान सहित अन्य उपस्थित थे।

### दंगवार बस स्टैंड के पास 12 वर्षीय बालक को ट्रक ने कुचला



**लोकतंत्र की आवाज़**
**निशांत तिवारी, प्रभारी झारखंड**

**हैदरनगर(पलामू)।** हुसैनाबाद प्रखण्ड के दंगवार में बस स्टैंड के समीप चौराहे पर दंगवार–कजरात नावाडीह रेलवे स्टेशन मोड़ पर भीषण सड़क दुर्घटना हुई।इस दुर्घटना में ट्रक की चपेट में आने से साइकिल चला रहे एक बारह वर्षीय नाबालिक युवक का मौत हो गया। मृतक दीपू विश्वकर्मा पिता रिंकू विश्वकर्मी ग्राम दंगवार का रहने वाला है। घटना के तुरंत बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने ट्रक चालक को घेर लिया तभी दंगवार ओपी पुलिस घटना स्थल पर पहुंची और उसे सुरक्षित दंगवार ओपी ले गई। आक्रोशित ग्रामीणों ने दंगवार–जपला मुख्य सड़क को जाम कर दिया। ग्रामीण मृतक के परिवार को मुआवजा की मांग कर रहे हैं। वहीं दंगवार ओ पी पुलिस आक्रोशित लोगों को समझाने बुझाने में जुटी हुई है।

## कुम्भ स्नान हेतु गए श्रद्धालुओं के सड़क दुर्घटना में हुए मृत्यु पर उनके परिजनो से मिले : भैया अभिमन्यु प्रसाद



**लोकतंत्र की आवाज**
**घनश्याम पाठक , ब्यूरो चीफ**

**हजारीबाग (झारखंड)।** कटकमसांडी प्रखंड अंतर्गत कंडसार पंचायत के ग्राम कंडसार और नवादा गांव के श्रद्धालु प्रयागराज से कुम्भ स्नान के उपरांत अयोध्या से दर्शन कर लौट रहे परिवारवालों की उत्तर प्रदेश के जौनपुर जिला में भयानक सड़क दुर्घटना हो गया। जिसमें कुल 10 श्रद्धालुओं में से 8 लोगों की दुखद मृत्यु हो गयी।एक महिला अभी वाराणसी में इलाजरत है और एक महिला सुरक्षित अपने घर आ चुकी है। ये दुखद घटना हजारीबाग क्षेत्र के लिए काफी दर्दनाक व् हृदयविदारक घटना है।

कंडसार व् नवादा गांव जाकर दोनों शोकाकुल परिवार वालों से मिल संवेदना व्यक्त किया।और यथासंभव सहायता करने का भरोसा दिया। उपस्थित ग्रामीणों से वार्ता कर के पीड़ित परिवार वालों को मदद करने के लिए आग्रह किये। शोकाकुल परिवारवालों को इस दुःख की घडी में भगवान् हिम्मत दे और मृत आत्मा को शांति प्रदान करे। इस दुख की घड़ी में उनके साथ मिलने वालों में राकेश कुमार सिंह ,अरविन्द सिंह एवं कंडसार व् नवादा के ग्रामीण उपस्तिथि रहे।

## माइक्रोफाइनेंस कंपनी के द्वारा आदिवासी महिलाओं को लोन के नाम पर ठगी करने के खिलाफ एपवा ने प्रतिवाद मार्च निकाला

लोकतंत्र की आवाज




**घनश्याम पाठक , ब्यूरो चीफ**

**हजारीबाग (झारखंड)।** माइक्रो फाइनेंस कंपनियों के द्वारा बगोदर प्रखंड के अडवारा पंचायत के दर्जनों गरीब आदिवासी महिलाओं से लोन के नाम पर तकरीबन 85 लाख रुपए से अधिक के ठगी व धोखाधड़ी के खिलाफ रविवार को माले से सम्बद्ध अखिल भारतीय प्रगतिशील महिला एसोसिएशन (ऐपवा) के बैनर तले सैकड़ों महिलाओं ने बगोदर में प्रतिवाद मार्च निकाला .

उक्त प्रतिवाद बगोदर हॉस्पिटल मोड से शुरू होकर सरिया रोड होते हुए पुरानी जीटी रोड चौराहा, थाना चौक होते हुए समूचे बगोदर बाजार का भ्रमण करते हुए बस स्टैंड पहुंचा जहां प्रतिवाद मार्च सभा में तब्दील हो गया।प्रतिवाद मार्च का नेतृत्व बगोदर पश्चिमी पूर्व जिला परिषद पूनम महतो, ऐपवा प्रखंड अध्यक्ष सह मुखिया सरिता साव, बगोदर मध्य जिला परिषद सरिता महतो, माले प्रखंड सचिव परमेश्वर महतो, पूर्व मुखिया लालजीत मरांडी, पुरन कुमार महतो, विजय सिंह, नंदलाल महतो, अंबिया देवी समेत अन्य ने किया।

सभा को संबोधित करते माले प्रखंड सचिव परमेश्वर महतो ने कहा कि माइक्रो फाइनेंस कंपनियों के द्वारा आम गरीब महिलाओं से 85 लाख रुपए की ठगी और धोखाधड़ी की गई है।भुक्तभोगी गरीब आदिवासी महिलाएं बगोदर के अडवारा पंचायत के विभिन्न गांवों की है।आम महिलाओं के राहत देने के नाम पर यह धोखाधड़ी माइक्रो फाइनेंस कंपनियों के प्रबंधक व बैंक की मिलीभगत के बगैर नहीं हो सकती है।इस धोखाधड़ी की सूचना बगोदर पुलिस प्रशासन को लिखित दी गई है पर महिलाओं के न्याय दिलाने और धोखाधड़ी के दोषियों पर समुचित कार्रवाई नहीं हो रही है जिससे लोगों में गहरा आक्रोश व्याप्त है।उन्होंने कहा कि यह प्रतिवाद मार्च सांकेतिक चेतावनी है।अगर समय रहते पुलिस प्रशासन दोषियों पर समुचित कार्रवाई करने, भुक्तभोगी महिलाओं को न्याय दिलाने की दिशा में आगे नहीं बढ़ती है तो हजारों की संख्या में महिलाएं आंदोलन को विवश होंगी।प्रतिवाद मार्च के माध्यम से माइक्रो फाइनेंस कंपनी के प्रबंधक और स्थानीय एजेंट पवन सिंह, पारस सिंह, संध्या देवी समेत अन्य द्वारा गरीबों के लूटे गए पैसा वापस करने और उनपर विधिसम्मत कठोर करवाई की मांग की गई मार्च व सभा में शीला देवी चांदमुनी देवी आशा देवी बड़की देवी मंझली देवी प्रमिला देवी सरिता देवी बसंती देवी धनेश्वरी देवी सारो देवी उमा देवी नेहा पांडे सरस्वती मासोमात तेजनी देवी प्यासी देवी किरण देवी पार्वती लीला देवी सीता देवी समेत सैकड़ो महिलाएं शामिल हुई।

## एक युवक को हेडफोन लगा गाना सुनना प्रवीण के लिए बन गया काल

लोकतंत्र की आवाज

**घनश्याम पाठक , ब्यूरो चीफ**

**हजारीबाग (झारखंड)।** हेडफोन लगाकर बड़ी मस्ती से एक युवक गाना सुनते हुए रेललाइन पर चल रहा था, कि तभी पीछे से वंदे भारत की ट्रेंन फुल स्पीड में आती है। ट्रेंन का चालक सिटी भी बजाता है परंतु युवक को कुछ भी सुनाई नहीं देता क्योंकि वह हेडफोन से गाना सुन रहा था। इसके बाद चंद सेकेंड में वंदे भारत उसे पीछे से अपनी चपेट में ले लेती है। धक्का लगने के बाद युवक रेललाइन के किनारे फेंका जाता है और वंदे भारत अपनी फुल स्पीड में गुजर जाती है। यह हादसा हजारीबाग टाउन और बरकाकाना के बीच आज करीब 11 बजे की है। हादसे के बाद इलाके में हडकम्प मच जाती है।



युवक की पहचान रामगढ़ जिले के रहनेवाले पतरातू बस्ती निवासी प्रवीण मुंडा (18 वर्षिय) के रूप में हुई। इस हादसे में युवक की कमर, दोनों हाथ और पैर टूट गए। मौके पर मौजूद लोगों ने एंबुलेंस की मदद से उसे रामगढ़ सदर अस्पताल पहुंचाया। जहां डॉक्टरों ने उसे रिम्स रेफर कर दिया, परंतु अस्पताल परिसर में ही युवक की मौत हो जाती है। स्पॉट पर पहुंची रेलवे पुलिस की ओर से भी इसकी पुष्टि की गई है कि युवक हेडफोन लगाकर रेललाइन पर गाना सुनते हुए चल रहा था। इसी दौरान वह ट्रेन की चपेट में आ गया। घटना के बाद युवक के डेड बॉडी को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

## सिमरिया में भाजपा महिला मोर्चा की बैठक, ऐतिहासिक बजट को बताया लाभकारी

लोकतंत्र की आवाज़

**निशांत तिवारी, प्रभारी झारखंड**

**सिमरिया(चतरा)।** चतरा जिले के सिमरिया प्रखंड के डाढी पंचायत में भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा की बैठक आयोजित की गई। इस बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष श्रीमती अनामिका देवी ने की, जिसमें केंद्रीय बजट 2025 पर विस्तार से चर्चा हुई। अनामिका देवी और अन्य महिलाओं ने बजट को देश के आम लोगों, विशेषकर मध्यम वर्ग के लिए फायदेमंद बताया।

उन्होंने कहा कि नई टैक्स स्लैब के तहत 12 लाख रुपये तक की आय पर कोई टैक्स नहीं लगेगा, जिससे मध्यम वर्ग को बड़ी राहत मिलेगी। बैठक में महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए बजट में किए गए प्रावधानों की सराहना की गई। सरकार द्वारा डेयरी और फिशरी



किसानों के लिए लोन की सीमा बढ़ाने की घोषणा को भी महत्वपूर्ण बताया गया। इसके अलावा, 'लखपति दीदी' योजना के तहत महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने पर जोर दिया गया और इस योजना में और अधिक महिलाओं को जोड़ने की बात कही गई।ल्लबुजुर्गों को टैक्स छूट की सीमा को दोगुना करने के फैसले को भी बैठक में सराहा गया। बैठक में मंडल और जिला स्तर की अनेक महिलाएं उपस्थित रहीं और सभी ने सरकार के इस बजट को देश के विकास में मील का पत्थर बताया।

## झारखंड राज्य जलछाजन मिसन के द्वारा वाटर शेड यात्रा कार्यक्रम का लोहरदगा में शुरू हुआ आयोजन

लोकतंत्र की आवाज़

**निशांत तिवारी, प्रभारी झारखंड**

**लोहरदगा(झारखंड)।** भूमि संसाधन विभाग ग्रामीण विकास मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा पूरे भारत में जलछाजन के व्यापक प्रचार प्रसार और ग्रामीणों के बीच जल संरक्षण हेतु जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से वाटरशेड यात्रा कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इस कार्यक्रम में झारखंड के प्रत्येक जिला में तीन दिवसीय वाटरशेड यात्रा कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है जिसमें वाटरशेड यात्रा वैन निर्धारित स्थानों में भ्रमण करेगी।

लातेहार जिला से चलकर लोहरदगा पहुंची वैन के साथ दिनांक



23.02.2025 को ग्राम एड़ादोन से आरंभ की गई वाटरशेड यात्रा कार्यक्रम उमरी, महुआरी, गजनी होते हुए दिनांक 25.02.2025 को कैरो प्रखंड परिसर में समापन कार्यक्रम के साथ वॉटरशेड यात्रा वैन गुमला जिला के लिए रवाना की जायेगी 25.02.2025 को कार्यक्रम में माननीय सांसद सुखदेव भगत, माननीय विधायक रामेश्वर उरांव की उपस्थिति रहेगी। उपायुक्त, उप विकास आयुक्त, जिला स्तरीय पदाधिकारीगण, जिला परिषद् अध्यक्ष, प्रमुख, पंचायत स्तरीय पदाधिकारीगण, जन प्रतिनिधिगण आदि उपस्थित रहेंगे।

**आज आयोजित हुआ कार्यक्रम** :आज दिनांक 23.02.2025 को ग्राम एड़ादोन पंचायत सढ़ावे प्रखंड कैरो में आयोजित वाटरशेड यात्रा कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला परिषद सदस्य श्री सुखदेव उरांव, विशिष्ट अतिथि श्रीमती कालेन खलखो जिला कृषि पदाधिकारी, सुश्री छंदा भट्टाचार्जी एवं ग्रामीण उपस्थित रहे। कार्यक्रम में जल एवं भूमि संरक्षण का शपथ, जलछाजन गीत, भूमि पूजन, श्रमदान, एक पेड़ मां के नाम, नुक्कड़ नाटक द्वारा जल संरक्षण का संदेश एवं ग्रामीणों को अतिथियों द्वारा जल संरक्षण के बारे में जानकारी दी गई।

## पलामू बनेगा ट्रैफिक जिला, बस स्टैंड और पुलिस लाइन शहर से बाहर होगा शिफ्ट

लोकतंत्र की आवाज़

**निशांत तिवारी, प्रभारी झारखंड**

**पलामू(झारखंड)।** पलामू ट्रैफिक जिला बनेगा, जबकि मेदिनीनगर, हुसैनाबाद और छतरपुर में भी ट्रैफिक थाने बनाए जाएंगे. इस संबंध में पुलिस मुख्यालय को प्रस्ताव भेजा गया है. वहीं, पलामू पुलिस स्टेडियम को मेदिनीनगर शहर से बाहर शिफ्ट किया जाएगा. मेदिनीनगर बस स्टैंड को भी शहर से बाहर शिफ्ट करने की योजना है.

**ट्रैफिक जिला बनाने का प्रस्ताव :** दरअसल, जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक में इस संबंध में प्रस्ताव लाया गया है. बैठक की अध्यक्षता पलामू सांसद



विष्णुदयाल राम ने की. जबकि बैठक में झारखंड सरकार के वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर, विधायक डॉ. शशि भूषण मेहता, आलोक चौरसिया, डीसी शशि रंजन और एसपी रीष्मा रमेशन मौजूद थे.बैठक में पलामू पुलिस की ओर से बताया कि पलामू को ट्रैफिक जिला बनाने का प्रस्ताव मुख्यालय को भेजा गया है. बैठक में मेदिनीनगर शहर के बस स्टैंड को शहर से बाहर शिफ्ट करने की योजना तैयार की गई है. डीसी को बैरिया बस स्टैंड का भौतिक सत्यापन करने को कहा गया है. ट्रैफिक जिला बनने के बाद पलामू में ऑनलाइन चालान कटने लगेगा.

- पलामू को ट्रैफिक जिला बनाया जाएगा. इसे लेकर जिला सांसद, वित्त मंत्री के साथ अन्य अधिकारियों की बैठक हुई

**महादलित परिवारों को बसाने पर चर्चा :** इधर, मुरुमातु के महादलित परिवार को बसाने के लिए भी समीक्षा की गयी. इस दौरान कहा गया कि उनके लिए जमीन चिन्हित की जाये. दिशा की बैठक में कई विकास योजनाओं की समीक्षा की गयी और लापरवाह कर्मचारियों पर कार्रवाई करने का भी निर्देश दिया गया. बैठक में 73 बालू घाटों से उठाव पर भी चर्चा हुई. मुखिया के साथ बैठक कर चालान की समीक्षा की जायेगी।

## संक्षिप्त खबरें ।

### केंद्रीय बजट विकसित भारत के लिए सर्वश्रेष्ठ : गन्ना मंत्री: संजय सिंह



लोक तंत्र की आवाज
उरई जालौन।– उत्तर प्रदेश के गन्ना मंत्री संजय सिंह गंगवार ने उरई के लल्ला धाम गेस्ट हाउस केंद्रीय बजट को लेकर प्रेस वार्त की, प्रेस वार्ता के दौरान केंद्रीय बजट 2025–26 को विकसित भारत के लिए सर्वश्रेष्ठ बताया है। उरई के लल्ला धाम पैलेस में उन्होंने कहा कि यह बजट छह प्रमुख क्षेत्रों पर केंद्रित है। मंत्री ने बताया कि बजट को ध्यान में रखा गया, ऊर्जा के क्षेत्र में, शहरी विकास, वित्तीय क्षेत्र, नियामक सुधार और खनन क्षेत्र को प्राथमिकता दी गई है। इस बजट का मुख्य उद्देश्य विकास को गति देना, समावेशी विकास को सुनिश्चित करना और मध्यम वर्ग की क्रय शक्ति को बढ़ाना है। वरिष्ठ नागरिकों के लिए राहत देते हुए ब्याज पर कर कटौती की सीमा 50 हजार से बढ़ाकर 1 लाख कर दी गई है। किराए पर टीडीएस की वार्षिक सीमा को 2.40 लाख से बढ़ाकर 6 लाख रुपए किया गया है। नई कर व्यवस्था में 12 लाख रुपए तक की वार्षिक आय वाले करदाताओं को विशेष छूट दी जाएगी। इस व्यवस्था के तहत 12 लाख की आय वाले करदाता को 80,000 रुपए का लाभ मिलेगा। किसानों की आय बढ़ाने के लिए 5 वर्षीय राष्ट्रीय कपास मिशन की शुरुआत की गई है। इसका उद्देश्य कपास की उत्पादकता बढ़ाना और लंबे रेशे वाली कपास की खेती को प्रोत्साहित करना है। साथ ही, विश्वस्तरीय शिक्षा के माध्यम से युवाओं को सशक्त बनाने और आंगनबाड़ी एवं पोषण 2.0 कार्यक्रमों को मजबूत करने पर भी ध्यान दिया गया है।

### श्रीमद्भागवत कथा को लेकर ग्रामीणों ने की बैठक



लोकतन्त्र की आवाज
केदार नाथ पाण्डेय
पीरपैंती/कहलगांव। प्रखंड के सिंया गांव स्थित शीतला स्थान परिसर में आगामी मार्च महीने में होने वाले श्रीमद्भागवत कथा को? लेकर स्थानीय ग्रामीणों जनप्रतिनिधियो व गणमान्य लोगों ने की बैठक। सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन सिंया गांव में दिनांक 17 से 23 मार्च तक होगा। इस बीच बैठक में इस भव्य आयोजन को सफलतापूर्वक व शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने पर कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। कथा के आयोजन में वृंदावन से श्री नवनाथ कृष्ण जी महाराज मुख्य कथावाचक के रूप में मौजूद रहेंगे। इस बीच बैठक की अध्यक्षता सरपंच प्रतिनिधि सुरेश राम व संचालन सर्वदलीय समिति के अध्यक्ष पवन कुमार भारती ने किया। इस बीच मौके पर मुखिया प्रतिनिधि रवि पासवान,अभय सिंह,पूरण सिंह, उमाकांत सिंह,रंजन साह, वशिष्ठ उरांव,संजय रिक्यासन,चितरंजन कुमार,अरूण महलदार,दिलीप यादव सहित सैंकड़ों की संख्या में अन्य ग्रामीण मौजूद रहे।

### पुलिस जैसी वर्दी में बाईक सवार गुंडों ने महिला से चैन एवं अंगूठी लूटा



लोकतंत्र की आबाज
समस्तीपुर। जिला मुख्यालय में भीड़ भरा चौक पर दिनदहाड़े महिला के गले से चैन एवं हाथ की उंगली से अंगूठी लूटकर गुंडों ने एक ओर आमजनों का होश उड़ा कर रख दिया वहीं पुलिस को खुलेआम चुनौती दे डाला।मामला शहर के विवेक–विहार मुहल्ला का है जहां मुहल्ला निवासी सेवानिवृत्त बैंक मैनेजर विश्वनाथ राम की पत्नी सह भाकपा माले के महिला संगठन ऐपवा के जिला उपाध्यक्ष नीलम देवी (60) मोहनपुर रोड से श्रीलेदर से चप्पल खरीदकर लौट रही थीं जहां पुलिस जैसी वर्दी में बाईक सवार दो अधेर युवक महिला के पास आकर कहा मैडम ऐसे चैन पहनकर मत चलिए, लगातार घटना घट रही है। इतना सुनते ही महिला गले की चैन को दुपट्टे से ढ़क लिया। फिर बाईक स्टार्ट करने के बाद झपट्टा मार कर चैन एवं अंगूठी लूट लिया एवं हल्ला करने पर जान से मार देने का धमकी देकर भागने लगा। महिला ने हिम्मत दिखाते हुए बाईक का कैरियर पकड़कर हल्ला करते हुए खींचने लगी। कुछ देर तक खींचतान हुई लेकिन प्रत्यक्षदर्शियों के डर जाने का लाभ उठाते हुए गुंडे बाईक लेकर फरार हो गया। लूटे गये जेबर करीब 3 भर जिसका कीमत करीब ढ़ाई लाख रूपये बताया गया है। महिला ने 112 पर फोन कर नगर पुलिस को जानकारी दी। मौके पर पुलिस पहुंचकर घटना की सीसीटीवी खंगाल रही है। भाकपा माले जिला स्थाई समिति सदस्य सुरेंद्र प्रसाद सिंह ने मुख्यालय में दिनदहाड़े चैन एवं अंगूठी की लूट की घटना वो भी पुलिस जैसी वर्दी में पर चिंता व्यक्त करते हुए घटना की उच्च स्तरीय जांच कर अपराधियों पर कानूनी कारवाई, बिगड़ती कानून व्यवस्था पर रोक लगाने की मांग की है।

### औराई विधानसभा काफी पिछड़ा हुआ क्षेत्र : केंद्रीय मंत्री राजभूषण निषाद



लोकतंत्र की आवाज
मुजफ्फरपुर । केंद्रीय मंत्री डॉ. राजभूषण निषाद ने कहा कि औराई विधानसभा काफी पिछड़ा हुआ क्षेत्र माना जाता है। 21 अरब से ऊपर की राशि स्वीकृत होने से कई रोड और पुल पुलिया का निर्माण किया जाएगा। जिसमें 102 सड़क निर्माण और 74 विद्यालय बनाए जाएंगे। साथ ही भारत सरकार के जलशक्ति मंत्रालय की ओर से 51 किलोमीटर बांध का सुदृढ़ीकरण किया जाएगा।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और विकास पुरूष सीएम नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार में विकास की गंगा बह रही है। मुजफ्फरपुर जिला में प्रगति यात्रा के दौरान 21 अरब की राशि स्वीकृत की गई है, जिससे मुजफ्फरपुर जिला का औराई विधानसभा पूरी तरह से चचरी मुक्त होने में मिल का पत्थर साबित होगा। यह बातें केंद्रीय जलशक्ति राज्यमंत्री डॉ. राजभूषण निषाद ने मुजफ्फरपुर जिले के औराई प्रखंड अंतर्गत रामवृक्ष बेनीपुरी स्थल से 10 किलोमीटर की पैदल धन्यवाद यात्रा निकालने के बाद पत्रकारों को जानकारी देते हुए कही। वहीं स्थानीय बीजेपी के विधायक सह पूर्व मंत्री रामसूरत राय ने कहा कि भारत सरकार और बिहार सरकार की ओर से विकास के मद में 21 अरब की राशि स्वीकृत होने से औराई विधानसभा क्षेत्र का कायाकल्प हो जाएगा। इससे औराई प्रखंड से मात्र आधा घंटा में मुजफ्फरपुर शहर पहुंचा जा सकेगा।

# रामपुरा मे योग करते समय रिटायर टीचर की सिर काट कर मौत के घाट उतार दिया

लोक तंत्र की आवाज

● रामपुरा क्षेत्र में स्कूल के पूर्व प्रिंसिपल ने की सिर काट कर हत्या, की घटना से गांव में हड़कंप मचा और ग्रामीणों में तनाव को देखते हुए फोर्स तैनात किया गया





**रामपुरा जालौन।** रामपुरा थाना क्षेत्र अंतर्गत योग करते समय रिटायर टीचर की गर्दन काटकर निर्मम हत्या कर दी गई। आज सुबह गांव की पुलिया पर योग कर रहे थे। जैसे ही गर्दन नीचे की, तो पास में खड़े व्यक्ति ने कुल्हाड़ी से हमला कर दिया। गर्दन कटकर अलग हो गई। और शिक्षक की मौके पर ही मौत हो गई। रक्त रंजित हालत में घायल रिटायर शिक्षक का सिर अलग कटा देख क्षेत्र में हड़कंप मच गया और घटना की जानकारी ग्रामीणों ने गांव में दी सूचना मिलते ही आस पास के लोग मौके पर पहुंचे और ग्रामीणों की भीड़ एकत्रित हो गई

घटना को अंजाम देकर आरोपी मौके से फरार हो गया घटना की जानकारी मिलते ही परिजन घटना स्थल पर पहुंचे और परिजनों ने घटना की सूचना पुलिस को दी सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। शव को कब्जे में लेकर घटना की जानकारी उच्य अधिकारियो को दी सूचना मिलते ही क्षेत्राधिकारी माधौगढ़ राम सिंह यादव , व पुलिस अधीक्षक जालौन डा दुर्गेश कुमार, ने घटना स्थल पर पहुंच कर घटना की जानकारी की और शव को कब्जे में लेकर शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भिजवाया। वहीं फ़ौरिस टीम घटना के साक्ष एकत्रित करने में जुट गई । इसी बीच ग्रामीणों के गुस्से को देखते हुए गांव में फोर्स तैनात की गई है।

घटना रविवार को सुबह सिलउवा गांव की है थाना रामपुरा क्षेत्र के भीमनगर की है। सूचना मिलते ही सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण पहुंच गए। हत्या के विरोध में प्रदर्शन करने लगे। आरोपियों को तत्काल गिरफ्तार करने की मांग की।

**मृतक विद्याराम और प्रधानाचार्य के बीच किसी बात को लेकर विवाद था:** भीमनगर निवासी विद्याराम जाटव उम्र (68) रिटायर्ड शिक्षक थे। विद्याराम सुबह करीब 5.30 बजे छड़ी लेकर घर से निकले। रोज की तरह गांव के बाहर प्राइमरी स्कूल के पास नाले पर बनी पुलिया पर योग कर रहे थे। कुछ देर बाद वहां से गुजर रहे ग्रामीणों ने उनका खून से लथपथ शव देखा। तो लोगों के पैरों तले जमीन खिसक गई और आनन फ़ानन में लोगों ने घटना की सूचना पुलिस और परिजनों को सूचना दी।

विद्याराम जाटव के परिवार के गांव में तीन स्कूल है। तीनों स्कूलों की मैनेजर उनकी पत्नी प्रेमा देवी हैं। प्रेमा देवी ने बताया कि 2019 में विद्यालय के प्रधानाचार्य रामखिलावन को अनियमितताओं के चलते हटा दिया गया था। जिससे दोनों के बीच विवाद चल रहा था।

इसके अलावा प्रबंध समिति के चुनाव को लेकर भी कई लोगों से विवाद चल रहा था। परिजनों का आरोप है कि रामखिलावन ने अपने सहयोगियों के साथ मिलकर विद्याराम की हत्या कर दी। पुलिस का कहना है कि हत्यारों को टीचर की दिनचर्या की पूरी जानकारी थी।

**पुलिस ने एक आरोपी को हिरासत में लिया :** प्राप्त जानकारी के अनुसार पुलिस अधीक्षक जालौन डॉक्टर दुर्गेश कुमार ने बताया कि घटना 23 फरवरी की सुबह की है। घटना की सूचना मिलते ही थानाध्यक्ष रामपुरा और क्षेत्राधिकारी माधौगढ़ तत्काल मौके पर पहुंचे। मृतक के परिजनों ने शिकायत दी है। कि घटना आज सुबह की है। घटना की सूचना मिलते ही थानाध्यक्ष रामपुरा और क्षेत्राधिकारी माधौगढ़ तत्काल मौके पर पहुंचे। मृतक के परिजनों ने शिकायत दी है। जिसके आधार पर मामला दर्ज कर कार्यवाही की जा रही है। पुलिस ने तत्काल कार्यवाही करते हुए एक आरोपी को हिरासत में ले लिया है। मामले की गहनता से जांच की जा रही है।

## भारत-पाकिस्तान मैच के रिजल्ट से पहले आया भूकम्प, क्रिकेट देख रहे लोग घर से निकले बाहर

लोक तंत्र कीआवाज




**नई दिल्ली ।** आईसीसी चैम्पियंस ट्रॉफी 2025 में आज भारतीय टीम की टक्कर पाकिस्तान से है। दुबई इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में पार्का?स्तानी टीम ने पहले बल्लेबाजी करने का फैसला लिया। रविवार को छुट्टी का दिन रहने के कारण लोग अपने–अपने घरों में बैठकर मैच देख रहे थे कि तभी इसी बीच भूकम्प के झटके लोगों ने महसूस किये। जिसके बाद सभी अपने–अपने घर से बाहर निकल गये। फिर मैच की जगह भूकम्प की चर्चा छिड़ गई।

दरअसल दिल्ली से सटे उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद जिले में एक बार फिर भूकंप के झटके महसूस किए गए। रविवार 23 फरवरी की दोपहर 3.24 बजे भूकम्प के झटके महसूस किए गये। जिसके बाद अफरा–तफरी मच गयी। लोग अपने–अपने घर, ऑफिस और दुकान से बाहर निकल गये। रविवार छुट्टी का दिन होने के चलते कई लोग घर में ही थे और इंडिया और पाकिस्तान का मैच देख रहे थे। मैच देखने के दौरान जैसे ही लोगों ने भूकम्प के झटके महसूस किये घर से बाहर निकल गये। इसे लेकर लोग काफी दहशत में हैं।

राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र की माने तो रिक्टर स्केल पर भूकम्प की तीव्रता 2.8 मापी गई। इसका केंद्र बिन्दू 10 किलोमीटर की गहराई में था। भूकंप की तीव्रता कम होने के कारण किसी तरह का कोई नुकसान नहीं हुआ। भूकम्प के झटके महसूस किये जाने के बाद से लोग काफी डरे हुए हैं। इससे पहले भी इसी तरह का झटका लोगों ने महसूस किया था। बता दें कि बीते सोमवार की सुबह दिल्ली में भूकम्प का झटका लोगों ने महसूस किया था। उस वक्त भूकम्प की तीव्रता 4.0 तीव्रता थी जबकि आज आए भूकम्प की तीव्रता 2.8 रही।

दिल्ली से सटे उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद जिले में एक बार फिर भूकंप के झटके महसूस किए गए। रविवार 23 फरवरी की दोपहर 3.24 बजे भूकम्प के झटके महसूस किए गये। जिसके बाद अफरा–तफरी मच गयी। लोग अपने–अपने घर, ऑफिस और दुकान से बाहर निकल गये। रविवार छुट्टी का दिन होने के चलते कई लोग घर में ही थे और इंडिया और पाकिस्तान का मैच देख रहे थे। मैच देखने के दौरान जैसे ही लोगों ने भूकम्प के झटके महसूस किये घर से बाहर निकल गये। राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र की माने तो रिक्टर स्केल पर भूकम्प की तीव्रता 2.8 मापी गई। इसका केंद्र बिन्दू 10 किलोमीटर की गहराई में था। भूकंप की तीव्रता कम होने के कारण किसी तरह का कोई नुकसान नहीं हुआ।

## मोतिहारी: केसरिया में राजद नेताओं द्वारा युवा चौपाल के तहत् कार्यकारिणी की बैठक का आयोजन किया गया



**लोकतंत्र की आवाज**
**ब्यूरो चीफ शशिकांत**
**मोतिहारी।** केसरिया के होटल बिरयानी में युवा चौपाल के तहत् एक दिवसीय कार्यकारिणी बैठक का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में राजद के वरीय नेता सह राजद राज्य परिषद सदस्य अवधेश यादव ने सभा को संबोधित करते हुए। आगामी चुनावी मुद्दों पर विस्तृत रूप से जानकारी दी। एवं पार्टी कार्यकर्ताओं को बुथ लेवल पर कार्य करने की बातें कहीं। वहीं उन्होंने कहा कि पार्टी की रीढ़ होते हैं कार्यकर्ता। इस मौके राजद के जिलाध्यक्ष तौकीर खांन क्रीडा प्रकोष्ठ, अशफ़ाक खान प्रधान महासचिव राजद, अरविंद यादव उपाध्यक्ष, चंदेश्वर पटेल उपाध्यक्ष,रवि जायसवाल, प्रमोद कुमार रजक प्रधान महासचिव युवा,अकरम खान,डॉ धर्मेंद्र कुमार सिंह, प्रमोद यादव प्रखंड अध्यक्ष, प्रमोद कुमार सिंह अध्यक्ष युवा, उमेश पासवान प्रधान महासचिव अनुसुचित जाति, अरविंद यादव समेत कई गणमान्य नेतागण एवं सैंकड़ों कार्यकर्ता मौजूद थें।

# पांच खिलाड़ी जिनके बूते भारत ने चटाई धूल, जिंदगी भर याद रखेगा पूरा पाकिस्तान

लोकतंत्र की आवाज



**नई दिल्ली।** भारत ने एक बार फिर पाकिस्तान को हरा दिया है। वनडे में 2018 से भारत को पाकिस्तान से एक भी हार नहीं मिली थी। वह सिलसिला चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के ग्रुप ए के मैच में भी जारी रहा। पहले खेलते हुए पाकिस्तान की पारी आखिरी ओवर में 241 रनों पर सिमट गई। भारतीय टीम ने 43 ओवर में मुकाबला अपने नाम कर लिया। इस जीत से भारत ने सेमीफाइनल में अपनी जगह लगभग पक्की कर ली है। इस मैच में कई खिलाड़ी भारत की जीत के जीरो रहे, हम आपको 5 के बारे में बताते हैं।

विराट कोहली भारत की जीत के सबसे बड़े हीरो रहे। उन्होंने टीम इंडिया के लिए इस मैच में शतकीय पारी खेली। 111 गेंद पर विराट के बल्ले से 100 रन निकले। उन्होंने अपनी पारी में 7 चौके मारे। विराट ने चौका मारकर मैच फिनिश किया और अपना शतक लगाया। भारत के लिए कुलदीप यादव ने डेथ ओवर में कमाल की बॉलिंग की। इस दौरान उन्होंने लगातार दो गेंदों पर सलमान आगा और शाहीन अफरीदी को आउट किया। उन्होंने आखिरी 10 ओवर में 4 ओवर डाले और 17 रन देकर 3 विकेट लिए। इसने पाकिस्तान को 250 के पार नहीं पहुंचने दिया।

हार्दिक पंड्या भी भारत की जीत के हीरो में एक रहे। उन्होंने गेंदबाजी में पाकिस्तान बल्लेबाजों को कोई मौका नहीं दिया। हार्दिक ने 8 ओवर की बॉलिंग में 3.9 की इकोनॉमी से 31 रन दिए। उन्होंने बाबर आजम के साथ ही सबसे बड़ी पारी खेलने वाले साउत शकील को आउट किया।

श्रेयस अय्यर वनडे में भारत के सबसे महत्वपूर्व बल्लेबाजों में शामिल हैं। उन्होंने आज एक बार फिर यह बात साबित की। चौथे नंबर पर आकर अय्यर ने पारी संभाली और विराट कोहली का साथ निभाया। स्पिन गेंदबाजों पर अय्यर ने अटैक किया और अर्धशतक लगाकर जीत के हीरो में शामिल हो गए।

अक्षर पटेल ने पाकिस्तान को इस मैच में खूब परेशान किया। पहले उन्होंने सलामी बल्लेबाज इमाम उल हक को डायरेक्ट थ्रो पर रन आउट किया। इसके बाद अक्षर ने गेंदबाजी में मोहम्मद रिजवान और साउद शकील की 104 रनों की साझेदारी तोड़ी। पाकिस्तानी टीम अंत तक इससे नहीं उबर पाई।

## यूपी बोर्ड परीक्षा में जालौन में 74 परीक्षा केंद्र बनाए गए

**इंटर मीडिएट के 38,951 छात्र देंगे परीक्षा, 8 केंद्र संवेदनशील**

लोकतंत्र की आवाज



**उरई जालौन।** यूपी बोर्ड की हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की परीक्षाएं आज 24 फरवरी से शुरू होगी। जालौन जिले में कुल 74 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। इन परीक्षा केंद्रों पर 38,951 विद्यार्थी परीक्षा देंगे। हाईस्कूल में 18,708 और इंटर में 20,243 छात्र–छात्राएं शामिल होंगे। प्रशासन ने नकल विहीन परीक्षा कराने के लिए कड़े प्रबंध किए हैं। सभी परीक्षा केंद्रों को 11 सेक्टर में विभाजित किया गया है। प्रत्येक सेक्टर में एक मजिस्ट्रेट तैनात किया गया है। साथ ही 5 जोनल मजिस्ट्रेट और हर केंद्र पर एक स्टेटिक मजिस्ट्रेट की नियुक्ति की गई है। नकल रोकने के लिए 6 विशेष उड़न दस्ते भी गठित किए गए हैं।

जिला विद्यालय निरीक्षक राजकुमार पंडित ने बताया कि सभी केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं। उरई के राजकीय इंटर कॉलेज में कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है। परीक्षा केंद्रों से 100 मीटर के दायरे में फोटोकॉपी या बुक सेंटर नहीं खुलने दिया जाएगा। नकल कराने वालों पर सख्त से सख्त कार्यवाही की जाएगी और एफआईआर भी दर्ज की जाएगी।

कुल परीक्षा केंद्रों में 8 राजकीय, 43 सहायता प्राप्त और 23 वित्तविहीन विद्यालय शामिल हैं। हाईस्कूल में 8,945 छात्राएं और 9,763 छात्र, तथा इंटर में 9,120 छात्राएं और 11,123 छात्र परीक्षा में भाग लेंगे। जिले में 8 संवेदनशील केंद्र चिह्नित किए गए हैं। इन परीक्षा केंद्रों पर विशेष निगरानी रखी जाएगी। बोर्ड ने इस बार किसी आपात स्थिति के लिए अतिरिक्त प्रश्न पत्र की व्यवस्था भी की है। इससे विषम परिस्थितियों में भी परीक्षा सुचारू रूप से संपन्न कराई जा सकेगी।

## डीएम के निर्देश पर17 अवैध नर्सिंग होम पर हुई छापेमारी, 15 को किया गया सील

लोकतंत्र की आवाज



**दीपक कुमार**
**मुजफ्फरपुर।** जिला पदाधिकारी श्री सुब्रत कुमार सेन द्वारा जिलांतर्गत शहर से लेकर दूरस्थ ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों को अस्पतालों में नार्मल एवं गंभीर मरीजों के लिए सभी आवश्यक स्वास्थ्य सुविधाएं सुगम एवं सुचारू रूप से सुलभ कराने तथा प्रभावी सुधार लाने की कार्रवाई सतत एवं प्रभावी रूप से जारी है। इसके लिए सदर अस्पताल से लेकर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, हेल्थ वेलनेस सेंटर में लगातार विजिट कर निरीक्षण करने तथा प्रगति की समीक्षा कर समाज के सभी वर्ग के लोगों विशेषकर वृद्धों,महिलाओं, बच्चों के लिए स्वास्थ्य सेवाओं में लगातार सुधार लाया जा रहा है।

इस क्रम में जिला पदाधिकारी को एसकेएमसीएच के बाहर निकटवर्ती क्षेत्र में अवैध नर्सिंग होम के संचालन की शिकायत /सूचना मिली। जिले में लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने तथा सुधार लाने हेतु प्रतिबद्ध जिलाधिकारी ने मामले को गंभीरता से लेते हुए त्वरित रूप से विशेष टीम का गठन कर जांच करने तथा दोषी के विरूद्ध कठोर कार्रवाई करने का निर्देश दिया। तत्पश्चात टीम में शामिल एसडीओ पूर्वी, सिविल सर्जन सहित अन्य प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारियों ने सक्रिय एवं तत्पर होकर एसकेएमसीएच के बाहर संचालित 17 नर्सिंग होम की जांच की ।

इस दौरान सिविल सर्जन एवं अन्य विशेषज्ञ चिकित्सकों के दल ने बिहार क्लीनिकल एस्टेब्लिशमेंट एक्ट के तहत संस्थान के निबंधन, लाइसेंस, डाक्टर की विशेषज्ञता, तकनीकी स्टाफ की योग्यता / विशेषज्ञता सहित स्वास्थ्य विभाग द्वारा निर्धारित सभी मानदंडों एवं शर्तों से संबंधित आवश्यक दस्तावेजों की जांच की तथा स्वास्थ्य संस्थान के संचालन हेतु अन्य अपेक्षित संसाधन की भी गहन जांच की गई । जाँचोपरांत सरकारी मार्गदर्शिका के तहत निर्धारित मानदंडों एवं शर्तों का उल्लंघन पाया गया। जांचोंपरांत सभी नर्सिंग होम का संचालन सरकारी मानदंड एवं शर्तों के विरुद्ध पाया गया। इसलिए सभी 17 नर्सिंग होम को सील करने का निर्णय लिया गया किंतु दो नर्सिंग होम में मरीज एडमिट रहने के कारण तत्काल 15 नर्सिंग होम को सील किया। साथ ही नर्सिंग होम के विरुद्ध अहियापुर थाने में प्राथमिकी दर्ज की कार्रवाई प्रक्रियाधीन है।

जिलाधिकारी ने सिविल सर्जन को जिले में संचालित इस प्रकार के अन्य अवैध नर्सिंग होम की सूची तैयार करने का निर्देश दिया है ताकि सतत एवं प्रभावी मानिटरिंग किया जा सके। साथ ही इन नर्सिंग होम का नियमानुसार जांच कर अवैध धंधेबाजी को रोका जा सके। साथ ही जिले के लोगों को इलाज की बेहतर तथा सुगम एवं सचारू स्वास्थ्य सुविधा सुलभ कराया जा सके। जिलाधिकारी ने अनुमंडल पदाधिकारी पूर्वी एवं पश्चिमी को नियमित रूप से ऐसे अवैध संचालित नर्सिंग होम की नियमित मॉनिटरिंग एवं जांच करने तथा उल्लंघन करनेवालों के विरूद्ध सरकारी प्रावधान के अनुरूप कठोर कार्रवाई करने का निर्देश दिया है।

### इन 17 नर्सिंग होम पर कार्रवाई होगी

1.पीडीएम हॉस्पिटल एसकेएमसीएच माँ अंबिका भवानी
2.मयंक नर्सिंग होम एसकेएमसीएच मां अंबिका भवानी
3.चांदनी मेडिकल हॉल एसकेएमसीएच हॉस्पिटल से पश्चिम सीतामढ़ी रोड
4.मंगलम हेल्थ केयर एसकेएमसीएच हॉस्पिटल के पश्चिम सीतामढ़ी रोड
5.अत्रु हेल्थ केयर एसडीएम श्री कृष्णा कॉलेज एंड अस्पताल के पश्चिम
6.न्यू मानव सेवा नर्सिंग होम श्री कृष्णा मेडिकल कॉलेज के सामने आरएस राय कंपलेक्स
7.न्यू शिवम नर्सिंग होम एसकेएमसीएच मेडिकल उत्तरी गेट के सामने उमा नगर
8.राधे नर्सिंग होम, बैंक ऑफ़ बड़ौदा के निकट
9.निशांत नर्सिंग होम बैंक ऑफ़ बड़ौदा के निकट
10.लालबाबू सिंह चाइल्ड केयर बैंक ऑफ़ बड़ौदा के निकट
11.उमा नर्सिंग होम बैंक ऑफ़ बड़ौदा के निकट
12.अर्चना नर्सिंग होम एसएसबी कैंप के बगल में उमा नगर
13.पी एन हॉस्पिटल मेडिकल कॉलेज रोड नियर एसएसबी कैंप उमा नगर
14.आर्यन जांच घर, सिंह मार्केट एसएसबी कैंप
15.स्टार इमरजेंसी हॉस्पिटल, नियर एसएसबी कैंप
16.सम्राट हॉस्पिटल एसकेएमसीएच देवी स्थान एसएसबी कैंप
17. न्यू अपना हॉस्पिटल, नियर एसएसबी कैंप, उमा मार्केट, उमा नगर

## माता नही कुमाता कलयुग में कुछ भी असंभव नहीं, 3 सहोदर भाई बहन का शव कुआं से बरामद, मां पर हत्या की है अशंका

लोकतंत्र की आबाज



**समस्तीपुर।** जिले के कल्याणपुर प्रखंड के चकमेहसी थाना अंतर्गत मालीनगर पंचायत के वार्ड 8 मालीनगर गांव से शनिवार की देर रात से घर से लापता तीन सहोदर भाई बहन का शव रविवार की दोपहर पुलिस ने घर से महज कुछ दूरी पर स्थित एक कुआं से बरामद किया है। सूचना पर एसपी अशोक मिश्रा ने भी घटनास्थल पर पहुंचकर मामले की गहनता से छानबीन की है।

मृतक बच्चो की पहचान मालीनगर निवासी चंदन कुमार उर्फ लफूआ के 6 वर्षीय पुत्र तरुण कुमार, 4 वर्षीय पुत्री तान्या कुमारी व 2 वर्षीय पुत्र तनिष्क कुमार के रूप में हुई है। पुलिस ने मृतक बच्चे की मां सीमा देवी व पिता चंदन कुमार को हिरासत में लेकर पूछताछ में जुटी है। मिली जानकारी के अनुसार चकमेहसी थाना क्षेत्र के मालीनगर पंचायत के वार्ड 8 मालीनगर गांव से शनिवार की रात करीब डेढ़ बजे एक घर से तीन बच्चे की घर का ग्रिल खोलकर गायब कर देने पर ग्रामीणों की भीड़ जुटी। सूचना पर तत्काल पहुंची चकमेहसी पुलिस ने मामले की गहनता से छानबीन शुरू कर दिया। रविवार की सुबह सदर 2 डीएसपी विजय महतो सहित डॉग स्क्वायड की टीम छानबीन में जुटी थी। इसी दौरान पुलिस ने मृतक बच्चे की मां सीमा देवी के बदलते बयान पर शंका होने पर उसे हिरासत में ले कर पूछताछ शुरू की। वही पुलिस जगह जगह कुआं, तालाब आदि में तलाश कर ही रही थी। इसी क्रम में पुलिस को मालीनगर में घर से महज 15 गज की दूरी पर एक कुआं में तीनो बच्चो का शव बरामद हुआ। उसके बाद पुलिस ने शव को स्थानीय एक युवक के मदद से बाहर निकाल कर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल समस्तीपुर भेज दिया है।

घटना के संबंध में लोगो की माने तो बताया गया है की पति पत्नी में शनिवार की रात विवाद हुआ था। इसके बाद देर रात तीनो बच्चे के गायब होने की जानकारी पुलिस को दी गई। इधर घटनास्थल पर एसपी अशोक मिश्रा भी पहुंचे। उन्होंने बताया की पति–पत्नी के बीच अनबन चल रही थी। बीते शनिवार की शाम भी दोनों के बीच झगड़ा हुआ था। पुलिस दोनों से पूछताछ कर रही है। उन्होंने बताया इस मामले में सच्चाई क्या है जल्द ही खुलासा हो जाएगा।

### नाली निर्माण में अनियमितता का आरोप, जांच कर कार्रवाई की मांग

लोकतंत्र की आवाज
**गायघाट।** प्रखंड के जाता पंचायत का दौरा जदयू नेता प्रभात किरण ने किया। ग्रामीणों के चंदा के पैसे से निर्मित ब्रह्मास्थान पर विधायक फंड से निर्माण का शिलान्यास स्थानीय विधायक निरंजन राय द्वारा कर दिया गया। इससे ग्रामीणों में काफी आक्रोश व्याप्त है। स्थानीय विधायक असमाजिक तत्वों को लेकर चंदा के पैसे से निर्मित ब्रह्मस्थान पर शिलापट्ट लगाकर अवैध भुगतान करवाना चाहते हैं।दूसरी तरफ पंचायत से निर्मित नाला में मानक के विपरीत कार्य के कारण अनुसूचित जाति के लोगों के घरों में नाला का पानी घुस गया है। लोगों का जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया है। माननीय विधायक ने इस कार्य का उद्घाटन किया है। इस कृत्य से ग्रामीणों में काफी आक्रोश व्याप्त है। माननीय अब जनता का विरोध देखकर पुलिस का स्कॉर्ट लेकर घूम रहे हैं।इन सभी मुद्दों को लेकर जिलाधिकारी से मिलकर जांच कर आवश्यक कार्रवाई का आग्रह करूंगा।

लोकतंत्र की आवाज
स्वयत्ताधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक राजेन्द्र कुमार पांडेय एवं समाचार संपादक धर्मजीत कुमार सिन्हा, प्रभारी संपादक ललित किशोर शर्मा व कार्यपालक संपादक शैलेश कुमार के द्वारा आवाज कंप्यूटराईज प्रिंटिंग प्रेस रामनगर नवादा, पिन–805110 से प्रकाशित किया। यह समाचार पत्र मगध की आवाज का दैनिक डिजीटल संस्करण है। मो. नंबर–9525278483, 6200031466, 9934475082, 6204469540, 9431227058 है किसी भी वाद–विवाद का निपटरा नवादा न्यायालय के अधीन होगा।